@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
वीरवार, 27 मार्च 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 135 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## दिल्ली के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी खिलेगा कमलः अमित शाह

नई दिल्ली, 26 मार्च। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है। दिल्ली बच गई थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आ चुका है। अपने बयान में आगे उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर इशारा करते हुए कहा कि अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, और चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत पश्चिम बंगाल में भी आएगा। दिल्ली और पश्चिम बंगाल पर बोलने के बाद अमिक शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर अपना बयान दिया। उन्होंने लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र देश के हर परिवार को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि हर गांव में कोई न कोई सहकारी संस्था होती है, जो कृषि, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार से जुड़ी होती है और देश की प्रगति में योगदान करती है। अमित शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक की खासियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा। साथ ही सामाजिक समावेश बढ़ेगा और नवाचार और अनुसंधान के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का नामकरण इस आधार पर किया गया है क्योंकि यह सहकारिता के एक ऐसे मॉडल पर आधारित है, जिसने पूरी दुनिया को चकित किया। उनका कहना था कि यह नाम एक ऐसे व्यक्ति के सिद्धांतों पर आधारित है, जिन्होंने गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाया और ईमानदारी से सहकारिता के सिद्धांतों को जीवन में उतारा।



# संसद में बोलने नहीं दिया जाताः राहुल गांधी

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 26 मार्च। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण भी अब अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच गया है। बुधवार को नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सदन में उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें सदन में नियमों के अनुसार आचरण करने की नसीहत दी थी। जिस पर हंगामा हो गया। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिकम टैगोर ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, जिन्होंने कथित तौर पर मनरेगा फंडिंग पर सदन में भ्रामक बयान दिया था। अध्यक्ष ओम बिरला को दिए गए अपने नोटिस में टैगोर ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान तमिलनाडु को पिछले पांच महीनों से बकाया 4,034 करोड़ रुपये की मनरेगा फंड जारी करने में देरी पर डीएमके सांसद के कनिमोझी के पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए तथ्यात्मक रूप से गलत बयान दिया। कांग्रेस सांसद ने कहा, पेम्मासानी ने दावा किया कि 7 करोड़ की आबादी वाले तमिलनाडु को उत्तर प्रदेश, जिसकी आबादी 20 करोड़ है, की तुलना में अधिक मनरेगा निधि मिलती है और उत्तर प्रदेश को करीब 10,000 करोड़ रुपये मिलते हैं, जबकि तमिलनाडु को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मिलते हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि जुआ और सट्टा राज्य का विषय है और राज्य सरकारें इन पर कानून बना सकती हैं। दरअसल प्रश्नकाल के दौरान डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच रही है और ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ कानून क्यों नहीं ला रही? उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है। मारन ने पूछा कि सभी ऑनलाइन गेमिंग और सट्टे से संबंधित वेबसाइट को प्रतिबंधित करने में आईटी मंत्रालय को कितना समय लगेगा। इस पर आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दयानिधि मारन को केंद्र सरकार की नैतिकता पर सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है। देश संविधान के अनुसार संघीय ढांचे के तहत काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह राज्य का मामला है और राज्य सरकारें इसे लेकर कानून बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं और 1410 गेमिंग वेबसाइट पहले ही प्रतिबंधित की जा चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश में नक्सली हिंसा में 81 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में 85 प्रतिशत की कमी आई है। राय ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के खतरे को समग्र रूप से संबोधित करने के लिए सरकार ने 2015 में एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने एक लिखित उत्तर में कहा, वामपंथी उग्रवादियों द्वारा हिंसा की घटनाएं जो 2010 में अपने उच्चतम स्तर 1,936 पर पहुंच गई थीं, 2024 में घटकर 374 रह गई हैं, यानी 81 प्रतिशत की कमी आई है। इस अवधि के दौरान कुल मौतों (नागरिकों + सुरक्षा बलों) की संख्या भी 85 प्रतिशत घटकर 2010 में 1,005 से 2024 में 150 हो गई है। मंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान वामपंथी उग्रवादियों द्वारा हिंसा की घटनाएं जो 2019 में 501 थीं, 2024 में घटकर 374 हो गई हैं, यानी 25 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कुल मौतों (नागरिकों और सुरक्षा बलों) की संख्या भी 26 प्रतिशत घटकर 2019 में 202 से 2024 में 150 हो गई है।



## वक्फ संशोधन बिल के विरोध में धरने पर बैठे लालू-तेजस्वी

**कौमी संवाददाता**

पटना, 26 मार्च। पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन जारी है। मुस्लिम संगठनों के लोग गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन कर रहे। इससे राष्ट्रीय जनता दल ने अपना समर्थन दिया। इस प्रदर्शन में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी पहुंचे और मुस्लिम संगठन के नेताओं के धरने पर बैठ गए। इधर, तेजस्वी यादव ने मुस्लिम संगठनों के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरनास्थल पर आए हैं। चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं। हमलोग इस बिल के विरोध में रहेंगे। विपक्ष ने विधानसभा और विधान परिषद में वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। हमलोग इस बिल को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक मानते हैं। कुछ लोग



देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं, और उनकी पार्टी इस कानून को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह भी बताया कि उन्होंने आज सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर इस बिल पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन सदन को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमलोगों किसी भी हाल में नागपुरिया कानून को लागू नहीं होने देंगे। इस देश के संविधान, लोकतंत्र और भाईचारा को बचाने का काम करेंगे। किसी भी हाल में गैरसंवैधानिक बिल को हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे।मुझे खुशी है कि लालू जी का खून मेरे अंदर है। किडनी और हार्ट के ऑपरेशन के बावजूद वह झुके नहीं। ईडी और सीबीआई की दबिश के बावजूद लालू जी ने आज तक सांप्रदायिक शक्तियों के आगे घुटने नहीं टेके। वह बीमार अवस्था में भी आपलोगों के बीच देश विरोधी लोगों के खिलाफ खड़े हैं।

## हिरासत में रहकर सांसद इंजीनियर राशिद संसद सत्र में लेंगे भाग

नई दिल्ली, 26 मार्च। दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख को हिरासत में संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी है। जस्टिस चंद्र धारी सिंह और अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने कहा कि पुलिस राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच सभी दिनों में संसद तक ले जाएगी और वापस जेल ले आएगी। पीठ ने कहा कि जेल से बाहर रहने के दौरान राशिद मोबाइल फोन या लैंडलाइन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे और मीडिया से बातचीत नहीं कर पाएंगे। राशिद 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमे का सामना कर रहे हैं। इंजीनियर राशिद ने कहा कि 10 मार्च के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चार अप्रैल तक लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए हिरासत पैरोल या अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

## कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के लौटने पर दुर्गा मंदिर को गंगाजल से धोया

सहरसा, 26 मार्च। पलायन रोको पदयात्रा के तहत मंगलवार की देर रात बनगांव पहुंचे थे। बनगांव स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया था। बुधवार को गांव के कुछ युवकों ने उसे गंगाजल से धोया। नगर पंचायत बनगांव वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित चौधरी के अगुआई में विष्णु , माखन, आनंद, सुरज, सरोज, बादल ने कहा कि कल रात में कन्हैया कुमार जो देश में विवादित बयान दिया था जो सब को याद होगा। इसी कारण उस पर देशद्रोह का भी आरोप लगा था। उन लोगों ने कहा कि बनगांव के भगवती स्थान में जिस जगह कन्हैया कुमार ने भाषण दी थी, उसे गंगाजल से शुद्ध कर दिया। अब यह स्थान पवित्र हो गया है। इस घटना के बाद सियासत गरमा गई है। कन्हैया कुमार के समर्थक इस घटना विरोध कर रहे हैं। बता दें कि जिस जगह को गंगाजल से धोया गया, वहीं पर मंगलवार की देर रात बनगांव के भगवती स्थान पर स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक पाग, चादर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया था। इधर, सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया। जनसभा को संबोधित करते हुए कन्हैया कुमार ने बिहार सरकार के 19 साल के शासन पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय में भी बेरोजगारी की समस्या जैसी की तैसी है। उन्होंने सरकार से पूछा कि युवाओं को कितनी नौकरियां मिलीं। कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की जो छवि गैंग्स ऑफ वासेपुर में दिखता है न वह बिहार की असली छवि नहीं है। बिहार की असली छवि कुछ और ही है।

# सुप्रिया सुले-रोहित पवार पर गंभीर आरोपः फडणवीस

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 26 मार्च। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता सुप्रिया सुले और रोहित पवार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दोनों एक महिला से जुड़े मामले में उनके कैबिनेट सहयोगी जयकुमार गोरे के खिलाफ साजिश में शामिल थे। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी। सीएम फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और रोहित पवार के बीच एक आरोपी से बातचीत के सबूत हैं। मंत्री गोरे से जबरन वसूली करने के आरोप में महिला, एक रिपोर्टर तुषार खरात और अनिल सुबेधर नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ने सदन को बताया, तीनों ने गोरे के खिलाफ साजिश रची और उनके खिलाफ सबूत हैं। उनके बीच व्हाट्सएप संदेश और कॉल का आदान-प्रदान हुआ। दुर्भाग्य से, एनसीपी (एसपी) के लोग इसमें शामिल थे और मैं यह सबूत के साथ कह रहा हूं। फडणवीस ने कहा कि प्रभाकर राव देशमुख नामक व्यक्ति ने तीनों आरोपियों से 100 से अधिक बार बात की। उसे गोरे के खिलाफ कथित साजिश के वीडियो भेजे गए। फडणवीस ने कहा, सुप्रिया सुले और रोहित पवार ने तुषार खरात को फोन किया और गोरे के खिलाफ बनाए गए वीडियो इन लोगों को भेजे गए। इसकी जांच की जाएगी। दूसरी तरफ, बारामती से लोकसभा सदस्य सुले और अहिल्यानगर के कर्जत-जामखेड से विधायक पवार ने मुख्यमंत्री के आरोप पर प्रतिक्रिया दी। पवार ने कहा कि यह मुद्दा उनके और सुले के पास आया था। उन्होंने स्पष्ट किया, हमें बताया गया कि महिला और पत्रकार को न्याय मिलना चाहिए। हमने एक या दो कॉल किए होंगे। हमने निश्चित रूप से 100-200 फोन कॉल नहीं किए। बता दें कि जयकुमार गोरे महाराष्ट्र सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री हैं। वह पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले में मान निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं। पिछले सप्ताह गोरे ने आरोप लगाया था कि उन पर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला ने मामला निपटाने के लिए उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश की थी। विपक्ष महिला को परेशान करने और उसे आपत्तिजनक तस्वीरें भेजने के आरोपों को लेकर गोरे के इस्तीफे की मांग कर रहा है, जबकि मंत्री ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उन्हें इस मामले में बहुत पहले ही अदालत ने बरी कर दिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने मंत्री गोरे से मामला निपटाने के लिए 3 करोड़ रुपये की मांग की थी। स्थानीय अपराध शाखा ने उसे एक करोड़ रुपये लेते हुए सतारा से गिरफ्तार किया था।



# राणा सांगा पर टिप्पणी करने वाले सपा सांसद के घर करणी सेना का हमला

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

आगरा, 26 मार्च। राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना ने बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए। पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान वहां रखीं कुर्सियां फेंकी गईं। डंडों के साथ तोड़फोड़ कर दी गई। हमले में इंस्पेक्टर घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना हरीपर्वत से अतिरिक्त पुलिसबल आ गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को लाठियां फटकारते हुए खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। बता दें सांसद से घर पर घेराव की तैयारी सुबह से ही की जा रही थी। एत्मादपुर में करणी सेना से पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। वहां भी पुलिस के द्वारा इन्हें रोका गया था। इस बीच दोपहर को बड़ी संख्या में ये लोग सपा सांसद के हरीपर्वत क्षेत्र स्थित आवास तक पहुंच गए। राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा हुआ है। एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली हाईवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस के साथ यहां जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया। रामजीलाल सुमन ने संसद में कहा था कि अगर मुसलमानों को बाबर का वंशज कहा जाता है, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा के वंशज होने चाहिए। हम बाबर की आलोचना करते हैं। लेकिन, हम राणा सांगा की आलोचना क्यों नहीं करते? रामजीलाल के बयान पर जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।




## कार्यपालिका और न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

नई दिल्ली, 26 मार्च। जज के आवास से नकदी मिलने के मामले पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं और दोनों को नियंत्रण और संतुलन के साथ मिलकर काम करना होगा। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अगर न्यायिक नियुक्तियों की व्यवस्था होती तो आज हालात अलग होते। धनखड़ राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का जिक्र कर रहे थे, जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया था। जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से नोटों की गड्डियां मिलने के बाद मंगलवार को राज्यसभा में फिर से राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का मुद्दा उठा। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे पर आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में उन्होंने कहा कि लोग इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं और कल सदन में इसे लेकर काफी अच्छी चर्चा हुई। इस बैठक में नेता सदन जेपी नड्डा और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका की लड़ाई नहीं है।

# आंबेडकर के संविधान का अपमानः मुख्यमंत्री योगी

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 26 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस पार्टी की तीखी आलोचना की। उन्होंने कर्नाटक में धर्म-आधारित आरक्षण को लेकर संवैधानिक परिवर्तनों पर शिवकुमार की हालिया टिप्पणियों को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की विरासत का सीधा अपमान बताया। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण भारतीय राज्यों में हिंदी को लेकर मचाए गए बेवजह के बवाल को वोट बैंक की राजनीति करार दिया। एएनआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में सीएम आदित्यनाथ ने शिवकुमार की संविधान बदलने वाली टिप्पणी को संविधान का अपमान करार दिया। उन्होंने बताया कि संविधान के निर्माण के दौरान आंबेडकर ने धर्म-आधारित आरक्षण को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से धर्म के आधार पर आरक्षण देना बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान का अपमान है। संविधान सभा में चर्चा के दौरान धर्म-आधारित आरक्षण का मुद्दा उठाया गया था और बाबासाहेब ने इसका विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, बाबासाहेब ने कहा था कि आरक्षण उन लोगों को सामाजिक रूप से दिया जाना चाहिए, जो वर्षों से अछूते रहे हैं। इसीलिए भारत के संविधान ने उनके लिए विशेष प्रावधान किए। संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य ने धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध किया, क्योंकि 1947 में देश धार्मिक आधार पर विभाजित हुआ था। उन्होंने कांग्रेस पर आंबेडकर के दृष्टिकोण को बार-बार कमजोर करने का आरोप लगाया और कहा, 1952 से कांग्रेस ने भीमराव आंबेडकर के संविधान में हस्तक्षेप किया है। भाजपा की नीतियों के साथ तुलना करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस ने तीन तलाक का समर्थन किया था, जबकि यह मोदी सरकार थी, जिसने इस प्रथा को समाप्त किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस महिला सशक्तिकरण की बात करती थी, लेकिन तीन तलाक का समर्थन करती थी। क्क्रू मोदी ने इसे समाप्त कर महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण पेश किया। कांग्रेस की विचारधारा को शिवकुमार से जोड़ते हुए आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस ने जो कुछ भी किया है, डीके शिवकुमार उसे दोहरा रहे हैं। कांग्रेस को उसके चरित्र के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए। जब उसने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया, उसने संविधान में कितने संशोधन किए और 1976 में उसने क्या किया। हालांकि, डीके शिवकुमार ने भाजपा पर उनके बयान को गलत तरीके से पेश करने और फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह विशेषाधिकार हनन का मामला दर्ज कराएंगे। शिवकुमार ने कहा था, मैं इस पर विशेषाधिकार हनन का मामला दर्ज कराऊंगा। मैं मुकदमा लड़ूंगा। योगी आदित्यनाथ ने तीन भाषाओं के विवाद को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना की। उन्होंने इसे संकीर्ण राजनीति बताया। सीएम योगी ने कहा कि स्टालिन क्षेत्र और भाषा के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनका वोट बैंक खतरे में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषा को लोगों को एकजुट करना चाहिए, न कि विभाजित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि तमिल भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है, जिसका इतिहास और विरासत समृद्ध है। आदित्यनाथ ने सवाल उठाया कि हिंदी से नफरत क्यों की जानी चाहिए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर भाषा सीखना जरूरी है। मुख्यमंत्री सीएम योगी ने कहा, देश को भाषा या क्षेत्र के आधार पर नहीं बांटा जाना चाहिए। हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने वाराणसी में काशी-तमिल संगम की तीसरी पीढ़ी का आयोजन किया। तमिल भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है और इसका इतिहास संस्कृत जितना ही पुराना है। तमिल के प्रति हर भारतीय का आदर और सम्मान है, क्योंकि इस भाषा में भारतीय विरासत के कई तत्व आज भी जीवित हैं।



## ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो गुझिया भी खानी पड़ेगीः अनुज चौधरी

संभल, 26 मार्च। संभल के सीओ अनुज चौधरी ने पीस कमेटी की बैठक में कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, न कि किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कार्रवाई करना। हम केवल इतना चाहते हैं कि शांति व्यवस्था बनी रहे और कोई भी उपद्रव न हो। सीओ ने कहा कि अगर आप ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी। इससे पहले बैठक में एएसपी श्रीश्चंद ने स्पष्ट किया कि कोतवाली संभल क्षेत्र में मस्जिद और ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। सड़कों पर किसी भी हालत में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है। संभल में संवेदनशील माहौल को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने ईद, नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए। इस दौरान एएसपी श्रीशचंद्र, एसडीएम वंदना मिश्रा शामिल थे। सीओ अनुज चौधरी ने लोगों को शांति बनाए रखने को कहा। होली और जुमे की नमाज को लेकर दिए गए बयान पर उठे विवाद के बीच सीओ अनुज चौधरी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ शांति बनाए रखना था और उन्होंने किसी के खिलाफ कुछ नहीं कहा। बुधवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में सीओ चौधरी ने कहा कि अगर मेरा बयान गलत था तो लोग हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाते, सजा दिलाते। उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने जोर देकर कहा कि वे हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए बराबर काम कर रहे हैं। दरअसल, होली से पहले सीओ चौधरी ने कहा था कि होली साल में एक बार आती है, लेकिन जुमे की नमाज 52 बार होती है। जिसे रंगों से परेशानी हो, वह उस दिन घर में ही रहे। इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया था।

## लुकाशेंको ने सातवीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ, विरोधियों से कहा- तुम्हारा कोई भविष्य नहीं

**मींस्क।** बेलारूस के सत्तावादी राष्ट्रपति अलेक्जेंर लुकाशेंको ने सातवीं बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। राजधानी मिंस्क के इंडिपेंडेंस पैलेस में आयोजित समारोह में हजारों समर्थकों की मौजूदगी में उन्होंने अपने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा, तुम्हारा कोई भविष्य नहीं है। 70 वर्षीय लुकाशेंको, जिन्हें पश्चिमी देश अक्सर यूरोप का आखिरी तानाशाह कहते हैं, ने अपने भाषण में दावा किया कि बेलारूस में उन देशों से अधिक लोकतंत्र है, जो खुद को लोकतंत्र का आदर्श मानते हैं। उन्होंने अपने शासन को जनता के हितों का रक्षक बताते हुए पश्चिमी देशों और विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष किया। हाल ही में हुए चुनाव में लुकाशेंको को 87 प्रतिशत वोटों से विजयी घोषित किया गया, लेकिन विपक्ष ने इसे चुनावी धोखाधड़ी करार दिया। सरकार की कड़ी पकड़ के कारण वास्तविक विपक्षी उम्मीदवार मैदान में नहीं थे, और जो नामांकन में शामिल थे, उन्होंने लुकाशेंको की खुलकर प्रशंसा की। 2020 में विवादित चुनाव के बाद बेलारूस में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिन्हें सरकार ने कठोर दमन के जरिए कुचल दिया। हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, कई विपक्षी नेता निर्वासित हो गए, और मीडिया व सामाजिक संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

## अमेरिकी सेना ने यमन के सादा प्रांत पर हवाई हमले किये

**सना।** अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात यमन के उत्तरी सादा प्रांत पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलों का लक्ष्य सादा के मध्य में सहर जिला था, लेकिन कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। अमेरिकी सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है। सादा ईरान-संबद्ध हूती आंदोलन का मुख्य गढ़ है, जिसने 2014 के अंत में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से राजधानी सना सहित उत्तरी यमन को नियंत्रित किया है। हवाई हमले यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों के खिलाफ चल रहे अमेरिकी अभियान का हिस्सा हैं, जिसे मार्च के मध्य में शुरू किया गया था। हूतियों ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में इजरायली स्थलों और जहाजों को निशाना बनाना जारी रखने और अमेरिकी आक्रमण के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है।



## उत्तरी जाम्बिया में नाव पलटने से 13 लोगों की मौत

**लुसाका।** जाम्बिया के उत्तरी प्रांत लुआपुला में एक नाव पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य बच गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। जिले के आयुक्त गॉडफ्रे चिलाम्बवे ने 'टाइम्स ऑफ जाम्बिया' को यह कहते हुए उद्धृत किया कि दुर्घटना सोमवार सुबह कावाम्बवा जिले में लुएना नदी में तेज बहाव के कारण हुई। उस समय पीड़ित (सभी चीनी कंपनी के कर्मचारी) काम पर जा रहे थे। उनके अनुसार प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि नाव को चलाने के लिए इस्तेमाल की गई छड़ी टूट गई, जिससे पीड़ितों को अपने हाथों का उपयोग करना पड़ा, लेकिन नाव तेज बहाव के कारण पलट गई। उन्होंने कहा कि अब तक केवल नौ शव बरामद किए गए हैं, उन्होंने कहा कि शेष शवों को निकालने में मदद के लिए गोताखोरों को घटनास्थल पर भेजा गया है।



## ब्राजील सुप्रीम कोर्ट ने आरोपों को खारिज करने के पूर्व राष्ट्रपति के प्रयास को किया खारिज

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर वर्ष 2022 के चुनाव परिणामों को पलटने की साजिश रचने के आरोपों को खारिज करने के प्रयास को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया। श्री बोल्सोनारो और सात अन्य पर राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा से हारने के बाद उन्हें सत्ता में बनाए रखने की योजना बनाने का आरोप है। बचाव पक्ष के वकीलों ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किलों को महत्वपूर्ण सबूतों तक पहुँच से वंचित रखा गया और उन्हें राजनीतिक रूप से प्रेरित जाँचों का निशाना बनाया गया। उन्होंने अदालत के अधिकार क्षेत्र को भी चुनौती दी और कहा कि आरोपों को अलग-अलग मामलों में विभाजित किया जाए। मामले पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा कि बचाव पक्ष के पास सबूतों तक पूरी पहुँच थी और उन्होंने दावों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। पांच न्यायाधीशों के पैनल ने सभी प्रस्तावों को खारिज कर दिया। अदालत ने मामले से तीन न्यायाधीशों को हटाने के अनुरोधों को भी अस्वीकार कर दिया और मामले को संभालने के लिए पैनल के अधिकार की पुष्टि की।

# महरंग बलूच की गिरफ्तारी के खिलाफ बढ़ती नाराजगी, बीएनपी-एम का मार्च निकालने का ऐलान

**एजेंसी**

**क्वेटा ।** बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) ने 28 मार्च को वाध से क्वेटा तक लंबे मार्च की घोषणा की। बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और 'अवैध' गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी ने यह ऐलान किया। गिरफ्तार लोगों में बीवाईसी की केंद्रीय आयोजक महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च का नेतृत्व बीएनपी-एम के अध्यक्ष अख्तर मेंगल करेंगे। पार्टी के बयान के अनुसार, बीएनपी-एम की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान एक लंबा मार्च आयोजित करने का फैसला लिया गया। पार्टी ने बलूच महिलाओं पर पाकिस्तानी पुलिस की कार्रवाई की निंदा की। बयान में कहा गया, बीएनपी अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए औपचारिक रूप से अपने विरोध



कार्यक्रम की घोषणा कर रही है। 26 मार्च को पूरे प्रांत में प्रेस क्लबों के सामने विरोध प्रदर्शन के बाद हड़ताल की जाएगी। 28 मार्च को पार्टी नेता अख्तर मेंगल के नेतृत्व में वाध से क्वेटा तक एक लंबा मार्च शुरू होगा। बीएनपी नेता मेंगल ने इस लंबे मार्च की घोषणा करते हुए कहा कि यह आंदोलन पाकिस्तान सरकार के उत्पीड़न, क्रूरता, उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। मेंगल ने एक्स पर कहा, मैं अपनी बेटियों की गिरफ्तारी और हमारी माताओं और बहनों के अपमान के ख़िलाफ वाध से क्वेटा तक एक लंबे मार्च की घोषणा करता हूं। मैं खुद इस मार्च का नेतृत्व करूंगा, सभी बलूच भाइयों, बहनों, युवा और वृद्धों को इस मार्च में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। यह सिर्फ हमारी बेटियों की गिरफ्तारी का मामला नहीं है, यह हमारी राष्ट्रीय गरिमा, हमारे सम्मान और हमारे अस्तित्व का सवाल है। जब तक हमारी माताएं, बहनें और बेटियां सुरक्षित नहीं हो जातीं, हम चुप नहीं रहेंगे। इस बीच सिंध सरकार ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की नेता सम्मी दीन बलूच और चार अन्य को लोक व्यवस्था बनाए रखने (एमपीओ) के तहत 30 दिनों के लिए हिरासत में ले लिया। इससे कुछ समय पहले कराची अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धारा 144 के उल्लंघन से संबंधित एक मामले में चार अन्य कार्यकर्ताओं के साथ दीन बलूच को रिहा करने का आदेश दिया था। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक 'डॉन' से बात करते हुए सम्मी के बचाव पक्ष के वकील जिब्रान नासिर ने कहा कि पांच कार्यकर्ताओं में से केवल सम्मी बलूच को पुलिस ने एमपीओ के तहत 30 दिनों तक हिरासत में रखा, जबकि अन्य चार का ठिकाना अज्ञात है।

# व्हाइट हाउस को झटका, काला सागर समझौते को लागू करने पर क्रेमलिन की शर्त, जेलेंस्की ने कहा-यह धोखा

**एजेंसी**

**वाशिंगटन/मॉस्को/कीव।** व्हाइट हाउस ने पूरे भरोसे के साथ कहा कि यूक्रेन और रूस दोनों ने काला सागर में बल प्रयोग बंद करने पर सहमति जताई है। यह एक सैद्धांतिक समझौता है। इस पर क्रेमलिन ने व्हाइट हाउस को झटका देते हुए कठोरता के साथ कहा कि इसे लागू करने से पहले उसकी कई शर्तें हैं। समझौता तभी लागू होगा, जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी। इस पूरे घटनाक्रम पर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। जेलेंस्की ने मास्को पर नई शर्तें जोड़कर मध्यस्थों को धोखा देने का आरोप लगाया है। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रात्रिकालीन संबोधन में कहा, वे (रूस) पहले से ही समझौतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश कर रहे हैं और वास्तव में हमारे मध्यस्थों और पूरी दुनिया को धोखा दे रहे हैं। हाल के दिनों में सऊदी अरब में अमेरिकी अधिकारियों ने रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के साथ कई अलग-अलग बैठकें कीं।

व्हाइट हाउस ने दो बयान जारी किए। दोनों में रूस और यूक्रेन के साथ हुए समझौते की रूपरेखा का उल्लेख किया। इन बयानों में कहा गया, अमेरिका और संबंधित देशों में से प्रत्येक ने सुरक्षित नेविगेशन सुनिश्चित करने, बल प्रयोग को समाप्त करने और काला सागर में सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के उपयोग को रोकने पर सहमति व्यक्त की है।

# भीषण जंगल की आग मचा रही तबाही, फायर फाइटिंग हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, पायलट की मौत

**एजेंसी**

**उइसोंग ।** दक्षिण कोरिया में भीषण जंगल की आग तबाही मचा रही है। एक फायर फाइटिंग हेलीकॉप्टर बुधवार को दक्षिण-पूर्वी काउंटी उइसोंग में लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई।

कोरिया वन सेवा के अनुसार, हेलीकॉप्टर दोपहर 12:54 बजे सोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित उइसोंग में एक पहाड़ पर गिर गया। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस बीच, बुधवार को अधिकारियों ने जानकारी दी कि दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है, जबकि 10 अन्य घायल हो गए हैं। अग्निशमन कर्मी तेजी से फैल रही आग को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछले दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के सानचियोंग काउंटी में लगी आग पास के उइसियोंग तक फैल गई है। तेज और शुष्क हवाओं



के कारण आग पड़ोस के एंडोंग, चेओंगसोंग, येओंगयांग और येओंगदेओक तक बढ़ रही है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में से दो एंडोंग में, तीन चेओंगसोंग में, पांच येओंगयांग में और छह येओंगदेओक में पाए गए। घायल हुए दस लोगों में से दो को गंभीर चोटें आईं। उइसोंग में फैली आग ने गौन मंदिर को नष्ट कर दिया। सिला राजवंश (57 ईसा पूर्व-935 ई.) के दौरान 681 में बनाया गया यह एक प्राचीन मंदिर था। मंदिर में संग्रहीत राष्ट्रीय खजाने को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। आग बुझाने के लिए हजारों अग्निशमन कर्मियों, दर्जनों हेलीकॉप्टरों और वाहनों को तैनात किया गया है। पिछले शुक्रवार से सेना ने दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में लगी आग से निपटने में मदद के लिए करीब 5,000 सैन्य कर्मियों और 146 हेलीकॉप्टरों को तैनात किया है।

# राष्ट्रपति मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस पर शुभकामनाएं दीं

**एजेंसी**

**ढाका।** भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस पर वहां की जनता को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को पत्र लिखकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वहां के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। बांग्लादेश स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस पत्र को साझा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश में कहा, %%मैं बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आपको और बांग्लादेश की जनता को शुभकामनाएं देता हूं। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह दिन हमारे साझा इतिहास और बलिदान का प्रमाण है, जिसने हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की नींव रखी है। बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम की भावना हमारे संबंधों के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है, जो कई क्षेत्रों में फली-फूली है और हमारे लोगों को ठोस लाभ पहुंचा रही है। हम शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अपनी साझा आकांक्षाओं से



प्रेरित होकर तथा एक-दूसरे के हितों और चिंताओं के प्रति पारस्परिक संवेदनशीलता के आधार पर इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बीच, भारतीय राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन को संदेश भेजकर राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर उन्हें और बांग्लादेश के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत-बांग्लादेश संबंध बहुआयामी हैं, जिसमें व्यापार, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, विकास साझेदारी, बिजली और ऊर्जा, शिक्षा, क्षमता निर्माण, सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे विविध क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले और एक्ट ईस्ट नीतियों, सागर सिद्धांत और इंडो-पैसिफिक विजन के केंद्र में है। भारत लोकतांत्रिक, स्थिर, समावेशी, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए अपना समर्थन दोहराता है।

# दक्षिण कोरिया के जंगल में आग हुई विकराल, 1,300 साल पुराना बौद्ध मंदिर नष्ट, 18 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्व के जंगल में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया है। आग को नियंत्रित करने की कोशिश जारी है। इस दौरान जंगल में स्थित दक्षिण कोरिया का सदियों पुराना बौद्ध मंदिर नष्ट हो गया है। आग में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। कोरियाई बौद्ध धर्म के जोग्ये संप्रदाय ने नष्ट हुए बौद्ध मंदिर की तस्वीरें जारी की हैं। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की खबर के अनुसार, जोग्ये संप्रदाय ने कहा कि देश की राजधानी सियोल से 125 मील (200 किलोमीटर) से अधिक दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित उइसोंग काउंटी में 1,300 साल पुराना गौंसा मंदिर पूरी तरह जलकर राख हो गया है। इसमें केवल इसकी औपचारिक घंटी ही बची हुई है। मगर इस ऐतिहासिक स्थल पर मौजूद कुछ कलाकृतियां बच गई हैं।

दक्षिण कोरिया के आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के



अनुसार, देश के दक्षिणी क्षेत्रों के जंगल में शुष्क हवा और तेज हवाओं के कारण भड़की आग में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं और 19 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में चार दमकल कर्मचारी भी शामिल हैं। आग लगातार फैल रही है। आग बुझाने के लिए 10,000 से अधिक अग्निशमन कर्मियों, पुलिस और सिविल सेवकों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तक आग ने 17,398 हेक्टेयर (लगभग 43,000 एकड़) से अधिक भूमि को जला दिया।

दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने कहा कि हाल के वर्षों में देश में यह सबसे भीषण आग है। इससे भारी क्षति हुई है। हान ने कहा कि यह चिंताजनक है। द कोरिया हेराल्ड अखबार के अनुसार, केंद्रीय आपदा एवं सुरक्षा प्रतिवाद मुख्यालय की ब्रीफिंग में कहा गया है कि आग में बुधवार सुबह तक कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है। 19 लोग झुलसे हैं। एक व्यक्ति लापता है। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के 14 लोग मारे गए हैं, जबकि दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के चार लोगों की जान चली गई है।

# पाकिस्तान में वरिष्ठ पत्रकार वहीद मुराद का अपहरण

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार वहीद मुराद को आज तड़के राजधानी इस्लामाबाद स्थित आवास से कथित तौर पर अगवा कर लिया गया। विदेश में रह रहीं उनकी पत्नी ने आरोप लगाया कि नकाबपोश व्यक्तियों का समूह रात करीब 2 बजे उनके घर पहुंचा। यह लोग मुराद पर अफगान होने का आरोप लगाते हुए उसे जबरदस्ती उठा ले गए। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार के अनुसार, मुराद की पत्नी ने कहा कि उसके पति ने अफगान होने के दावे से इनकार किया और सबूत के तौर पर अपना पहचान पत्र दरवाजे के नीचे सरका दिया। इस बीच नकाबपोश जबरन घर के अंदर घुस गए। उन्होंने कहा कि मुराद और उनकी मां दोनों के फोन मोबाइल जब्त कर लिए। इसके बाद उसे एक काले रंग के वाहन में डालकर ले गए। पारिवारिक सूत्रों ने पुष्टि की कि मुराद को सेक्टर जी-8 में चमन रोड से अगवा किया गया है। इस बीच मुराद की सास ने अधिवक्ता इमान मजारी और हादी अली चट्ठा के माध्यम से लापता



पत्रकार की बरामदगी के लिए याचिका दायर की। याचिका में आंतरिक सचिव, रक्षा सचिव, इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक और कराची कंपनी पुलिस स्टेशन के एसएचओ को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि नकाबपोशों के साथ दो पुलिस वाहन भी देखे गए।

# रियाद में यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता खत्म, काला सागर में नौवहन व ऊर्जा केंद्रों की सुरक्षा पर फोकस

**एजेंसी**

**रियाद ।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में यूक्रेनी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता का एक और दौर खत्म हो गया। समाचार एजेंसी के अनुसार, यह वार्ता सोमवार को रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई।

व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई। बयान के अनुसार, अमेरिका और यूक्रेन ने काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने, बल का उपयोग खत्म करने और सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के इस्तेमाल को रोकने पर सहमति जताई है। इसके अलावा, अमेरिका ने युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और



जबरन स्थानांतरित किए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद करने का वादा किया। दोनों पक्षों ने रूस और यूक्रेन की ऊर्जा केंद्रों पर हमलों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुए समझौते को लागू करने के उपायों पर सहमति जताई। वे स्थायी शांति हासिल करने के लिए काम जारी रखने पर भी सहमत हुए। बयान में दोनों युद्धरत पक्षों से हत्याएं रोकने का आग्रह किया गया और इसे स्थायी शांति समझौता प्राप्त करने की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया गया। बयान में अमेरिका ने इन चर्चाओं की मेज़बानी और सुविधा प्रदान करने के लिए सऊदी अरब का धन्यवाद भी किया। यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वाशिंगटन के साथ वार्ता के मुख्य परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका के साथ सहमति के तहत, काला सागर के पूर्वी हिस्से के बाहर रूसी सैन्य जहाजों की कोई भी गतिविधि क्षेत्र में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का उल्लंघन करेगी और यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनेगी। इसके जवाब में, यूक्रेन अपने आत्मरक्षा का अधिकार इस्तेमाल करेगा। यूक्रेनी रक्षा मंत्री उमरोव ने बताया कि सभी पक्ष वार्ता में ऊर्जा और समुद्री समझौतों को लागू करने में तीसरे देशों के सहयोग का स्वागत करते हैं। मंत्री ने व्यवस्थाओं को सही तरीके से लागू करने के लिए अतिरिक्त तकनीकी सलाहकार बैठकें आयोजित करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

# मिस्र और स्पेन ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियान को किया खारिज

**एजेंसी**

**काहिरा ।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों को खारिज कर दिया। समाचार एजेंसी ने मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के हवाले से बताया कि दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने गाजा में तत्काल युद्ध विराम की आवश्यकता, इजरायली जमीनी घुसपैठ को समाप्त करने और मानवीय सहायता की आपूर्ति को सुनिश्चित करने की बात की। सीसी ने फिलिस्तीनियों को उनकी भूमि से विस्थापित करने के किसी भी प्रयास के प्रति मिस्र के विरोध की पुष्टि की। बयान के अनुसार, सांचेज ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए अरब नेतृत्व वाली योजना का समर्थन किया और फिलिस्तीनियों के जबरन विस्थापन या उनके उद्देश्य को कमजोर करने के किसी भी कदम को अस्वीकार करने



में मिस्र के साथ स्पेन की स्थिति को रेखांकित किया। स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में मिस्र के राष्ट्रपति के साथ अपनी चर्चा की पुष्टि की और युद्ध विराम की तत्काल बहाली तथा दो-राज्य समाधान के आधार पर क्षेत्र में शांति और स्थिरता प्राप्त करने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने का आह्वान किया। सांचेज ने कहा, विनाश और मौत का यह दुखद चक्र अवश्य समाप्त होना चाहिए। दोनों नेताओं ने सीरिया और लेबनान की स्थिति पर भी चर्चा की तथा दोनों देशों की स्थिरता एवं क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने की जरूरत पर बल दिया। इजरायल ने 19 जनवरी को हमास के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के विफल होने के बाद 18 मार्च को गाजा में हमले फिर से शुरू किए। इसके बाद इजरायली सेना ने गाजा के दक्षिणी, उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में जमीनी अभियान शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस संघर्ष में 792 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## लेबनान में इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर की मौत

**बेरूत/यरूशलेम।** दक्षिणी लेबनान के नबातिह में इजरायली ड्रोन हमले में लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर की मौत हो गई। लेबनान के सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने ककाइयात अल-जिसर (गांव) में एक नागरिक वाहन पर हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और कार में आग लग गई।

# नेपाल में राजशाही की वापसी की फिराक में ज्ञानेन्द्र शाह, काठमांडू में 28 मार्च को शक्ति प्रदर्शन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी का मिला साथ

**एजेंसी**

**काठमांड।** नेपाल में पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के राजशाही के वापसी के लिए किए जा रहे प्रयासों के समर्थन में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने एक माह के देशव्यापी आंदोलन के अपने कार्यक्रम की घोषणा की है। पार्टी इस अवधि में मौजूदा सरकार के खिलाफ विरोध सभा, धरना और प्रदर्शन करेगी। पार्टी 28 मार्च को काठमांडू में पूर्व राजा के समर्थन में होने वाले शक्ति (जन) प्रदर्शन में जोर-शोर से हिस्सा लेगी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी की दो दिनों तक चली आंदोलन समिति की बैठक के बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। आंदोलन परिचालन समिति के संयोजक बनाए गए सासंद धवल शमशेर राणा ने आज सुबह संवाददाता सम्मेलन में रूपरेखा को सार्वजनिक किया है। राणा के मुताबिक सबसे पहले 28 मार्च को काठमांडू में होने वाले जन प्रदर्शन में शाह के समर्थन में सड़कों पर उतरा जाएगा। पूर्व राजा ने नवराज सुवेदी के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है जिसके भीतर सभी राजसंस्था समर्थक राजनीतिक दल, संघ संगठन, समूह को शामिल किया गया है। 28 मार्च को नेपाल के विपक्षी दलों का मोर्चा भी राजसंस्था के विरोध में प्रदर्शन करने की तैयारी




है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने 8 अप्रैल को काठमांडू में आमसभा करने की घोषणा की है। इस आमसभा में काठमांडू और आसपास के 10 जिलों से लोगों को बुलाकर प्रदर्शन करने की जानकारी दी गई है। राप्रपा के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन ने कहा कि इस सभा के लिए पार्टी आज से जनसंपर्क अभियान शुरू कर आम लोगों से इस आंदोलन से जुड़ने की अपील करने वाली है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक देश के सभी प्रमुख शहरों में आमसभा, जुलूस प्रदर्शन और जिला प्रशासन मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का कार्यक्रम है। इसके बाद 20 अप्रैल से काठमांडू केंद्रित आंदोलन को आगे बढ़ाने की राप्रपा की योजना है। धवल शमशेर राणा ने कहा कि 20 अप्रैल से काठमांडू हर दिन कोई न कोई आंदोलन का कार्यक्रम रखा गया है। आंदोलन के आखिरी चरण में राजदरबार के भीतर जाकर वहां प्रदर्शन करने की बात कही गई है। राणा ने बताया कि 24 अप्रैल को नारायणहिटी राजदरबार के आगे लाखों नेपाली जनता को उतारकर दरबार के भीतर राज को स्थापित करने की योजना है। 24 अप्रैल को ही तत्कालीन राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने निरंकुश राजशाही के अंत की घोषणा करते हुए लोकतंत्र की पुनर्बहाली की घोषणा इसी दरबार से की थी। बाद में सरकार ने राजा ज्ञानेन्द्र और उनके पूरे परिवार को राजदरबार खाली करने का आदेश दिया। इसके बाद ज्ञानेन्द्र शाह ने अपने परिवार सहित नारायणहिटी दरबार खाली कर दिया था।

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814

**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# ईडी ने अंबर दलाल की 36.21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

एजेंसी

**नई दिल्ली/मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 600 करोड़ रुपये के ट्रेडिंग घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अंबर दलाल की 36.21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी की मुंबई आंचलिक कार्यालय ने 21 मार्च 2025 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत अंबर दलाल एवं अन्य के मामले में 36.21 करोड़ रुपये (करीब) मूल्य की विभिन्न व्यक्तियों की संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है। इनमें मुंबई और कोलकाता में स्थित 10 अचल संपत्तियां तथा एफडीआर, शेयर, म्यूचुअल फंड, वैकल्पिक फंड में निवेश के रूप में चल संपत्तियां भी अनंतिम रूप से शामिल है। उल्लेखनीय है कि मुंबई स्थित वित्तीय सलाहकार अंबर दलाल और उनकी कंपनी रिट्ज कंसल्टेंसी सर्विसेज पर कथित तौर पर पोंजी स्कीम के माध्यम से 1,300 निवेशकों से 600 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है।

# विकसित दिल्ली की दिशा में यह बजट एक मील का पत्थर: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक क्षेत्र से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को संतुलित, जनहितकारी और विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी है, जिसमें दिल्ली के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। विकसित दिल्ली की दिशा में यह बजट एक मील का पत्थर है। कैट के महामंत्री खंडेलवाल मंगलवार को दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये के प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह बजट दिल्ली की आर्थिक प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की रेखा गुप्ता की सरकार ने व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित बजट प्रस्तुत किया है। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि बजट में व्यापार और उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए नए प्रावधान किए गए हैं, जिससे दिल्ली के व्यापारियों और उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

## चीन ने नहीं हैक किया भारतीय सेना का विमान

नई दिल्ली, 26 मार्च। भारतीय सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि सेना के एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) को चीन द्वारा हैक कर लिया गया था। सेना ने मीडिया हाउस और सोशल मीडिया यूजर्स से अपुष्ट और भ्रामक सामग्री प्रकाशित करने से बचने की अपील की है। हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया था कि भारतीय सेना का एक आरपीए चीनी क्षेत्र में भटक गया था और इसे चीनी हैकर्स ने हैक कर लिया था। इस पर सेना के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि यह दावा पूरी तरह से आधारहीन और तथ्यात्मक रूप से गलत है।

# आईसीएमआर ने ड्रोन से पहुंचाया मानव कॉर्निया, सोनीपत से झज्जर की दूरी 40 मिनट में की पूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने मानव कॉर्निया और एमनियोटिक झिल्ली ग्राफ्ट को ड्रोन के माध्यम से सफलतापूर्वक पहुंचाने का काम किया है। ड्रोन ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल (सोनीपत केंद्र) से कॉर्निया के ऊतकों को राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई), एम्स झज्जर तक पहुंचाया। दोनों शहरों के बीच की दूरी ड्रोन के जरिए लगभग 40 मिनट में तय की गई, जिसे सड़क मार्ग से तय करने में आमतौर पर 2-2.5 घंटे लगते हैं। मानव कॉर्निया को बाद में एम्स दिल्ली लाया गया। इस सफल परीक्षण के बाद मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि आई-ड्रोन प्लेटफॉर्म की कल्पना मूल रूप से



कोविड-19 महामारी के दौरान दूरदराज के क्षेत्रों में टीके पहुंचाने के लिए की गई थी। तब से, हमने अपने प्रयासों को आगे बढ़ाया है और इसमें अधिक-ऊंचाई और सब-जीरो वाले स्थानों पर रक्त उत्पादों और आवश्यक दवाओं की कम तापमान वाली डिलीवरी शामिल की। यह कॉर्निया परिवहन संबंधी अध्ययन इस दिशा में एक और कदम है। इससे समय पर प्रत्यारोपण सुनिश्चित हो सकेगा और अत्यधिक बोझ वाले तृतीयक अस्पतालों पर दबाव को कम करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के नवाचार द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। ड्रोन-आधारित हेल्थकेयर लॉजिस्टिक्स एक भविष्य हैं और भारत इसे उन क्षेत्रों में लागू करके अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जहां जीवन बचाना और दृष्टि बहाल करना सबसे अधिक मायने रखता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्वास्थ्य और विमानन क्षेत्रों के बीच यह सहयोग तकनीक-सक्षम सामाजिक प्रभाव का एक प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कॉर्निया डिलीवरी के लिए ड्रोन का उपयोग घरेलू समाधानों का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को हल करने की भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। ड्रोन भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में समय पर चिकित्सा वितरण के लिए एक स्केलेबल समाधान प्रदान करते हैं।

# गालिब एकेडमी में सौगात-ए-मोदी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जरिए हजरत निजामुद्दीन स्थित ग़ालिब एकेडमी में 'सौगात-ए-मोदी' किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा चिन्हित किए गए 200 जरूरतमंद लोगों को 'सौगात-ए-मोदी किट' वितरित की गई। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीस अब्बासी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसएम अकरम, सूफ़ी संवाद अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ असलम, यासिर जिलानी, सौगात-ए-मोदी अभियान दिल्ली के प्रभारी इरफान सलमानी देहलवी, सह प्रभारी इमतियाज अहमद, कमाल बाबर, बबलू मंसूरी, फहीम सैफी, नईम सैफी, फैसल मंसूरी सहित बड़ी संख्या में मोर्चे के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सौग़ात-ए-मोदी अभियान के ज़रिए ईद पर 32 लाख जरूरतमंदों तक पहुंचने की योजना बनाई है। इस मौके पर मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में भारत सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। मोर्चे के 32 हज़ार पदाधिकारी 32 हज़ार मस्जिदों से सम्पर्क कर 32 लाख जरूरतमंदों को सौग़ात-ए-मोदी किट के माध्यम से उपहार स्वरूप ज़रूरत की चीजें पहुंचाएगा। किट में खाद्य सामग्री के अलावा कपड़े, सेवई, खजूर, मेवे और चीनी शामिल है। महिलाओं के लिए किट में सलवार-सूट का कपड़ा होगा, जबकि पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा शामिल है।

# पलवल के हिंद टर्मिनल से पहली डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन को दिखाई गई हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के माल परिवहन और लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम देते हुए पलवल में हिंद टर्मिनल लॉजिस्टिक्स पार्क से पहली डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई और टर्मिनल को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तेज़ रेलमार्ग से जोड़ दिया गया। यह उद्घाटन उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय रेल और निजी लॉजिस्टिक भागीदारों के बीच बढ़ रहे सहयोग को रेखांकित करता है। डीएफसीसीआईएल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस नई कनेक्टिविटी के माध्यम से देश के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर माल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रेलवे की देश के माल परिवहन में हिस्सेदारी बढ़ेगी। अब हिंद टर्मिनल्स लॉजिस्टिक्स पार्क पलवल स्थित अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) क्षेत्र के निर्यातकों और आयातकों को प्रतिस्पर्धी डोर-टू-डोर मूल्य निर्धारण प्रदान करने में सक्षम होगा, जो फिलहाल सड़क मार्गों का उपयोग कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप खाद्यान्न, जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं, औद्योगिक उत्पादों



और लघु उद्योग के उत्पादों सहित आवश्यक वस्तुओं की कुशल आवाजाही सुनिश्चित होगी। रेल लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने से उद्योग बढ़ेगा और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

# देश में निर्मित पहली एमआरआई मशीन दिल्ली के एम्स में लगेगी


एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने अपनी पहली स्वदेशी 'मैग्नेटिक रेज़ोनेंस इमेजिंग'( एमआरआई ) मशीन विकसित की है। इसे जल्दी ही दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में स्थापित किया जाएगा। इसी साल अक्टूबर में यह मशीन काम करना शुरू कर देगी। फिलहाल, इसका ट्रायल शुरू हो जाएगा लेकिन अक्टूबर से इसका इस्तेमाल आधिकारिक तौर पर शुरू किया जाएगा। इस मशीन से कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों की जांच सस्ती हो सकेगी। इस संबंध में एम्स और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत आने वाला सोसायटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (समीर आरएनडी) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस कदम का उद्देश्य उपचार लागत और आयातित चिकित्सा उपकरणों पर निर्भरता को कम करना है, क्योंकि वर्तमान में 80-85 प्रतिशत उपकरण आयात किए जाते हैं। स्वदेशी एमआरआई मशीन भारत को चिकित्सा प्रौद्योगिकी में अधिक आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। इस मौके पर एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि संस्थान आज अपनी पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन स्थापित कर रहा है। इसका लाभ यह होगा कि हम सर्वोत्तम वैश्विक उपकरणों का उपयोग करते हुए, स्वदेशी मशीन के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया दे सकेंगे। इससे मशीन बनाने वाली कंपनी समीर आरएनडी और संबंधित संस्थानों को आवश्यक परिवर्तन करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उपकरण हैं। एमआरआई स्कैन के लिए शक्तिशाली चुंबकों, रेडियो किरणों और कंप्यूटर का प्रयोग किया जाता है, जिसकी मदद से शरीर की जानकारी को विस्तृत तस्वीरों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। इस परीक्षण का उपयोग हड्डियों, मांसपेशियों, मस्तिष्क पदार्थ, जोड़ों, धमनियों और बहुत कुछ को देखने के लिए किया जा सकता है। एमआरआई सबसे कम हानिकारक परीक्षणों में से एक है और इसका उपयोग दुनिया भर के डॉक्टर सटीक निदान और उपचार योजना बनाने के लिए करते हैं।

# लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पास हुआ आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पास कर चुकी है। इसके साथ ही विधेयक को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई। गृहमंत्री अमित शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन)विधेयक-2024 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सदस्यों को आश्वस्त कराया कि इससे संघीय ढांचे को नुकसान नहीं होगा। सरकार की मंशा आपदा की लड़ाई में केंद्र, राज्य सरकार, पंचायत और प्रत्येक नागरिक को जोड़ने की है। उन्होंने कहा, ÷अब, चिंताओं को व्यक्त किया जा रहा है कि शक्ति का केंद्रीकरण होगा। यदि आप पूरे बिल को ध्यान से पढ़ते हैं तो कार्यान्वयन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जिला आपदा प्रबंधन के साथ है जो राज्य सरकार के अधीन है। इसलिए कहीं भी संघीय संरचना को नुकसान पहुंचाने की कोई संभावना नहीं है। अमित शाह ने



कहा कि विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन से जुड़ी लड़ाई को प्रतिक्रिया से आगे बढ़कर समय-पूर्व बचाव और उससे भी आगे जाकर इसमें नवाचार और सहभागिता को शामिल करना है। एनडीआरएफ पर लोगों के विश्वास बटालियन काम कर रही हैं। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन मैं कह सकता हूँ कि एनडीआरएफ के भगवा रंग के कपड़े लोगों को यह विश्वास दिलातें हैं कि यह आ गए, अब हम बच जाएंगे। गृहमंत्री ने इस दौरान आपदा राहत पर पक्षपात के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग ने आपदा राहत को लेकर एक वैज्ञानिक तंत्र तैयार किया है। मोदी सरकार इस तंत्र के तहत कार्य कर रही है और किसी को भी काम या ज्यादा नहीं दिया गया है। इस दौरान गृहमंत्री ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्तर पर बढ़ती साख का उल्लेख किया। गृहमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में हम राष्ट्रीय स्तर से ग्लोबल पावर बनकर उभरे हैं। भारत की पहल पर बने आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन के आज 42 देश और 7 अंतरराष्ट्रीय

भारत की इस सफल कहानी को लंबे समय तक बनाने रखने के लिए लाया गया है। शाह ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2004-14 में एसडीआरएफ का बजट सिर्फ 38 हजार करोड़ था, जबकि मोदी सरकार में वर्ष 2014-24 में बढ़कर एक लाख 24 हजार करोड़ हो गया। इसी तरह एनडीआरएफ का बजट वर्ष 2004-14 में 28 हजार करोड़ था, जबकि मोदी सरकार में 2014-24 में बढ़कर 80 हजार करोड़ करने का काम किया गया। शाह ने कहा कि पूरे संसार में सबसे अच्छा कोविड प्रबंधन भारत में हुआ है। पूरा विश्व आज इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। कोविड आते ही हमने वैक्सीन बनाने की शुरुआत की। कांग्रेस शासन के समय के कई रोगों का बना हुआ वैक्सीन लगाने में 20-20 साल, दो-दो पीढ़ियां निकल गईं।


**NAME CHANGE**
I hitherto known as ANVITA RAJ D/O RAJESH SRIVASTAVA W/O DHRUV SAKSENA R/O 701, HIGHLAND APARTMENTS VASUNDHARA ENCLAVE DELHI-110096 have changed my name and shall hereafter be known as ANVITA RAJ SAKSENA.

**NAME CHANGE**
I, SANJAY KUMAR, S/O UCHESHWAR PRASAD SINGH, R/o S-156, SCHOOL BLOCK, NEAR SHIV MANDIR, SHAKARPUR, East Delhi, Delhi-110092, have changed my name to SANJAY SINGH for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, RAM CHANDER S/o BANARSI LAL R/o AA-140, Shalimar Bagh, Delhi - 110088 have changed the name of my minor son from MICHEAL RAWAL to MIKHAIL RAWAL aged 13 years and he shall hereafter be known as MIKHAIL RAWAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, TINKU KUMAR S/o SUKHBEER SINGH Residing at 19/20, Dakshnipuri, Dakshinpuri Phase – I, South Delhi, Delhi – 110062 have changed the name of my minor Son AKHIL KUMAR aged 9 years and he shall hereafter be known as YASHDEEP.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as MILTON AZHINAKKAL HORMESE S/O A.M HORMESE R/O FLAT NO-F3 PLOT NO-A29, FIRST FLOOR, SHALIMAR GARDEN EXT.-2, SHAHIBABAD, PO SAHIBABAD DISTT. GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201005 have changed my name and shall hereafter be known as MILTON A HORMESE.

**NAME CHANGE**
I, DEVSUNDER DEVI is legally mother of No. 15754614P Rank- SIGMN Name- PRABHASH KUMAR, Unit-14CESR, R/o VPO-KATAIYA MAHE, PS-PIPRA, DIS-SUPAUL, PIN CODE -852131, have changed my date of birth from 19/03/1968 instead of 01/01/1967 Vide Affidavit Dated 26/03/2025 Before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I, 14864327X Rank-NK Name-TOMAR MANISH SURENDRASINH UNIT ADD.-672 (I) TPT PL ASC (TKTPTR) C/O 56 APO, PIN-905672, R/o VILL- SAVITRI NAGAR, POST-KUBER NAGAR, TEH- AHMEDABAD, DISTT-AHMEDABAD, STATE-GUJRAT-PIN-382340 have changed my daughter name from DRASHTY to DRASHTY MANISH TOMAR for all future purposes. Vide affidavit dated 24.03.2025 Before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SAVITHRY K is legally mother of No. JC-390604W Rank- NB SUB Name- SUNIL S V, R/o SUNIL BHAVAN, VILL- PALLICKAL, PO- PAKALKURY, TEH-CHIRAYIN-KEEZHU, DIST-THIRUVANANTHAPURAM, (KERALA)-695604 have changed my name from SAVITHRY K to K SAVITHRI for all future purposes. Vide Affidavit Dated 25/03/2025. Before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SWETA DEVI spouse of No.GS-189421K Rank-LDC , Name- SONU KUMAR SAH UNIT- HQ DGBR SEEMA SADAK BHAWAN, RING ROAD DELHI CANTT, NEW DELHI-110010, R/o VILL & POST-SARAIYA, PS-SAHEBGANJ, DISTT-MUZAFFARPUR, STATE- BIHAR, PIN-843127 have changed my name from SWETA DEVI to SHWETA KUMARI and I have changed my date of birth from 13.07.1992 to 05.08.1996 for all future purposes. Vide affidavit dated 24.03.2025 Before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. 4008583F Rank-L/NK Name-AJAY SINGH, S/O KARNAIL SINGH R/o VILL-BUDWAL, PO-KHOUR, TEH-KHOUR, DIST-JAMMU (J&K)-181203 have changed my minor son name from SHIVYANSH CHIV to SHIVYANSH CHIB for all future purposes. Vide Affidavit Dated 26/03/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. JC-333944A Rank- SUBEDAR Name- S MAHESWARARAO SARAGADA R/o DOOR NO-4-79, VILLAGE -PATHA CHERUKUPALLI, POST - CHITTIVALASA, MANDAL- BHOGAPURAM, DISTT- VIZIANAGARAM, STATE- ANDHRA PRADESH, PIN-531162 have changed my son name from SSSG SUDHEER KUMAR to SARAGADA SURYA SAI GANESH SUDHEER KUMAR for all future Purposes. Vide affidavit dated 01.03.2025 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**
I, JASODA BISWAS is legally mother of No. JC-392485K Rank- NB SUB Name- AVIJIT BISWAS, Unit-12 WEU, R/o VILL-GARIBPUR, PO-NATNA, TEH-TEHATTA, DIST-NADIA (WEST BENGAL)-741160 have changed my name from JASODA BISWAS to JASHODA BISWAS for all future purposes, Vide Affidavit Dated 26/03/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SHANI S/O OMPAL R/O TAJPUR TIGRA, POST SHAHPUR TEHLA, TEHSIL PATIYALI, DIST KASGANJ, UP-207244 have changed my name and shall hereafter be known as PRASHANT KUMAR.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as BEENU DEVI W/O MADAN LAL R/O Hasanpur Jharautha Tahsil- Mahavan, Hasanpur Mathura, Uttar Pradesh-281301 have Changed my name and shall hereafter be known as BEENA DEVI

**NAME CHANGE**
I, Narender Pal Singh S/O Kartar Singh R/O 4/50, Block- 4, Ramesh Nagar H.O, West Delhi, Delhi- 110015, have changed my name and shall hereafter be known as Narinder Pal Singh.

**NAME CHANGE**
I, Sanjina Vij D/O Indarpal W/O Shyam Sachdev R/O S 160 3rd Floor Block S, Greater Kailash Part 2 South Delhi 110048 have changed my name to Sanjna Sachdev for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, NO-15713916M, Rank-L/NK Name-SUNIL JAT residing at VPO-KATKUT, DIST-KHARGONE, MADHYA PRADESH-455115, in my service record my father's (RAJARAM JAT) date of birth wrongly mentioned as 01/07/1954 instead of his correct date of birth as 01/01/1970 vide Affidavit dated 26/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Sandeep S/o Mahangilal Ratan Yadav R/O H NO U-60/31, U block DLF phase 3 Gurgaon Haryana 123028 Have changed my name to Sandeep Mahangilal Yadav for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I KHURSHID W/O IRSHAD VARSI R/O H.N0-95 GALI N0-4 JAGMAL ENCLAVE, AGWANPUR FARIDABAD-121003 HAVE CHANGE MY NAME TO KHURSHID VARSI FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, Sonam D/O Kapoor Singh W/O Yugdeep Bangar R/O 265, Sector 4, Rohtak, Haryana 124001, declare that the name of my mother has been wrongly written as Sunita Devi in my education documents. The actual name of my mother is Sangita. which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I IRSHAD S/O ALI VARSI R/O H.N0-95 GALI N0-4 JAGMAL ENCLAVE, AGWANPUR FARIDABAD-121003 HAVE CHANGE MY NAME TO IRSHAD VARSI FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I HIMANSHU S/O KARTAR SINGH R/O H.N0-560 BAZAR MOHALLA, TUGHLAKABAD VILLAGE DELHI-110044 HAVE CHANGE MY NAME TO HIMANSHU BIDHURI FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I AFHAMUL HASAN S/O SHAMSUL HASAN R/O F-28 ABUL FAZAL ENCALVE PART-1, JAMIA NAGAR,DELHI-110025 HAVE CHANGE MY NAME TO SYED AFHAM UL HASAN FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, NO-15713916M, Rank-L/NK Name-SUNIL JAT residing at VPO-KATKUT, DIST-KHARGONE, MADHYA PRADESH-455115, have changed my mother's name from MISHRI JAT to MISAR for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1957 instead of her correct date of birth as 01/01/1974 vide Affidavit dated 26/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, CHARU BISHAMBER SHARMA S/O BISHAMBER NATH SHARMA R/O F-40, FIRST FLOOR, F-BLOCK, VIPUL WORLD, SECTOR-48, GURGAON, HARYANA-122018, HAVE CHANGED MY NAME TO CHARU SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, Neelabai Mother of No.4582256N, Rank L/NK Shirsath Ratan Latkan, residing at Plot no.11/1, Shourya House, Ekta Nagar, Sakri Road, Behind Sinchan Bhavan, Dist.Dhule, Maharashtra-424001 have changed my name from NeelaBai to LilaBai Latkan Shirsath and Date of birth 01/01/1948 vide affidavit dated 19.02.2025 executed before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SANDEEP KHULLAR S/O KRISHAN CHAND KHULLAR R/O T3-10C,OZONE PARK APARTMENTS, SECTOR-86, FARIDABAD HARYANA-121002, HAVE CHANGE MY MINOR DAUGHTER NAME BHAVYYA KHULAR TO BHAVYYA KHULLAR FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I ANUP S/O JOGINDER LOHIA R/O HNO 88 BHUBHALIYA MOHALLA AYA NAGAR NEW DELHI 110047 HAVE CHANGED MY NAME TO ANUP LOHIA

**NAME CHANGE**
I Sharda Mother of No: 15727652F Rank: SIGMN Name: Shinde Rameshwar Krishna residing at Vill-Chaklamba, PO-Chaklamba, Teh-Georai, Dist-Beed, Maharashtra-431130, have changed my name from Sharda to Sharda Krishna Shinde for all future purposes. That both name Sharda and Sharda Krishna Shinde pertain to one and same person. Vide Affidavit No. DL56986665804404X dated 25 Mar 2025

**NAME CHANGE**
I, No 15727652F SIGMN Shinde Rameshwar Krishna is legal father of Atharv Rameshwar Shinde presently residing Vill-Chaklamba Teh-Georai, Distt - Beed, State- Maharashtra PIN-431130 have changed my Son name Athrav Rameshwar Shinde to Atharv Rameshwar Shinde for all future purposes.That both name Athrav Rameshwar Shinde and Atharv Rameshwar Shinde pertain to one and the same person.vide Affidavit No. DL56231237563491X dated 24 mar 2025

**NAME CHANGE**
I, ANUSHKA GUPTA D/O Anurag Gupta R/O H. No. H-227, 1st Floor, Rama Krishna Vihar, Plot No.29, Patparganj, I P Extension, Delhi-110092 declare that name of mine has been wrongly written as Tanishka in my LIC Policy No. 56294608. The actual name of mine is ANUSHKA GUPTA.

**NAME CHANGE**
I SAIFF ALI S/O MD SAFFIC R/O B-26/5 OKHLA VIHAR, JAMIA NAGAR,DELHI-110025 HAVE CHANGE MY NAME TO SAIF ALI FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I REKHA KUMARI W/O SOURABH GOYAL R/O H-5/18 T/F BLOCK H PLOT NO 18 KRISHNA BAGAR EAST DELHI 110051 HAVE CHANGED MY NAME TO REKHA GOYAL

**NAME CHANGE**
I PRIYANSHU S/O GAURAV SHARMA R/O WZ-639 A/B STREET NO-2 SRI NAGAR RANI BAGH NORTH WEST DELHI 110034 HAVE CHANGED MY NAME TO PRIYANSHU SHARMA

**NAME CHANGE**
I, JC-541623F, Rank- SUB MAJ Name- GOPAL SINGH S/o KHEEM SINGH residing at SANTI KUNJ-I, ROAD NO-03, P.O.- PEERUMADARA, TEHSIL-RAMNAGAR, DIST-NAINITAL, UTTRAKHAND-244715, have changed my mother's name from UMA KARAKOTI to UMA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 26/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NASRA D/O AFROZ ALAM residing at A-20/156-A, DDA FLAT, INDER LOK, DELHI-110035 have changed my name to NASHRA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SAPNA Wife of JC-702426M Rank-SUB Name-SANJIT KUMAR PANDEY R/o VPO-NEW MIRGAUTI, TEHSIL-NEW RAMNAGAR, DIST-SATNA, MADHYA PRADESH-485881, have changed my name from SAPNA to SAPNA PANDEY for all future purposes vide Affidavit dated 26/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Krishna Father of No: 15727652F Rank: SIGMN Name: Shinde Rameshwar Krishna residing at Vill-Chaklamba, PO-Chaklamba, Teh-Georai, Dist-Beed, Maharashtra-431130, have changed my name from Krishna to Krishna Narhari Shinde for all future purposes. That both name Krishna and Krishna Narhari Shinde pertain to one and same person. Vide Affidavit No. DL56984498139894X dated 25 Mar 2025

**NAME CHANGE**
I, Anabiya alias Anabiya Parveen D/O Muzammil Hasan W/O Mohd Rashid Hasan R/O House No. K-477, Gali No-4, K- Block, Gautam Vihar, Garhi Mendu, North East Delhi, Delhi-110053, have changed my name and shall hereafter be known as Anabiya Parveen.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Priyam Bharti D/O Ravinder Kumar Ahuja EX.W/O Late VIKAS BHARTI residing at House No.325,3rd floor Block-C, Pocket -1, Sector -11,Rohini, North West Delhi Delhi -110085, declare that my husband expired on dated 19-06-2020 and the death certificate was issued with Registration No. 54912 dated 28-08-2020. Further I remarried with TARUN KUMAR SRIVASTAVA S/O Suresh Chandra Srivastava R/O -09,Vindvasni Nagar,Bank Road ,Thana Kotwali, Gorakhpur, Gorakhpur Uttar Pradesh -273001, Vide Marriage Registration No. 202314008865 dated 16-06-2023. Henceforth,I have Changed the name of mine and my Minor Son Parth Bharti aged 12 years and we shall hereafter be known as Priyam Srivastava and Parth Srivastava respectively.further I declare that the name of the father of my minor Son may be known as Tarun Kumar Srivastava for all purposes in future.

**NAME CHANGE**
I, VIKRAM SINGH S/O MANGE RAM R/O 235, GOTHARA MOHABTABAD, PALI(13), FARIDABAD, HARYANA-121004, HAVE CHANGED MY NAME TO VIKRAM FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I, BRAHAMAIAH Father of No. 2607390A Rank-CHM Name-B CHANDRA PRABHAKAR Presently residing at VILL-KRISTAM PALLI, PO-NARASIMHUNI PALLI, TAL-GIDDALUR, DIST-PRAKASAM, ANDHRA PRADESH-523369, have changed my name from BRAHAMAIAH to BANALA BRAHMAIAH for all future purposes vide Affidavit dated 26/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Darshana Verma W/o Mr. Sita Ram Verma is the owner of Freehold Residential Property Bearing No. 276/22, admeasuring 63.10 sq. yds situated in the Layout plan of Tri Nagar, Onkar Nagar-B, Delhi-110035. by virtue of Relinquishment Deed dated 16.03.2024 duly registered in the office of SR.VI A Delhi, as Document No. 2024/15/I/3522, Vol no.12922, in Book No. 1, Page no.121-132 on dated 16.03.2024. in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Death Certificate & SMC of Late Mr. Sita Ram S/o Late Mr. Chajju Ram & Death Certificate & SMC of Late Mr. Chajju Ram S/o Mr. Rati Ram, now our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold to be Mr. Arjun and Mr. Ajay Kumar which is to be financed by SMFG India Home Finance Company Limited Subhash NAGAR, DELHI. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्रीमती देवेन्द्री देवी पत्नी श्री पप्पू सिंह 81.50 वर्ग गज क्षेत्रफल वाले फ्रीहोल्ड रेजिडेंशियल हाउस की मालिक हैं। यानी 68.14 वर्ग. मीटर, खसरा नंबर 167/1, आबादी परगना जलालाबाद और तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर डेढ़ा के क्षेत्र में स्थित है। विक्रय विलेख दिनांक 06.07.2020 के आधार पर, दस्तावेज़ के रूप में। क्रमांक 5459, पुस्तक क्रमांक 1, खंड में। नंबर 12112, पेज नंबर 61-92 पर, सब रजिस्ट्रार - मोदीनगर, में। शृंखला में नीचे दिए गए दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं हैं यानी मूल विक्रय विलेख दिनांक 15.01.2004 को पुस्तक संख्या 1 खंड संख्या 929 में पृष्ठ संख्या पर दस्तावेज़ संख्या 338 के रूप में। 127-134 एसआर-मोदीनगर एवं मूल विक्रय पत्र दिनांक 13.06.2008 दस्तावेज़ के रूप में। क्रमांक 6830, पुस्तक क्रमांक 1, खंड में। नंबर 2611, पेज नंबर 57-84 पर, दिनांक 13.06.2008 को, सब रजिस्ट्रार-मोदीनगर में, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति श्री रोहित सिंह को बेची गई है, जिसे उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा आदर्श नगर, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार/स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I, ESWARAMMA Mother of No. 2607390A Rank-CHM Name-B CHANDRA PRABHAKAR Presently residing at VILL-KRISTAM PALLI, PO-NARASIMHUNI PALLI, TAL-GIDDALUR, DIST-PRAKASAM, ANDHRA PRADESH-523369, have changed my name from ESWARAMMA to BANALA ESWARAMMA for all future purposes vide Affidavit dated 26/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mr. Ajit Khari is the owner of Freehold Residential Property Bearing No.158, area measuring 150 sq. yards i.e.125.41, Carved out of Khata No.00114, Khasra No.104, 105, 107, 294, 325 & 326, Situated at Village-Illahabaas, Block- B, Gali No.9, Pargana & Tehsil-Dadri, District-Gautam Budh Nagar, U.P. by virtue of Sale Deed dated 29.11.2024 Document No.9240, Volume No.10329, Dated 29.11.2024, Page Nos.215-232 in Book No.1 by SR-III, Noida, In the chain documents below mentioned document not available i.e. Original Sale Deed dated 17.03.2012 executed by Mr. Vinod Kumar as attorney of Mrs. Savitri Devi & Mr. Sunny@Sushil in favour of Mr. Rajeev Ranjan Giri as Document No.1625, Volume No.3275, Dated 17.03.2012, Page Nos.275-296 in Book No.1 by SR-III, Noida. Our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, which is to be financed by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch-Sector-16 Noida Uttar Pradesh. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that Mr. Salim who is intending to purchase the MIG Flat No. G-2 on Ground Floor Without roof Rear Left Side covered area measuring 55.74 Sq. Mtrs., i.e. 600 sq, ft., Built On Plot No, A-1/94 in Block- A-1, Situated at DLF Dilshad Extn., Second, Village Bharampur alias Bhopura, Pargana Loni, Tehsil and Distt. Ghaziabad U.P. from Mrs. Anuna Jain, and Mrs. Taruna Jain who became owners vide Sale Deed dated 24.10.2011 (Doc. No.9488) executed by Mrs. Usha Arora and same to be finance & mortgage by Hinduja Housing Finance Ltd., having its Branch at Shalimar Garden, U.P. That, Original Sale Deed dated 10.10.2005 executed by Mr. Anil Kumar Gupta in favour of Mrs. Urmila Kaushik in respect of the said property, vide Doc. No.9467, Book No. 01, Vol. No. 3224, Pages No. 117-144, on dated 10.10.2005, SR-III Ghaziabad has lost/misplaced. So, to comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within a week from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
**Advocate Abhishek Singh**
A-2/367, Nand Nagri,
Near GTB Enclave,
SDM Court Nand Nagri,
Delhi-110093
Mobile: 7706007066
Email:
advabhisingh1993@gmail.com

## तावडू में कबाडे के गोदाम में लगी आग, 3 फायर बिग्रेड की गाड़ियों से पाया आग पर काबू

**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कलां में मुख्य मार्ग पर एक कबाडा गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की 2 गाड़ियां तावडू से व एक गाडी भिवाडी से आई। फायर कर्मियों की भारी मशक्कत पर आग पर काबू पाया गया। फायर कर्मी सुखबीर, मंजीत, शमशुदीन ने संयुक्त रूप में बताया कि सोमवार प्रातः सूचना मिली कि गांव खोरी कलां में जुनेद कबाडी के कबाडा गोदाम में आग लग गई। जिस पर फायर बिग्रेड की गाडी वहां पहुंची, आग अधिक होने पर दूसरी गाड़ी मंगवाई गई। लेकिन दोनों गाडियों से भी आग पर काबू न पाकर देख फायर बिग्रेड की तीसरी गाडी आई। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक गोदाम के काफी नुकसान हो चुका था।

## मनुष्य की पहचान उसके कर्मो से होती है: पंडित नंद किशोर

**तावडू।** मनुष्य की पहचान उसके कर्मो से होती है। इसलिए मनुष्य को अच्छे और समाजिक कार्य करने चाहिए। गरीब बेसहाए लोगों की मदद करने से बडा कोई धार्मिक कार्य नहीं है। यह शब्द शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाई धाम मंदिर के पुजारी पंडित नंद किशोर ने रखे। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन दूसरे के दुख को अपना समझकर कार्य करने वाला ही इंसान कहलाने योग्य है। भगवान ने एक मनुष्य जीव को ही ऐसा बनाया है जो दूसरों की मदद कर सकता है। गरीब बहाए लोगों की मदद करने पर मनुष्य को आत्म शांति की प्राप्ती होती है। आज के आधुनिक युग में समाज सेवा के कार्य में महिलाए काफी बढ चढकर भाग ले रही है। जो बधाई की पात्र है। हर एक मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय सामाजिक कार्यो के लिए निकालना चाहिए। समाज से बुराईयों को दूर करने के लिए हर एक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। एक जुट होकर ही हम समाज से बुराईयां मिटाने का काम कर सकते है। सभी को चाहिए की वह अपने आपसी मत भेदों को भुलकार मिल जुलकर रहे।

## विधायक मामन खान ने फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी का दौरा कर लिया जायजा, किसानों से की बातचीत

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने सोमवार को फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी का दौरा कर अनाज मंडी की सुविधाओं का जायजा लिया। इतना ही नहीं आढ़तियों द्वारा किसानों की खरीदी जा रही सरकारी रेट पर सरसों की फसल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने किसानों व आढ़तियों से मुलाकात कर खरीद एजेंसी को निर्देश दिए कि वह सरसों की खरीद में तेजी लाएं और खरीदी गई सरसों की फसल को जल्द से जल्द उठाने की व्यवस्था करें। उन्होंने किसानों की आ रही समस्याओं पर आढ़तियों और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की फसल में नमी का बहाना बनाकर किसानों की फसल में कट न लगाया जाए। जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है। इतना ही नहीं विधायक मामन खान इंजीनियर ने अनाज मंडी का चारों ओर दौरा किया ,जहां पर उन्होंने मंडी में साफ सफाई पीने के पानी की व्यवस्था, बिजली व आने वाले किसानों को बैठने की व्यवस्था का भी जायज लिया। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचते समय किसी तरह की परेशानी ना हो। इसके लिए सुनिश्चित इंतजाम किए जाएं।?ताकि किसानों को अपनी फसल बेचते हुए कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर झिरका में सरकारी रेट पर सरसों की फसल की खरीद शुरू है। इस दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने अनाज मंडी पहुंच, अपनी सरसों की फसल बेचने आए किसानों से भी उनका हाल-चाल जाना और उनसे बातचीत की।

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ हिंदू महासभा ने खोला मोर्चा

**गुरुग्राम।** अखिल भारत हिंदू महासभा हरियाणा प्रदेश की ओर से गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में अवैध तरीके से घुसपैठ कर रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ गुरुग्राम डीसी के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गुरुग्राम से इन अवैध घुसपैठियों को हरियाणा प्रदेश से अविलंब बाहर निकालने की मांग की गई। अखिल भारत हिंदू महासभा हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष सतीश रावत ने बताया है कि इन घुसपैठियों ने फर्जी आधार कार्ड भी बनवा रखे हैं। उन्होंने दिल्ली की तर्ज पर पूरे हरियाणा में इन रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशियों को चिन्हित कर बाहर निकालने की मांग की है। यह ज्ञापन अखिल भारत हिंदू महासभा हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष सतीश रावत के नेतृत्व में सौंपी गई। इस मौके पर अखिल भारत हिंदू महासभा हरियाणा प्रदेश के उपाध्यक्ष राज कुमार, राकेश रावत, प्रदेश महासचिव जितेंद्र मित्तल, योगाचार्य योगेन्द्र ब्रह्मचारी, फरीदाबाद जिला अध्यक्ष कृष भड़ाना, रेवाड़ी जिला अध्यक्ष दिलबाग यादव आदि मौजूद थे।



# एजेंसियों ने गेहूं खरीद का 75 लाख मीट्रिक टन रखा लक्ष्य: सीएम सैनी

- मंडियों में खाली स्थानों में बड़े शैडों का होगा निर्माण
- तुलाई के बाद गेहूं को इन शैडों में रखा जाएगा
- मंडियों में बारदाने की न रहने दी जाए कमी



एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें, ताकि किसानों को मंडियों में फसले बेचने में दिक्कत न आए। इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। इसलिए मंडियों में गेहूं खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर मंडियो में खाली पड़े स्थानों पर बड़े शैडों का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ सेक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत करवाया कि रबी की फसलों की खाद्य, आपूर्ति नागरिक उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 30 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 40 प्रतिशत, हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 20 प्रतिशत तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10 प्रतिशत की खरीद की जानी है। इस बार एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा है। सरसों की खरीद 15 मार्च से और मसूर की खरीद 20 मार्च से आरंभ हो चुकी है। यह खरीद एक मई तक चलेगी। इसी प्रकार से गेहूं, जौ और चने की खरीद भी एक अप्रैल से आरंभ की जाएगी जबकि सूरजमुखी की खरीद 1 जून से आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर रबी फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाया जाए, ताकि किसानों को फसल बेचने में असुविधा न हो। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्त विभाग/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 के लिए 6653.44 करोड़ रुपये की कैश क्रैडिट लिमिट पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है।

इसके अलावा बैंकर्स को भी ध्यान रखना होगा कि मंडियों से निकासी गेट पास जारी होने के 48 से 72 घंटों में किसानों के खाते में सीधा भुगतान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को कायम रखा जाए। बैठक में बताया कि हरियाणा देश में गेहूं उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और लगभग 25 प्रतिशत गेहूं केंद्रीय पुल में हरियाणा देता है।

# हर घर-हर गृहिणी योजना के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य : उत्तम सिंह

**पात्र परिवार की महिला को 500 रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर**

एजेंसी

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हर घर-हर गृहिणी योजना को लागू किया गया है। इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक गृहणी को लकड़ी व कोयले आदि के चूल्हे से छुटकारा दिलाना तथा वातावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाना भी है। योजना का प्रचार-प्रसार के क्रियान्वयन बारे खाद्य आपूर्ति विभाग को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य, नागरिक



आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा अंत्योदय परिवारों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी के लिए जिला के प्रत्येक गांव में डिपो होल्डर व गैस एजेंसियों आदि के माध्यम से जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा सीएससी सेंटर के माध्यम से गृहणियों के आवेदन करवाए जा रहे हैं ताकि इस योजना का लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि सब्सिडी 320 रुपए सभी पात्र परिवार की सबसे बड़ी महिला के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी और पात्र महिला को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा, महिला का बैंक खाता होना चाहिए। पात्र महिला को एक साल में 12 गैस सिलेंडर सब्सिडी पर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी यानी हरियाणा परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख से कम होनी चाहिए। बीपीएल राशन कार्ड, गुलाबी राशन, एएनाई कार्ड के सभी अंत्योदय परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पात्र परिवार ईपीडीएस डॉटहरियाणाफुडडॉटजीओवीडॉटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने पंजीकरण की प्रगति रिपोर्ट रोजाना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और कहा कि पंजीकरण के कार्य में अगर कोई कोताही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा हर घर-हर गृहणी राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत बीपीएल व एएवाई परिवारों को गैस सिलेंडर सब्सिडी हेतु पंजीकरण करवाया जा रहा है।

### एक-एक पात्र परिवार का किया जाएगा पंजीकरण

उपायुक्त ने बताया कि हर घर-हर गृहणी योजना को लेकर राज्य सरकार द्वारा इपीडीएस डॉटहरियाणाफुडडॉटजीओवीडॉटइन पोर्टल लॉन्च किया गया है ताकि एक-एक पात्र परिवार को इस योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गांव व वार्ड स्तर पर रोजाना कैंप लगाकर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इस कार्य में ग्राम पंचायत आगे आकर अधिक से अधिक बीपीएल तथा एएवाई परिवारों का पंजीकरण करवाएं।

## ग्राम पंचायत गुवानी ने गांव में अवैध नशे पर पाबंदी लगाई

**नारनौल।** सिहमा खंड के गांव गुवानी की पंचायत ने नशा मुक्ति की ओर कदम बढ़ाते हुए बैठक कर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसमें गांव में अवैध प्रकार के नशे पर पाबंदी लगाई गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से नारनौल सदर इंचार्ज धर्मवीर सिंह पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यदि गांव का कोई भी व्यक्ति नशा बेचता या नशा करता हुआ पकड़ा गया। पुलिस उस पर कार्रवाई करेगी। जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं। नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनों को तो खत्म करता ही है साथ ही साथ हमें अंदर से खोखला भी बनाता है।

आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का ध्यान रखें सभी अधिकारी: एसडीएम

**● एसडीएम डॉ. नैन ने बीडीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण**

एजेंसी

**तोशाम।** एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने आज सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम डॉ. नैन ने महिला एवं बाल विकास और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी सवा दो करोड़ की राशि से जुड़े विकास कार्यों को शुरू कर त्वरित पूरा किए जाने के अधिकारीयों को निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. अशवीर नैन ने कहा कि विकास कार्यों के लिए दी गई धनराशि का सदुपयोग हो और अधिकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का ध्यान रखें। एसडीएम डॉ.अशवीर नैन ने बीडीपीओ कार्यालय पहुंच कर सर्वप्रथम हाजिरी रजिस्टर चेक करते हुए उपस्थित कर्मचारियों व अवकाश पर रहे कर्मचारियों की स्थिति जानी।



ततपश्चात उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से गांवों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। एसडीएम डॉ. नैन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा हाल ही में खंड तोशाम व कैरू के लिए करीबन सवा दो करोड़ की राशि जारी की गई है। एसडीएम ने उक्त राशि से जुड़े विकास कार्यों को अतिशीघ्र शुरू करवाकर पूरा किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. नैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का ध्यान रखें। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्माण सामग्री का उपयोग करने पर ही विकास कार्य का जनता को लाभ मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि विकास के कार्य जनता की दहलीज और दरवाजे तक पहुंचने चाहिएं। ऐसा करने से संबंधित को तो फायदा होगा ही साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाएं, परियोजनाएं और नीतियां भी सही मायने में फलीभूत हो सकेंगी। एसडीएम ने इस दौरान कर्मचारियों को कार्यालय में सफाई रखने और समय पर लोगों के काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों से विभागीय कार्य के बारे में जाना और समय पर अपना कार्य और रिकॉर्ड पूरा करने के लिए कहा। एसडीएम ने कर्मचारियों से कहा कि कार्यालय में लोगों को कोई समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर बीडीपीओ कार्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से पनप रही कॉलोनी पर चला डीटीपी का पीला पंजा



एजेंसी

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि करनाल शहरी क्षेत्र में गिरड़े पीर के पीछे लगभग 3 एकड़ में शर्मा राइस मिल में काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी के विरुद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई, जिसमें आठ मकान, दो निर्माणाधीन मकान, सभी पक्की सड़कों, चार डीपीसी, सीवर नेटवर्क व बिजली के खंभों को ध्वस्त किया गया है। इसके अतिरिक्त चार मकानों को सील भी किया गया है। कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम मौके पर उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही मध्यनजर रखते हुए अवैध निर्माणो के विरूद्ध कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इसके अतिरिक्त थाना सदर करनाल की पुलिस फोर्स व ड्यूटी मजिस्ट्रेट, करनाल के नायब तहसीलदार मौके पर उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने कहा कि करनाल जिले में अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोड़फोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जायेंगे।

## पानीपत से जींद तक सड़क के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 184 करोड़ रुपये की दी प्रशासनिक स्वीकृति: कृष्ण लाल पंवार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार के अथक प्रयासों से जिला पानीपत में अनेकों विकास के कार्य प्रगति पर है। इसी कड़ी में उन्होंने पानीपत से जींद तक सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति दिलवाने में विशेष प्रयास किए। इन सड़कों के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने 184 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इन कार्यों के निर्माण के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि पानीपत से जींद तक सडक का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पानीपत से दरियापुर मोड तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। यह फोरलेन सड़क जिला पानीपत का हिस्सा रहेगी और इस फोरलेन को बनाने में 92 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है इसी प्रकार, श्री पंवार ने बताया कि दरियापुर मोड से लेकर जींद तक 10 मीटर की सड़क बनाई जाएगी और यह रोड जिला जींद का हिस्सा रहेगी।



इस रोड को बनाने में 92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे शिफ्ट करने और फॉरेस्ट विभाग को 25.26 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पंचायत मंत्री ने बताया कि यह सड़क जिस- जिस गांव को कवर करेगी उन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार पानी की निकासी के लिए ड्रेन बनाने का भी प्रावधान किया जाएगा।

## किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों को बार बार नजरअंदाज कर रही है भाजपा सरकार : अभय सिंह चौटाला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए टैक्स पर ओटीएस (एकमुश्त निपटान)की घोषणा की है जिसके अर्तंगत बकाया टैक्स पर ब्याज और पेनल्टी माफ की जाएगी। इसी साल जनवरी में भी मुख्यमंत्री ने बड़े व्यापारियों के ढाई हजार करोड़ रूपए माफ किए थे। बीजेपी सरकार बड़े उद्योगपतियों के टैक्स और कर्ज माफी के लिए तो हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों को बार बार नजरअंदाज कर रही है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी जब बात किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों के हितों की आती है तो सरकार वित्तीय स्थिति खराब होने के बहाने बनाती है। लेकिन जब बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ करने होते हैं तो खजाने खोल देती है। हर साल ओलावृष्टि और बाढ़ के कारण किसानों की फसल बर्बाद होती है। ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसलों का सरकार ने आज तक मुआवजा नहीं दिया है। मंडियों में किसान आज भी अपनी फसल को एमएसपी से कम पर



बेचने को मजबूर है। इसके अलावा सरकारी संरक्षण में किसानों को महंगी खाद, नकली बीज और दवाइयां धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। जिसके कारण किसान आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हो गया है और कर्ज चुकाने के हालात में नहीं है। आज प्रदेश में लाखों लघु उद्योग ऐसे हैं जो सरकार की गलत नीतियों के कारण बंद पड़े हैं और भारी कर्जे के नीचे दबे हुए हैं इनकी भी पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है।

## पंचायती राज उप-चुनाव 2025: मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया शुरू : डीडीपीओ

एजेंसी

**जींद।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज ने बताया कि जिले में पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव 2025 के लिए मतदाता सूची को संशोधित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा किया जाएगा, ताकि हर एक योग्य नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। डीडीपीओ भारद्वाज ने बताया कि जिले की ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में जो पद खाली हैं, उन्हें भरने के लिए उप-चुनाव करवाए जाएंगे। इसके लिए मतदाता सूची को सही और अपडेट करना बहुत जरूरी है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे और गलत नाम हटाए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत हर पंचायत की मतदाता सूची को वार्ड के अनुसार संशोधित किया जाएगा। नागरिक अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं, अगर कोई गलती है तो उसे सही करवा सकते हैं। नए नाम जोड़े जा सकते हैं और गलत या मृत व्यक्तियों के नाम हटवाए जा सकते हैं। डीडीपीओ ने बताया कि यह प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान वार्डवार प्रारंभिक सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद 11 अप्रैल को संशोधित सूची जारी की जाएगी, ताकि नागरिक अपने नाम और जानकारी की जांच कर सकें। अगर किसी का नाम सूची से छूट गया है, नाम गलत है, पता गलत है या किसी अन्य तरह की गलती है, तो वे 18 अप्रैल तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। डीडीपीओ ने आगे बताया कि 22 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा करेंगे। अगर किसी नागरिक को उनके फैसले से असहमति होती है, तो वह 25 अप्रैल तक उपायुक्त के पास अपील कर सकता है। उपायुक्त 6 मई तक सभी अपीलों का निपटारा कर देंगे। आखिर में 13 मई को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी, जो उप-चुनावों के लिए मान्य मानी जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया में भाग लें। अगर किसी का नाम सूची में नहीं है, या जानकारी गलत है, तो वे समय पर आवेदन जरूर करें।

### कई गांवों में पंच पदों और पंचायत समिति के सदस्यों के पदो पर होगें चुनाव

डीडीपीओ ने बताया कि इस बार जिले के कई गांवों में पंच पदों और पंचायत समिति के सदस्य पदों के लिए चुनाव होंगे। ग्राम पंचायतों के पंच पदों में गांव अहिरका, भाबलपुर, भैरो कलां, बोहतवाला, दरियावाला, ढांडा खेरी, घिमाना, जजवान, शिंदवी खेड़ा और सांगतपुरा शामिल हैं। इन पदों के लिए विभिन्न श्रेणियों जैसे महिला, महिला के अलावा, बैकवर्ड क्लास ए और अनुसूचित जाति के तहत आरक्षण निर्धारित किया गया है। पंचायत समिति सदस्य के लिए वार्ड 17 को महिला श्रेणी के लिए आरक्षित किया गया है।

## सेढ माता के मेले मे कुश्ती दंगल देखने उमड़ा जनसैला

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र से सटे गांव शिवदानसिंहपुरा बंथला निर्झर स्थित सेढ माता मंदिर परिसर मे विशाल मेले, भंडारे और कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मत्था टेक कर कामना की और मेले मे लगी दुकानों पर खरीदारी की। मुख्य निर्णय रणवीर सिंह यादव और संचालनकर्ता कृष्ण कुमार अध्यापक ने बताया कि कुश्ती दंगल में हिंद केसरी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली केसरी पहलवानों ने दमखम दिखाया। कामडे की कुश्ती के 71 हजार रुपये मेले मे 51 हजार रुपये, मेले में 1 लाख 21 हजार रुपये दिए गए। खेल-कूद प्रतियोगिता की विजेता टीमों की ईनाम राशि युवा भामाशाह ओमपाल दिल्ली पुलिस ने पुरस्कृत किया।

कुश्ती दंगल में 31 हजार रुपये की कुश्ती आशीष गोदडी और रोहित लाडपुर के बीच बराबरी पर रही और 71 हजार रुपये कामडे कुश्ती मे दिनेश गोलिया गोदडी ने संजय जलाफ को हराकर कामडा जीता।

# बिहार का इतिहास, संस्कृति और परंपराएँ गौरवशाली हैं : डा. सुनील कुमार

एजेंसी

**गुरुग्राम।** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में सायं भाजपा कार्यालय गुरु कमल में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में बिहार की संस्कृति, संस्कार और समृद्ध धरोहर की झलक देखने को मिली। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बिहार सरकार डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि बिहार का इतिहास, संस्कृति और परंपराएँ गौरवशाली हैं। बिहार की विविधता में समाहित एकता इसकी आत्मीयता और मेहनतकश लोगों का योगदान पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने बिहार के सभी नागरिकों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक कमल यादव, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियादर्शी, गुरुग्राम महानगर जिला अध्यक्ष अजीत यादव, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, हरविन्द कोहली, राघवेंद्र सिंह, पवन यादव मानेसर, जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कैबिनेट मंत्री बिहार सरकार डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की पहल का हिस्सा है कि आज देश भर में बिहार दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच सक्रिय रूप से संपर्क बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कहा कि बिहार की गौरवशाली इतिहास और उसके उपलब्धियों को अगर आगे बढ़ाने का किसी ने काम किया है तो वो प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली बिहार के साथ वैभवशाली बिहार बनाने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं, वो दिन दूर नहीं जब बिहार विकसित राज्यों में शामिल होगा। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से देश को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंनें कहा कि हरियाणा में बिहार दिवस के मौके पर उन्हें जो स्नेह मिला है।

## नए आयकर विधेयक पर संसद के मानसून सत्र में होगी चर्चा: वित्त मंत्री

इंदौर।
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि नए आयकर विधेयक, 2025 पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा की जाएगी। लोकसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि विधेयक में औद्योगिक वस्तुओं के लिए 7 सीमा शुल्क दरों को हटाने का प्रस्ताव है। उन्होंने सदन को बताया कि नए आयकर विधेयक 2025 पर संसद के अगामी मानसून सत्र में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी, 2025 को लोकसभा में पेश किया था, जो मौजूदा आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। इस विधेयक का उद्देश्य 1961 के अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों को बढ़े पैमाने पर संशोधित करते हुए भाषा को सुव्यवस्थित करना और दक्षता बढ़ाने के लिए पुराने प्रावधानों को हटाना है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में दो रिक्तियों को भरने के लिए सरकार ने मांगे आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में दो रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। किसी उम्मीदवार की नियुक्ति की योग्यताएं, पात्रता, वेतन और अन्य नियम एवं शर्तें न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम और न्यायाधिकरण (सेवा की शर्तें) नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत होंगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि उपभोक्ता मामले के विभाग ने केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। उक्त पद पर नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश करने के लिए ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 के तहत गठित खोज-सह-चयन समिति उम्मीदवारों की योग्यता और अनुभव को उचित महत्व देते हुए पदों के लिए आवेदन की उपयुक्तता के संबंध में आवेदनों की जांच करेगी और व्यक्तिगत बातचीत करने के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करेगी। अंतिम चयन योग्यता, अनुभव और व्यक्तिगत बातचीत के आधार पर समिति द्वारा उम्मीदवारों के समग्र मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से 25 मार्च, 2025 से https://jagograhakjago.gov.in/ncdrc के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल, 2025 है। जहां भी लागू हो, ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदन की एक प्रति उचित माध्यम से निर्धारित दस्तावेज के साथ अवर सचिव (सीपीयू), उपभोक्ता मामले विभाग, कमरा नंबर 466-ए, कृषि भवन, नई दिल्ली को 23 अप्रैल तक जमा की जा सकती है।

## एसएंडपी ने 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी अनुमान को घटाकर 6.5 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वैश्विक अस्थिरता के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इससे पहले 6.7 फीसदी विकास दर रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए जारी अपने ताजा तिमाही अपडेट में कहा है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर अमेरिका के बढ़ते शुल्क तथा वैश्वीकरण पर पड़ने वाले दबाव का असर पड़ेगा। एजेंसी के मुताबिक कम होती महंगाई दर, केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स में दी गई छूट और ब्याज दरों में कमी से देश में खपत बढ़ेगी। आने वाले मानसून सीजन के सामान्य रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि टैरिफ वस्तुओं पर लगाए जाते हैं। इस कारण से ऐसी अर्थव्यवस्थाएं जहां निर्यात में सर्विसेज की हिस्सेदारी अधिक है। वहां टैरिफ का प्रभाव कम होगा। इस कारण से टैरिफ के प्रति भारत एक अच्छी स्थिति में है। इससे पहले एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने जारी एक अलग रिपोर्ट में कहा था कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी और यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी।

## एचसीएलटेक ने गूगल क्लाउड पर लॉन्च किया 'इनसाइट'

**नई दिल्ली।** वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एचसीएल टेक ने 'एचसीएलटेक इनसाइट' के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह एक एजेंटिक एआई-संचालित उद्योग-केंद्रित रिपोटेबल समाधान (आईएफआरएस) है, जिसे निर्माताओं को उन्नत डेटा अंतर्दृष्टि और विश्लेषण क्षमताओं से सशक्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। एचसीएल टेक ने इसे गूगल क्लाउड के कॉर्टेक्स फ्रेमवर्क, मैन्युफैक्चरिंग डेटा इंजन (एमडीई), वर्टेक्स एआई और एजेंटिक फ्रेमवर्क की मदद से विकसित किया है। यह एआई एजेंट ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में उत्पाद दोषों एवं विसंगतियों का पता लगाकर दक्षता, उत्पादकता और यूजर अनुभव को बेहतर करता है। इसके इंटरैक्टिव डैशबोर्ड और एआई-संचालित वर्चुअल सहायता वास्तविक समय में दोषों पर प्रतिक्रिया देती है, जिससे उत्पादन गुणवत्ता और लागत दक्षता बढ़ती है। एचसीएल टेक के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी विजय गुंटूर ने कहा, हमारा शोध दिखाता है कि कारोबारी एआई के लाभों पर भरोसा करते हैं लेकिन उत्पादन-स्तर के समाधान कम हैं। हमारा उद्योग अनुभव और गूगल क्लाउड की तकनीक कारोबारियों को तेजी से अवधारणा से उत्पादन तक ले जाएगी।

# लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना के भाव में आज 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,280 रुपये से लेकर 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 81,840 रुपये से लेकर 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा



है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 81,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 81,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 81,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है।

## उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार, जोरदार तेजी के बाद फिसले सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार के दौरान जोरदार मजबूती हासिल करने के बाद मुनाफा वसूली के दबाव में फंसकर सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में शेयर बाजार खरीदारी के सपोर्ट से लगातार ऊपर चढ़ता गया, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से बाजार में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी और टेक सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। दूसरी ओर रियल्टी, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, फार्मास्युटिकल, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 414.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 418.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## एनएसओ और आईआईएमए ने डेटा-संचालित नीति और नवाचार को मजबूत करने के लिए हाथ मिलाया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद (आईआईएमए) ने डेटा-संचालित नीति और नवाचार को मजबूत करने के लिए हाथ मिलाया है। यह पहल राष्ट्रीय डेटा पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जारी एक बयान में बताया कि मंत्रालय ने भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) के सहयोग से "अनुसंधान एवं नीति के लिए सार्वजनिक डेटा एवं प्रौद्योगिकी में उभरते रुझान" शीर्षक से एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का एक प्रमुख उपलब्धि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और आईआईएमए के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना था। मंत्रालय के मुताबिक यह साझेदारी डेटा नवाचार में सहयोगी प्रयासों के लिए एक रूपरेखा के रूप में कार्य करेगी, यह सुनिश्चित करते



हुए कि शैक्षणिक अनुसंधान नीति विकास में प्रभावी रूप से योगदान देता है। एमओएसपीआई का यह पहल राष्ट्रीय डेटा पारिस्थितिकी व्यवस्था को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के वर्तमान में जारी प्रयासों के अनुरूप है। मंत्रालय के मुताबिक इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं में डॉ. सौरभ गर्ग, सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और प्रमुख एनएसओ, प्रो. भारत भास्कर, निदेशक, आईआईएमए, पी.आर. मेश्राम, महानिदेशक, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित संकाय सदस्य, छात्र, और प्रमुख शैक्षणिक और शोध संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## बैंकिंग के कई नियमों में 1 अप्रैल से होगा बदलाव, मिनिमम बैलेंस और एटीएम से विड्रॉल पर भी पड़ेगा असर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में एक अप्रैल से ही बैंकों के कामकाज से जुड़े नियमों में कई बदलाव होने वाले हैं। नए वित्त वर्ष में होने वाले बदलावों का असर बैंक अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस, एटीएम से पैसे निकालने, सेविंग अकाउंट और एफडी अकाउंट की ब्याज दर और चेक पेमेंट सेफ्टी के साथ ही क्रेडिट कार्ड सर्विस पर भी पड़ेगा। नए नियमों के मुताबिक अब बैंक के उपभोक्ता दूसरे बैंक के एटीएम से अधिकतम तीन बार ही मुफ्त पैसा निकाल सकेंगे। तीन ट्रांजेक्शन के बाद हर अतिरिक्त ट्रांजेक्शन पर उपभोक्ताओं को फिक्स चार्ज देना पड़ेगा। अभी तक ज्यादातर बैंक दूसरे बैंक के एटीएम से पांच बार मुफ्त पैसा निकालने की सुविधा देते हैं। इसी तरह कई बैंकों ने मिनिमम बैलेंस के नियमों में भी बदलाव किया है। पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक समेत कई बड़े बैंकों ने मिनिमम बैलेंस की नई शर्तें लागू की हैं। अब बैंक के उपभोक्ताओं को शहरी, अर्ध शहरी और ग्रामीण इलाकों के आधार पर अपने बैंक खाते में अलग-अलग न्यूनतम बैलेंस मेंटेन करना पड़ेगा।



मिनिमम बैलेंस नहीं रखने पर बैंक उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया जाएगा। हालांकि, जुर्माने की राशि बैंक खाते की कैटेगरी के हिसाब से अलग-अलग होगी। कई बैंकों ने 1 अप्रैल से ही सेविंग अकाउंट और फिक्स डिपॉजिट अकाउंट के ब्याज दरों में बदलाव करने का भी ऐलान किया है। इसके मुताबिक अकाउंट में जमा राशि के आधार पर ब्याज दरों का निर्धारण किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके जरिए खाते में बड़ी राशि रखने वाले उपभोक्ताओं को अधिक ब्याज दिया जा सकता है। कई बैंकों ने 1 अप्रैल से क्रेडिट कार्ड सुविधा में भी कटौती करने का ऐलान किया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने विस्तारा क्रेडिट कार्ड के जरिए ग्राहकों को मिलने वाले सुविधाओं में बदलाव करने का ऐलान किया है। इसके तहत मुफ्त टिकट वाउचर, माइलस्टोन रिवॉर्ड और रिन्यूवल बेनिफिट्स जैसी सुविधाएं बंद की जाएंगी। एक्सिस बैंक ने भी 18 अप्रैल से अपने विस्तारा क्रेडिट कार्ड पर इन बदलावों को लागू करने का ऐलान किया है। इसी तरह बैंकों में धोखाधड़ी को रोकने के लिए 1 अप्रैल से पॉजिटिव पे सिस्टम (पीपीएस) लागू किया जा रहा है। इसके तहत अब 5 हजार रुपये से अधिक के चेक पेमेंट के लिए ग्राहकों को चेक नंबर, तारीख, लाभार्थी का नाम और चेक अमाउंट को वेरीफाई करना होगा।

## बंद हुई मध्यम और दीर्घ अवधि वाली गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम, लघु अवधि के लिए जमा करा सकेंगे सोना

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 साल से चलाई जा रही गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम (जीएमएस) आज से बंद कर दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक इस स्कीम के तहत सरकार द्वारा नामित कलेक्शन एंड प्योरिटी टेस्टिंग सेंटर (सीपीटीसी) या सरकार द्वारा नामित बैंक की शाखाओं पर आज से मध्यम अवधि और दीर्घ अवधि वाली स्कीम में सोने को जमा नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने यह फैसला गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के परफॉर्मेंस और बाजार की स्थितियों को देखते हुए लिया है। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम की शुरुआत 15 सितंबर 2015 को हुई थी। इसके तहत लोग अपने घर में पड़े सोने को अपनी इच्छा के अनुसार 1 से 3 साल की



शॉर्ट टर्म बैंक डिपॉजिट (एसटीबीडी), 5 से 7 साल की मीडियम टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट (एमटीजीडी) या 12 से 15 साल की लॉन्ग टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट (एलटीजीडी) में जमा कर सकते थे। सोना जमा करने पर जमाकर्ताओं को सरकार की ओर से गोल्ड बॉन्ड इश्यू किया जाता था। ये बॉन्ड 5 ग्राम, 10 ग्राम, 50 ग्राम और 100 ग्राम के होते थे। सोना जमा करने के बाद जमाकर्ताओं को ब्याज का भुगतान किया जाता था। ब्याज की राशि सोना जमा करते वक्त उसकी मार्केट प्राइस के आधार पर तय की जाती थी। जानकारों का कहना है कि इस स्कीम को लॉन्च करने के पीछे सरकार का इरादा सोने के आयात में कमी लाने का था। भारत में हर साल करीब 800 टन सोने की खपत होती है, जबकि भारतीय खदानों से सालाना 1 टन सोने का ही उत्पादन हो पता है। इस तरह भारत में सोने की जरूरत को पूरा करने के लिए हर साल बड़े पैमाने पर सोने का आयात करना पड़ता है, जिसके कारण देश के आयात बिल में तो बढ़ोतरी होती ही है, विदेशी मुद्रा भी बड़े पैमाने पर खर्च होती है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार की ओर से सोचा गया था कि गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम शुरू करने से लोग घर में पड़े सोने को जमा करने के लिए प्रेरित होंगे, जिससे उन्हें सोने की सुरक्षा की चिंता भी नहीं करनी होगी और उसके एवज में उन्हें इंटरेस्ट के रूप में अच्छी कमाई भी होगी। ऐसा होने पर सरकार पर सोने के आयात का दबाव काफी कम हो सकता था। हालांकि इस स्कीम को सरकार की उम्मीद की तुलना में काफी कम रिस्पॉन्स मिला, जिसकी वजह से अंततः इस स्कीम को बंद करने का फैसला लिया गया।

## लोकसभा ने वित्त विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित किया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लोकसभा ने वित्त विधेयक 2025 को 35 सरकारी संशोधनों के साथ ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसमें ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 फीसदी डिजिटल कर को समाप्त करने वाला संशोधन भी शामिल है। वित्त विधेयक 2025 के पास होने के साथ ही लोकसभा ने बजटीय अनुमोदन प्रक्रिया का अपना हिस्सा पूरा कर लिया है। विपक्षी सांसदों के तमाम संशोधन विधेयक पर मतदान के दौरान गिर गए। लोकसभा से पास होने के बाद वित्त विधेयक, 2025 पर अब संसद के उच्च सदन राज्य सभा विचार करेगी। लोकसभा ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में संशोधन के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत संशोधनों को स्वीकार करते हुए वित्त विधेयक 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद 2025-26 के लिए बजट की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। केंद्रीय बजट 2025-26 में कुल 50.65 लाख करोड़ रुपये के व्यय की परिकल्पना की गई है, जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 7.4 फीसदी अधिक है। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 2025-26 का केंद्रीय बजट करदाताओं के सम्मान के लिए अभूतपूर्व कर राहत प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है।

## लोकसभा ने बॉयलर्स विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित किया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बॉयलर्स विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया है, जो एक सदी पुराने बॉयलर्स अधिनियम, 1923 की जगह लेगा। इस विधेयक को पहले ही 4 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा से पारित किया जा चुका है। अब इस विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आज ही लोकसभा में बॉयलर्स विधेयक, 2024 पेश किया था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में बॉयलर्स विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक बॉयलर्स अधिनियम 1923 की जगह लेगा। इस नए विधेयक का उद्देश्य छोटे-मोटे अपराधों को अपराध से मुक्त करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है। इसके साथ ही बॉयलर उद्योग के लिए सुरक्षा मानकों को बढ़ाना और नियमों को सुव्यवस्थित करना है। पीयूष गोयल ने चर्चा के दौरान सदन को बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य सात अपराधों को अपराध से मुक्त करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रावधान भी हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस विधेयक में यह भी प्रावधान है कि बॉयलर की मरम्मत योग्य और सक्षम व्यक्तियों द्वारा की जानी चाहिए। गोयल ने सदन को बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य सात अपराधों को अपराध से मुक्त करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है। वाणिज्य मंत्री ने सदन को बताया कि यह नया विधेयक व्यापार करने में आसानी (ईओडीबी) के लिए एमएसएमई क्षेत्र सहित बॉयलर उपयोगकर्ताओं को लाभान्वित करेगा। इस विधेयक में गैर-अपराधीकरण से संबंधित प्रावधान शामिल किए गए हैं। वाणिज्य मंत्री ने लोकसभा में विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन को बताया कि बॉयलर और बॉयलर के साथ काम करने वाले कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सात अपराधों में से, चार प्रमुख अपराधों में, जिनके परिणामस्वरूप जान और संपत्ति का नुकसान हो सकता है, आपराधिक दंड बरकरार रखा गया है। अन्य अपराधों के लिए, राजकोषीय दंड का प्रावधान किया जा रहा है। इसके अलावा सभी गैर-आपराधिक कृत्यों के लिए 'जुर्माना' को 'दंड' में बदल दिया गया है, जिसे पहले की तरह अदालतों के बजाय कार्यकारी तंत्र के माध्यम से लगाया जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने सदन को बताया कि प्रस्तावित विधेयक सुरक्षा को बढ़ाएगा, क्योंकि विधेयक में बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान किए गए हैं। बॉयलर की मरम्मत योग्य और सक्षम लोग करते हैं। कई विपक्षी सदस्यों ने मुद्दा उठाया कि बिल में थर्ड पार्टी इंस्पेक्टर का प्रावधान क्यों किया गया है, लेकिन असल में थर्ड पार्टी से इंस्पेक्शन कराने का प्रावधान तो 2007 के कानून में ही था। पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा कि बॉयलर अधिनियम, 1923 को वर्ष 2007 में भारतीय बॉयलर (संशोधन) अधिनियम, 2007 से व्यापक तौर पर संशोधित किया गया था, जिसमें स्वतंत्र तृतीय पक्ष निरीक्षण प्राधिकरणों से निरीक्षण और प्रमाणन कराना शुरू किया गया था। हालांकि, मौजूदा अधिनियम की आगे की जांच करने पर अधिनियम की समीक्षा करने और जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2023 के अनुरूप गैर-अपराधीकरण प्रावधानों को शामिल करने की जरूरत महसूस की गई है।

## नौ दिन की तेजी के बाद डॉलर के मुकाबले फिसला रुपया, भारतीय मुद्रा में 11 पैसे की कमजोरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मुद्रा बाजार में लगातार नौ दिन तक तेजी दिखाने के बाद भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 11 पैसे फिसल गई। डॉलर के मुकाबले रुपया आज दिनभर के कारोबार के बाद 11 पैसे की गिरावट के साथ 85.76 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 85.65 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की तेजी के साथ 85.59 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया मजबूत होकर 85.57 के स्तर तक पहुंचा, लेकिन बाद में शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण बढ़ी डॉलर की मांग के कारण रुपया गिरकर 85.84 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी आधे घंटे के



कारोबार में इसने रिकवरी करके 85.76 रुपये प्रति डॉलर तक के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की। डॉलर की तुलना में रुपये ने आज कमजोरी जरूर आई, लेकिन इसने ज्यादातर दूसरे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले मजबूती दिखाई। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 8 पैसे की मजबूती के साथ 110.90 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 17 पैसे की मजबूती के साथ 92.64 के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा।

## सेफ हार्बर नियमों के लिए आयकर अधिनियम में संशोधन अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सेफ हार्बर नियमों के दायरे का विस्तार करने के लिए आयकर नियम, 1962 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा




92सीबी, अन्य बातों के साथ-साथ, सीबीडीटी को धारा 92सी या धारा 92सीए के तहत आर्म्स लेंथ मूल्य के निर्धारण के लिए सेफ हार्बर नियम बनाने का अधिकार देती है। सीबीडीटी ने यहां कहा कि सेफ हार्बर नियमों के दायरे का विस्तार इस प्रकार किया गया है जिसमें सेफ हार्बर का लाभ उठाने की सीमा को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 300 करोड़ रुपये करना; मुख्य ऑटो घटकों की परिभाषा में इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग के लिए लिथियम आयन बैटरी को शामिल करना तथा सेफ हार्बर का विकल्प चुनने वाले करदाताओं को कर निश्चितता प्रदान करने के लिए यह संशोधन किया गया है। संशोधन दो कर निर्धारण वर्षों 2025-26 और 2026-27 के लिए लागू है।

# डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री में महिलाओं का योगदान सराहनीय : चिराग पासवान

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** । केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) में इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री आर्थिक विकास के एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है, जिसमें महिलाओं का योगदान काफी सराहनीय है। इस अवसर पर प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग में कार्य करने वाली कई महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। आज जारी रिपोर्ट में बताया कि निरंतर विकास की राह पर बढ़ते हुए भारत के प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 4.4 फीसदी की वृद्धि के साथ 22,142 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर हासिल किया है जो वित्तवर्ष 2022-23 में 21282 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में यह तथ्य निकल कर आया है प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुआ है तथा कुल बिक्री में वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले लगभग 860 करोड़ रुपये की वृद्धि तथा वित्तक वर्ष 2019-20 के 16,800 करोड़ रुपये से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 के 22,142 तक के पांच वर्षों में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार की औसतन विकास दर (सीएजीआर) लगभग 7.15 फीसदी रही है। भारत के प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग में व्यापक सुधार हुआ है और कुल बिक्री में वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले लगभग 860 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई कि कारोबार ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर के दोगुनी हुई। इसके साथ ही महिलाओं की इसमें हिस्सेदारी 37 फीसदी से बढ़कर के 44 फीसदी हो गई। चिराग पासवान ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग के योगदान और क्षमता को पहचानने में निश्चित रूप से मील का पत्थर है। डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री आर्थिक विकास के एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है। जिसमें महिलाओं का योगदान काफी सहरानीय है।पासवान ने स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने अधिक रोजगार के लिए सरकार के साथ मिलकर के काम किया और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उच्च उत्पाद गुणवत्ता के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने अपनी विभिन्न रणनीतिक पहलुओं के माध्यम से व्यापार अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने उद्योग को बेहतर विनिर्माण कार्यप्रणालियों को अपनाने और सतत विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उद्योग के हितधारकों को अपने विभाग के समर्थन का आश्वासन दिया और पौष्टिक-औषधीय पदार्थ के क्षेत्र से संबंधित चिंताओं को दूर करने तथा प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसायों को मदद करने के लिए ऋण प्रक्रियाओं को सुचारू बनाने का वचन दिया। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने कहा कि यह रिपोर्ट देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के लिए एक उत्साहजनक प्रवृत्ति को दर्शाती है। उद्योग का विकास पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 7.15 फीसदी का सीएजीआर इस बात का प्रमाण कि देश में प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसायों ने लगातार विकास किया है और उद्योग के लिए सरकार द्वारा एक आशाजनक नियामक ढांचे के बल पर आने वाले वर्षों में और मजबूत होने के लिए तैयार है।

# बिना चीनी के बनाएं फाइबर से भरपूर मखाना खीर, फायदे भी हैं गजब



खीर का नाम सुनते ही मुंह में मिठास घुल जाती है. ये एक ऐसी ट्रेडिशनल डिश है, जो हर घर में त्योहारों, खास मौकों और व्रत में बनाई जाती है. लेकिन अगर आप हेल्थ को ध्यान में रखते हुए बिना चीनी वाली हेल्दी खीर खाना चाहते हैं, तो मखाने की खीर आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है. खास बात ये है कि इसमें भरपूर फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो इसे न केवल स्वादिष्ट बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद बनाते हैं.

मखाना खीर वेट लॉस और पाचन के लिए फायदेमंद होती है. अगर इसे बिना चीनी के बनाया जाए, तो ये डायबिटिक पेशेंट्स, हेल्थ कॉन्शियस लोगों और व्रत में उपवास करने वालों के लिए एक परफेक्ट डेजर्ट बन सकती है. चलिए, जानते हैं बिना चीनी की हेल्दी मखाना खीर बनाने का तरीका और इसके जबरदस्त फायदे.

मखाना खीर बनाने की रेसिपी (बिना चीनी के)

एक पैन में 1 चम्मच घी डालें और उसमें मखाने को 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर भून लें. मखाने जब कुरकुरे हो जाएं, तो उन्हें थोड़ा ठंडा होने दें और फिर दरदरा पीस लें. इसके बाद खजूर को 15 मिनट के लिए गुनगुने पानी में भिगो दें और फिर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें. एक पैन में दूध डालकर धीमी आंच पर 10 मिनट तक उबालें, ताकि वह थोड़ा गाढ़ा हो जाए. अब दूध में पिसे हुए मखाने डालें और 5 मिनट तक पकने दें. अब इसमें नेचुरल मिठास के लिए खजूर का पेस्ट डालें और अच्छी तरह मिलाएं. फिर इसमें बादाम, काजू, पिस्ता और इलायची पाउडर डालें. इसके बाद 2 मिनट पकाएं और सर्व करें .मखाना खीर के गजब के फायदे

1. फाइबर से भरपूर पाचन को मजबूत बनाए

मखाने में भरपूर फाइबर होता है, जो पाचन को सुधारने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है. अगर आप रोजाना मखाना खीर खाते हैं, तो ये गट हेल्थ (आंतों की सेहत) को मजबूत बनाता है.

2. डायबिटीज और वजन कम करने में फायदेमंद

इसमें चीनी की जगह खजूर का इस्तेमाल किया जाता है, जो नेचुरल मिठास देता है और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है. मखाने में लो कैलोरी और हाई फाइबर होता है, जिससे ये वेट लॉस डाइट के लिए बेहतरीन ऑप्शन बन जाता है.

3. हड्डियों को बनाए मजबूत

मखाने में कैल्शियम भरपूर पाया जाता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं. बढ़ती उम्र में जोड़ों के दर्द और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से बचने के लिए इसे डाइट में जरूर शामिल करें.

4. हार्ट के लिए फायदेमंद

मखाने में एंटीऑक्सीडेंट और मैग्नीशियम होता है, जो दिल की सेहत को सुधारता है और हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है. ये कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है, जिससे दिल का दौरा और अन्य हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है.

5. एनर्जी बूस्टर और एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर

मखाना खीर एनर्जी देने वाला फूड है, जो दिनभर एक्टिव रहने में मदद करता है. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनॉयड्स स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं और एंटी-एजिंग गुण प्रदान करते हैं.

# न्यायपूर्ण परिसीमन की लड़ाई!

यह समस्या का आदर्श समाधान नहीं है। सत्ताधारी पार्टी का कुल मिलाकर जो रुख नजर आता है, उसके चलते ही विपक्ष को, एक बचाव उपाय के रूप में ही यह रुख अपनाना पड़ा लगता है। वर्ना होना तो यही चाहिए था कि इस दिशा में किसी भी तरह के कदम उठाने से पहले, केंद्र सरकार सभी राजनीतिक शक्तियों के साथ खुली चर्चा कर, गैर-हिंदी राज्यों की चिंताओं का समाधान खोजती।

है रानी की बात नहीं है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अपनी करनियों और अकरनियों से इस देश की राजनीतिक व्यवस्था में उत्तर और दक्षिण के पुराने विभाजन को फिर से भड़का दिया है। जैसाकि हमने इससे पहले एक लेख में जिक्र किया था, इस विभाजन को बढ़ाने का काम मौजूदा केंद्र सरकार की भाषा नीति और शिक्षा रीति-नीति ने किया है। केंद्र सरकार के, शिक्षा के लिए तमिलनाडु राज्य के फंड उल्लेखनीय पैमाने पर रोकने ने इस टकराव को तेज किया और केंद्र सरकार के इसके ऐलान ने इस टकराव को विस्फोटक बिंदु पर पहुंचा दिया कि 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विशेष रूप से त्रिभाषा फार्मूले को जब तक तमिलनाडु लागू नहीं करता है, उसको रुका हुआ फंड नहीं दिया जाएगा। तमिलनाडु सरकार ने, जो त्रिभाषा फार्मूले को तमिलनाडु समेत गैर-हिंदीभाषी इलाके पर हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देखती है, न सिर्फ फंड रोकने के डंडे के बल पर केंद्र की शिक्षा नीति तथा भाषा नीति थोपने की इन कोशिशों को ठुकरा दिया बल्कि अवज्ञापूर्ण रुख अपनाते हुए, केंद्र की इस मनमानी का हर कीमत पर विरोध करने का भी ऐलान कर दिया।

इसी दौरान, मोदी सरकार के इरादों को लेकर गंभीर आशंकाओं से भड़के एक और मुद्दे ने, उत्तर-दक्षिण के विवाद को और उग्र बना दिया है। यह मुद्दा है, आने वाले समय में होने वाली जनगणना के बाद, होने वाले परिसीमन या जन-प्रतिनिधित्व की इकाई के रूप में लोकसभाई क्षेत्रों के पुनर्सीमांकन का। जन प्रतिनिधित्व की व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक समायोजन की व्यवस्था करते हुए, देश के संविधान में इसका प्रावधान किया गया था कि हरेक दस साला जनगणना के बाद, उसके आधार पर संसदीय क्षेत्रों का पुनर्सीमांकन किया जाए, ताकि इस दौरान आए जनसांख्यिकीय बदलावों को हिसाब में लिया जा सके। इन बदलावों के लिए दो अलग-अलग स्तरों पर, परिसीमन के जरिए परिवर्तन किए जाते हैं। राज्यों के स्तर पर यानी राज्यों के अंदर परिवर्तन और राज्यों के बीच में परिवर्तन। इसी आधार पर, दशकीय जनगणना को आधार बनाकर, पहला परिसीमन 1952 में हुआ था और उसके बाद 1963 तथा 1973 में परिसीमन हुआ था और इसके जरिए



लोकसभा की सीटों की संख्या क्रमशः 494, फिर 522 और फिर 543 तय की गयी थी।बहरहाल, 1976 में एक संविधान संशोधन के जरिए, परिसीमन की प्रक्रिया को 25 साल के लिए स्थगित कर दिया गया और लोकसभा की सीटों की संख्या को तब तक के जहां का तहां रोक दिया गया। इसके पीछे विचार यह था कि जिन राज्यों में आबादी ज्यादा बढ़ रही थी, उन्हें इसी के बल पर लोकसभा सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के जरिए प्रोत्साहित नहीं किया जाए। बहरहाल, इसके बाद यानी 2001 की जनगणना के बाद भी दक्षिण भारतीय राज्यों के कड़े विरोध के सामने, अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार को भी सीटों की कुल संख्या के लिहाज से परिसीमन पच्चीस साल और यानी 2026 तक रोके रखने और सीटों की संख्या जहां की तहां बनाए रखने का कदम उठाना पड़ा था। इसके बाद, परिसीमन आयोग का गठन तो किया गया, लेकिन उसे जनगणना के आंकड़ों के आधार पर राज्यों की सीमाओं के अंदर ही सीमित परिसीमन करना था।2026 के बाद होने वाले इसी पूर्ण परिसीमन ने दक्षिण भारतीय राज्यों और अन्य गैर-हिंदीभाषी राज्यों की भी इसकी आशंकाओं को भड़का दिया है कि यह परिसीमन, लोकसभा की उनकी सीटों की संख्या के रूप में, उनका राजनीतिक वजन घटाने का औजार बनने जा रहा है। इसका कारण आसानी से समझा जा सकता है। आबादी में वृद्धि की दर कम करने के मामले में, दक्षिण भारतीय राज्यों और उत्तर भारतीय राज्यों के बीच अब भी बहुत भारी अंतर बना हुआ है। यह अंतर बेशक घटा है, फिर भी उल्लेखनीय रूप से बड़ा बना हुआ है और इन पचास वर्षों में आबादी वृद्धि दरों से आबादियों के बीच का फासला बहुत ज्यादा बढ़ गया है।ऐसे हालात में यदि आबादी के आधार पर ही परिसीमन किया जाता है, तो संसदीय प्रतिनिधित्व के अनुपात के लिहाज से गैर-हिंदी प्रदेशों का राजनीतिक वजन उल्लेखनीय तरीके से घट जाएगा और हिंदी भाषी क्षेत्र का राजनीतिक वजन उसी अनुपात में बढ़ जाएगा। ऐसा होने में आज केंद्र में सत्ता में बैठे संघ-भाजपा को राजनीतिक फायदा नजर आ रहा है क्योंकि गैर-हिंदी क्षेत्र ही उनका मजबूत राजनीतिक गढ़ है, जबकि खासतौर पर दक्षिणी भारत में उनकी ताकत बहुत ज्यादा नहीं है। इस संबंध में वर्तमान सत्ताधारियों की नीयत को लेकर संदेह इसलिए और भी बढ़ जाते हैं कि उनके पसंदीदा प्रोजेक्ट के रूप में बनाये गए नये संसद भवन में, जिसकी संकल्पना में किसी व्यापक राजनीतिक परामर्श का कोई दखल नहीं था, भविष्यदृष्टि के नाम पर लोकसभा में 800 से ज्यादा सीटों की व्यवस्था रखी गयी है। यह इसका स्पष्ट संकेत करता है कि वर्तमान सरकार, परिसीमन के फलस्वरूप लोकसभा की सीटों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने का अनुमान लगाकर चल रही है।

और जैसाकि हमने पीछे कहा, आबादी पर आधारित परिसीमन के जरिए सीटों की बढ़ोतरी का अर्थ होगा, हिंदी-भाषी क्षेत्र का संसदीय वजन उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाना और विशेष रूप से दक्षिण का वजन उसी अनुपात में घट जाना।इस सिलसिले में विशेष रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों की गंभीर आशंकाओं तथा चिंताओं को एक हद तक शांत करने की कोशिश में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ ही हफ्ते पहले, तमिलनाडु के अपने एक दौरे के क्रम में यह आश्वासन दिया था कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परिसीमन से किसी भी राज्य की सीटें घटेंगी नहीं बल्कि सभी की सीटों में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने आनुपातिक आधार पर'' सीटें तय किए जाने का भरोसा दिलाया था। लेकिन, शाह का यह आश्वासन भी गैर-हिंदी राज्यों की आशंकाओं को दूर करने के लिहाज से नाकाफी ही साबित हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि शाह के आश्वासन से यह स्पष्ट नहीं है कि अनुपात के आधार पर'' से उनका ठीक-ठीक आशय क्या है? मुद्दा यह नहीं है कि हिंदी राज्यों की सीटें बढ़ जाएंगी और गैर-हिंदी राज्यों की सीटें घट जाएंगी। मुद्दा यह है कि सीटों की संख्या में बढ़ोतरी किस आधार पर होगी। अगर यह बढ़ोतरी चालू आबादी के आधार पर की जाती है, तो कुल मिलाकर गैर-हिंदी राज्यों की सीटों का अनुपात, उसके वर्तमान अनुपात से घट जाएगा।गैर-हिंदी राज्य लोकसभा की कुल सदस्य संख्या में अपने वर्तमान अनुपात को बनाए रखे जाने की मांग कर रहे हैं और अमित शाह और उनके संगी, इसी का आश्वासन देने के लिए तैयार नहीं हैं। जाहिर है कि वे आबादी पर आधारित परिसीमन के अनार्जित फायदे हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं।इसी पृष्ठभूमि में 22 मार्च को चेन्नै में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की पहल पर, प्रस्तावित परिसीमन से चिंतित राज्यों के नेताओं का जमावड़ा हुआ। इस मुद्दे पर तमिलनाडु की, अपवादस्वरूप भाजपा को छोड़कर अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट करने के बाद, स्टालिन ने और वृहत्तर राजनीतिक एकता के लिए पहल की है। यह पहल कोआर्डीनेशन कमेटी फॉर फेअर डिलिमिटेशन नाम के मंच के माध्यम से की गयी है। यह इस मंच की पहली ही बैठक थी जिसमें तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना तथा पंजाब के मुख्यमंत्रियों के अलावा कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री और ओडिशा की मुख्य विपक्षी पार्टी, बीजू जनता दल के सुप्रीमो, नवीन पटनायक और तेलंगाना की प्रमुख विपक्षी पार्टी, बीआरएस के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया।इस बैठक ने एक स्वर से यह मुद्दा उठाया है कि आबादी के अनुपात के आधार पर राज्यों का लोकसभा का प्रतिनिधित्व तय करना, विशेष रूप से दक्षिण भारत के उन राज्यों को दंडित करना होगा, जिन्होंने राष्ट्रीय आबादी नीति के पालन में और अन्य अनेक मानकों पर प्रगति में, हिंदी-भाषी राज्यों के मुकाबले बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है। उन पहलुओं से अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सजा देना और खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सीटों या उनके अनुपात में बढ़ोतरी के रूप में ईनाम दिया जाना, तो न्यायपूर्ण परिसीमन नहीं है। बैठक ने सर्वानुमति से मांग की है कि लोकसभा की सीटों की संख्या की बढ़ोतरी पर पचास साल से चली आ रही रोक, और 25 वर्ष के लिए बढ़ा दी जाए।बेशक, यह समस्या का आदर्श समाधान नहीं है। सत्ताधारी पार्टी का कुल मिलाकर जो रुख नजर आता है, उसके चलते ही विपक्ष को, एक बचाव उपाय के रूप में ही यह रुख अपनाना पड़ा लगता है। वर्ना होना तो यही चाहिए था कि इस दिशा में किसी भी तरह के कदम उठाने से पहले, केंद्र सरकार सभी राजनीतिक शक्तियों के साथ खुली चर्चा कर, गैर-हिंदी राज्यों की चिंताओं का समाधान खोजती।

संपादकीय

## कटाक्षों से घबराती सरकार

सत्ता जब अनैतिक तरीके से पायी और चलायी जाये तो उससे उपजा अपराध भाव सियासतदानों को एक हास्य कलाकार से भी डरा देता है। फिर उसकी आवाज़ दबाने के लिये कानून की बजाय राज्य अपनी मशीनरी तथा संगठन की ताकत का बेजा इस्तेमाल करता है। कुछ ऐसा ही हुआ है रविवार को मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब में, जहां प्रसिद्ध हास्य कलाकार कुणाल कामरा का शो हुआ था जिसमें उन्होंने मौजूदा राजनीति पर करारे व्यंग्य कसे थे और किसी का भी नाम लिए बिना नेताओं की अवसरवादिता पर कटाक्ष किया था। इससे नाराज़ शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल में जमकर तोड़-फोड़ की, साथ ही कामरा के खिलाफ मामला दज़् कर दिया गया है और उन्हें देश भर में कहीं भी न घूमने-फिरने की चेतावनी दी जा रही है।

कामरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(1)(बी) और 356(2) (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वैसे कुणाल के जिस मज़ाक पर शिंदे गुट के शिवसैनिक नाराज़ हैं व एफआईआर दज़् है उसमें न तो उप मुख्यमंत्री का नाम लिया गया है और न ही पार्टी के किसी नेता का उल्लेख है। उल्लेखनीय है कि करीब तीन वर्ष पहले शिवसेना और एनसीपी, इन दोनों दलों में जो फूट पड़ी थी, उस पर कुणाल कामरा ने यह कहकर तंज कसा था कि %शिवसेना से शिवसेना निकल गयी और एनसीपी से एनसीपी निकल गयी। साथ ही उन्होंने शिंदे को संकेतों में गद्दार कहा।राज्य की भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) व एनसीपी (अजित पवार गुट) की सरकार तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को कुणाल की कॉमेडी ऐसी नागवार गुजरी कि उन्होंने आयोजन स्थल में जमकर तोड़फोड़ की। जिस के बाद 11 उपद्रवी गिरफ्तार हुए हैं। उधर पुलिस ने शिवसेना विधायक व पार्टी प्रवक्ता मुरजी पटेल की शिकायत के आधार पर कुणाल कामरा के खिलाफ को एफआईआर दर्ज की। इतना ही नहीं, मुम्बई महानगरपालिका का एक दस्ता क्लब को जमींदोज़ करने हेतु भेजा गया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कामरा की कॉमेडी को %अपमानजनक% बतलाते हुए कहा कि %यह सहन नहीं किया जायेगा।% जबकि शिवसेना विधायक और मंत्री प्रताप सरनाइक का कहना है कि तोड़फोड़ जैसे काम का वह सरकार में होने के नाते समर्थन नहीं करते, लेकिन मंत्री होने से पहले वे शिवसैनिक हैं और जो हमारे नेता का मज़ाक उड़ाएगा उसे शिवसैनिक छोड़ेंगे नहीं। इस घटना पर शिवसेना कार्यकर्ताओं का खून उबाल मार रहा है और नेता उसे जायज ठहरा रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि कुणाल को महाराष्ट्र ही नहीं हिन्दुस्तान भर में कहीं भी घूमने-फिरने नहीं दिया जायेगा। ठाणे से शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के का कहना है कि कामरा एक अनुबंधित कॉमेडियन हैं।मगर उन्हें सांप की पूंछ पर पैर नहीं रखना चाहिए था। एक बार जब नुकीले दांत बाहर आते हैं तो परिणाम भयंकर होते हैं। म्हस्के ने आरोप लगाया कि कामरा ने उद्धव ठाकरे से पैसे लिए हैं और एकनाथ शिंदे को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि %हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वे देश में कहीं भी घूम न सकें। हम दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिक हैं। अगर ह उनका अनुसरण करने लगे तो कामरा को देश छोड़ पड़ेगा।गौरतलब है कि कुणाल कामरा समकाली परिघटनाओं और राजनीति को अपने व्यंग्य के विष बनाते हैं। एक मायने में उन्हें साहसी व चैतन्य कलाका माना जाता है जो देश-विदेश की घटनाओं पर अप तरीके से अपनी राय जाहिर करते हैं। स्टैंडअप कॉमे के अलावा वे सोशल मीडिया के जरिये भी सक्रिय रह हैं। स्वाभाविक है कि उन्हें इस नाते कई लोगों क नाराज़गी का सामना करना पड़ता है। अनेक प्रसि हस्तियों से वे उलझ भी चुके हैं। 2020 में इंडिगो क एक फ्लाइट में उनकी मुलाकात सत्ता समर्थक माने जा वाले एंकर अर्नब गोस्वामी से जब हुई तो उन्हों गोस्वामी की पत्रकारिता पर तीखे सवाल किये। इसक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया अर्नब गोस्वामी ने कामरा की किसी भी बात का जवा नहीं दिया तो कॉमेडियन ने यह कहकर उनका मज़ा उड़ाया कि वे सबसे सवाल तो पूछते हैं .

# योगी राज में सर्वांगीण विकास के पथ पर तेज़ी से अग्रसित होता उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 मार्च 2025 को अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार आठ वर्ष तक कार्य करने का एक नया कीर्तिमान बना दिया हैं। सख्त, ईमानदार व एक विजनरी प्रशासक वाली कार्यशैली के दम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश व देश के साथ-साथ पार्टी में भी एक भरोसेमंद ब्रांड बनकर के स्थापित हो गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का आलम यह हो गया है कि एक तरफ तो देश के हर राज्य के चुनावों में प्रचार के लिए योगी आदित्यनाथ की मांग निरंतर होती है, वहीं दूसरी तरफ अब योगी की कार्यशैली के देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी आये दिन चर्चाएं होती रहती हैं। वैसे भी जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों के अपने शासन के दौरान उत्तर प्रदेश के शासन व पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में जबरदस्त ढंग से सुधार करते हुए, दशकों से सरकारी तंत्र की तरह-तरह के हस्तक्षेप, माफियागिरी, भ्रष्टाचार व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते कुंद हो चुकी धार को तेज करते हुए, उसे आम जनमानस व देश के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करने का कार्य बखूबी किया है, जोकि बेहद ही काबिले-तारीफ है और जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से शासन व पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में आये सकारात्मक बदलाव के रूप में राज्य के आम जनमानस को नज़र आने लगा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दमदार ढंग से सत्ता में आठ वर्ष का अपना लंबा कार्यकाल 25 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जोकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के नाम पर एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि इतिहास में दर्ज हो गयी है। देश के हर कोने में योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली के बड़ी संख्या में आम व खास लोग प्रसंशक होते जा रहे हैं। शानदार कार्यशैली के दम पर अपने प्रथम कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश व दुनिया में %बुलडोजर बाबा% के नाम से मशहूर हो गए थे। उनके बुलडोजर ने उत्तर प्रदेश के बड़े से बड़े माफियाओं की सल्तनत को ध्वस्त करने का कार्य बेखौफ होकर के किया है, आज देश के अधिकांश राज्य अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की नक़ल करने में लगे हुए हैं, जो उनकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

÷नियम-कायदे व कानून पसंद देशभक्त देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए योगी आदित्यनाथ के प्रथम कार्यकाल की तरह ही दूसरे कार्यकाल से भी लोगों को बहुत ही ज्यादा उम्मीदें थीं। जिस पर जनता की अदालत में योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में भी पूरी तरह से खरे उतरते नज़र आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों ने अब उत्तर प्रदेश को एक बीमारू राज्य की श्रेणी से निकल कर के देश में दूसरे पायदान पर लाकर के खड़ा कर दिया है, जो योगी आदित्यनाथ सरकार की बड़ी उपलब्धि है।÷

जो लोग यूपी की अर्थव्यवस्था को %वन ट्रिलियन इकनॉमी% करके देश में विकास की अग्रणी पंक्ति पर स्थापित होता देखना चाहते हैं, योगी आदित्यनाथ उन लोगों के सपने को जल्द से जल्द ही धरातल पर सरकार करने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं और वर्ष 2029 तक उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने की समय सीमा भी तय कर रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह भी अच्छे से जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल्द से जल्द देश की अर्थव्यवस्था को %फाईव ट्रिलियन इकनॉमी% की बनते हुए देखने का जो सपना देखा हैं, इस सपने को पूरा करने का रास्ता उत्तर प्रदेश की गलियों से होकर ही गुजरता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अच्छे से जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में जितनी तेजी से सभी क्षेत्रों का बिना किसी भेदभाव के विकास होगा, उतनी ही तेजी के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था के %फाईव ट्रिलियन इकनॉमी% बनने का भी रास्ता साफ होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देश के देशभक्त आम जनमानस का सपना भी धरातल पर साकार होता नज़र आयेगा।

÷वैसे भौगोलिक रूप से देखा जाए तो उत्तर प्रदेश एक बहुत बड़े क्षेत्रीय विस्तार वाला राज्य है, जिसके चलते पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए उत्तर प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास के लिए योजनाएं बना कर, उन्हें तेज़ी से धरातल पर अमलीजामा पहनाने का कार्य बखूबी किया है। धरातल पर जाकर के देखें तो उत्तर प्रदेश में सर्वांगीण विकास को तेज गति देने वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण कार्य योगी राज में बहुत ही तेजी से जगह-जगह चल रहा है। प्रदेश के गांव, कस्बे व शहरों के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार धरातल पर निरंतर कार्य कर रही है।÷

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश की ताक़त उसकी एकजुटता में है, जिसके चलते ही उत्तर प्रदेश के चारों हिस्से पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांव, कस्बों व शहरों में बड़े पैमाने पर विकास का एक पूरा सशक्त आधारभूत ढांचा योगी राज में तैयार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में अब योगी के प्रयासों से ही डबल



इंजन की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के मार्ग, सड़क मार्ग, हाईवे, एक्सप्रेस-वे, रेल, मेट्रो, एयरपोर्ट, रेपिड रेल, जल मार्ग, डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, औधोगिक क्षेत्र, राज्य में दूर दराज के गांव तक भी इंटरनेट, अत्याधुनिक कोल्डस्टोरेज की सुविधा, %वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट% आदि के सपने को धरातल पर मूर्त रूप दिया है। वहीं योगी आदित्यनाथ ने देश व दुनिया में बसे करोड़ों सनातन धर्म के अनुयायियों के धार्मिक पर्यटन के उद्देश्य से राम मंदिर निर्माण, अयोध्या, काशी व मथुरा का विकास, प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में विश्व स्तरीय अत्याधुनिक महाकुंभ नगरी का निर्माण करके लगभग 66 करोड़ से अधिक लोगों को संगम पर स्नान करा कर के, उत्तर प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को तरक्की के पंख लगा कर के राज्य में विकास के नये आयाम स्थापित करने का कार्य किया है। ÷मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में भयमुक्त माहौल बनाने के लिए पूरे प्रदेश में ही बेहद सख्त व प्रभावी क़दम उठाए हैं। उनकी सख्ती के चलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस ने योगी सरकार के पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल में माफिया व अपराधियों की कमर तोड़ने का कार्य बखूबी से किया है। योगी सरकार ने राज्य में 222 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराने कार्य किया है। मुठभेड़ के दौरान 8,118 अपराधी घायल हुए हैं। वहीं आम जनमानस में खौफ पैदा करने वाले 79,984 खतरनाक अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं योगी आदित्यनाथ सरकार ने वर्ष 2017 से वर्ष दिसंबर 2024 तक चिन्हित 68 माफियाओं के लंबित मुकदमों में प्रभावी पैरवी करते हुए 73 अभियोगों में 31 माफियाओं और 74 सह अपराधियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा दिलवाने का कार्य भी किया है और दो अपराधियों को सजा ए मौत फांसी भी सुनाई गई है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह रणनीति उत्तर प्रदेश में भयमुक्त माहौल बनाने के सपने को धरातल पर साकार करने का कार्य करती है।÷

हालांकि उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले लोगों को समय से रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा व चिकित्सा आदि जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना, किसी भी सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। क्योंकि उसको पूरा करने के लिए सरकार में बैठे लोगों के बेहतरीन विजन व राजकोष में अथाह धन की आवश्यकता होती है, जिस जिम्मेदारी को योगी सरकार ने बखूबी संभालने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए अच्छी बात यह है कि योगी राज में यूपी बीमारू राज्यों की श्रेणी से बाहर आ गया है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार व अपराध योगी राज में कम होने के चलते, यूपी फिर से देश व दुनिया के निवेशकों की पसंद बनने लगा है, योगी की नीतियों से यूपी सरकार की खाली झोली अब खजाने से भरने लगी है। योगी सरकार की नीतियों व सहयोगात्मक रवैये के चलते राज्य में अब बहुत बड़े पैमाने पर देश व दुनिया से निवेश आना शुरू हो गया है। राज्य में औधोगिक विकास एक बार फिर से तेज़ गति पकड़ने लगा है। कुछ सरकारी आंकड़ों की बात करें तो योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली व नीतियों के चलते ही योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में ही उत्तर प्रदेश %ईज ऑफ डूइंग बिजनेस% की राष्ट्रीय रैंकिंग में 12 पायदान से ऊपर उठकर 2 नंबर पर आ गया था। राज्य सरकार ने निवेशकों की सुविधा के लिए %निवेश मित्र% पोर्टल की शुरुआत करने का कार्य किया है, प्रदेश के 43 विभागों की 487 से अधिक महत्वपूर्ण सेवाएं ऑनलाइन कर दी गयी हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन करवा रही है। राज्य में अकेले एमएसएमई सेक्टर में ही 90 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, निर्यात का आंकड़ा 2 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। जो स्थिति यूपी के सर्वांगीण विकास व औद्योगिक विकास की रफ्तार के दृष्टिकोण से एक बहुत ही अच्छा संकेत है। जिसके चलते ही योगी सरकार में 45 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव अभी तक आ चुके हैं, जिसमें से 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश अभी तक धरातल पर मूर्त रूप ले चुका है, लगभग 60 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है, बहुत जल्द जीडीपी 30 लाख करोड़ के आंकड़े को पार करने वाली है, अर्थव्यवस्था की रफ्तार दोगुनी हो चुकी है।



# त्योहारों में रखें त्वचा का ध्यान

भारत त्योहारों का देश है। जहां हर त्योहार आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाता है। यह भी सच है कि इन त्योहारों में बाजार में काफी भीड़ रहती है।इसी मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल रखना भी काफी महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि धूल, गंदगी, प्रदूषित वातावरण और भागदौड़ भरी जिदगी से उपजा तनाव त्वचा की खूबसूरती को चुरा लेता है। इससे त्वचा अपनी रौनक खोने लगती है।

इतना ही नहीं अधिक देर तक एसी में बैठने के कारण भी त्वचा रूखी और बेजान लगने लगती है। इन सभी समस्याओं को दूर करके त्वचा की खोई रौनक लौटाने के लिए ही है बॉडी पॉलिशिंग। **आइए जानते है।**

### कैसे करता है काम

बॉडी पॉलिशिंग में सबसे पहले त्वचा की सफाई की जाती है। उसके बाद मृत त्वचा को हटाने के लिए बॉडी की स्क्रबिंग की जाती है। इसके बाद स्टीम देकर त्वचा पर स्किन ग्लो पैक लगाया जाता है। कुछ देर बाद बॉडी शाइनर लगाकर त्वचा की 5-10 मिनट तक मसाज की जाती है, जिससे बॉडी में खासी चमक आती है। फिर अल्ट्रासोनिक मशीन से त्वचा में विटामिन्स और अन्य पोषक तत्व पहुंचाए जाते हैं।

बॉडी की क्लींजिग, स्क्रबिग, मसाज आदि के कारण रोमछिद्र खुल जाते हैं। इसलिए पूरे बॉडी पर पैक लगाकर शरीर को फॉयल पेपर से रैप कर दिया जाता है और उस पर गर्म पानी में भिगोया तौलिया लपेट दिया जाता है। शरीर को बीस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। उसके बाद साफ करके एसपीएफ क्रीम लगाई जाती है। इस पूरी विधि में दो-तीन घंटे का समय लगता है। बॉडी पॉलिशिग में कुछ खास किस्म के फूलों या फलों का रस, चॉकलेट, कॉफी जैसी कई सामग्रियों का प्रयोग इसके लिए किया जाता है। लेकिन आपके लिए कौन-सी चीजें बेहतर हैं, यह आपकी त्वचा के अनुसार ही तय किया जाता है।

### शुष्क त्वचा

रूखी त्वचा वालों के लिए ब्राउन शुगर की पॉलिशिग फायदेमंद रहेगी। ब्राउन शुगर और जोजोबा ऑयल को बराबर माला में विटामिन-ई के कैप्सूल के साथ मिलाकर शुष्क त्वचा की पॉलिशिग करने से, त्वचा की खोई नमी लौट आती है। चंदन और गुलाब के एसेंशियल ऑयल्स की ताजगी के साथ इनके एंटी बैक्टीरियल गुण त्वचा को स्वस्थ रखते हैं।

### सामान्य त्वचा

सामान्य त्वचा के लिए कॉफी, शुगर, चावल के चोकर फायदेमंद है। इन्हें अंगूर के बीज, तिल आदि एसेंशियल ऑयल के साथ मिलाकर बॉडी मसाज के लिए प्रयोग किया जाता है। साथ ही ताजे फलों और गुलाब की पत्तियों को बॉडी पॉलिशिग के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो त्वचा को चमकदार बना देते हैं।

### तैलीय त्वचा

अगर आपकी त्वचा तैलीय है, तो उसके लिए सी-सॉल्ट का प्रयोग फायदेमंद रहेगा। सी-सॉल्ट में त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम और क्लोराइड होते हैं। जिनके प्रयोग से त्वचा में निखार आता है।

इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण भी होते हैं, जो मुहांसों की समस्या को दूर करने में भी बेहद कारगर होता है। नींबू, तुलसी, यूकेलिप्टस जैसे एसेंशियल ऑयल्स तैलीय त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं।



# कहीं आपकी गर्दन उम्र न बता दे

आज की इस बदलती जीवन श्रेणी ने महिलाओं के लिए अपनी खुबसूरती बढ़ाने के लिए कई आयाम विकसित कर दिए हैं। जिनमें सबसे पहले आता ब्यूटी पार्लर। ब्यूटी पार्लर आज हर महिला जाती है।चाहे वह लड़की हो या फिर कोई लड़का। जब कुछ पाया है तो कुछ खोने के लिए भी तैयार रहने की आवश्यकता तो जरूर होती ही है। प्रायः देखा गया है कि महिलाएं चेहरे की देखभाल व शृंगार पर तो बहुत अधिक ध्यान देती हैं पर शरीर के एक आकर्षक अंग गर्दन के सौंदर्य के प्रति लापरवाही बरतती हैं। चेहरे पर तो कई तरह के फेस पैक, क्रीम आदि से त्वचा को निखार देती हैं पर गर्दन की अवहेलना के कारण चेहरे की अपेक्षा गर्दन का रंग अत्यधिक काला हो जाता है। खासकर जो महिलाएं गहरे गले के ब्लाउज पहनती हैं उनमें यह अंतर साफ तौर पर नजर आ ही जाता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव गर्दन की त्वचा पर जल्दी पड़ता है इसलिए गर्दन की त्वचा पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। गर्दन के सौंदर्य के निखार के लिए निम्न बातों को अपनाने से काफी हद तक इस प्रकार की परेशानी से निजात पाया जा सकता है:

- जब भी चेहरे पर फेस पैक का प्रयोग करें, गर्दन पर भी उस पैक को लगाएं।
- धूप में बाहर जाते समय गर्दन पर भी सनस्क्रीन लोशन अवश्य लगाएं। इससे गर्दन की त्वचा को सूर्य की पराबैंगनी किरणों से सुरक्षा मिलेगी।
- नहाने के पश्चात् हल्के हाथों से ही चेहरे की तरह गर्दन को पोंछें। फिर गर्दन पर मास्चराइजर लगाएं। इससे गर्दन की त्वचा की नमी बरकरार रहेगी। अगर गर्दन की त्वचा पर झुर्रियां पड़ रही हैं तो गर्दन की नियमित मसाज करें। मसाज करते समय हमेशा हाथ नीचे से ऊपर की ओर ले जाएं। मसाज के लिए किसी भी कोल्ड क्रीम का ही प्रयोग करें।
- अक्सर देखा जाता है कि गर्दन की त्वचा अधिक खुश्क हो जाती है । खुश्की को दूर करने के लिए रात को सोने से पूर्व ग्लिसरीन, गुलाब जल व मलाई का पेस्ट तैयार कर गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट के बाद इसे साफ कर लें। त्वचा में निखार आएगा व त्वचा मुलायम बनेगी।
- अगर गर्दन पर अधिक मैल जमी है जिसके कारण उसकी रंगत काली पड़ती जा रही है तो 15 दिन के बाद ब्लीचिंग करें।
- गर्दन की सुडौलता के लिए नियमित व्यायाम जरूरी करें।

महिलाएं सबसे ज्यादा केयर अपने चेहरे की करती हैं लेकिन वे यह भूल जाती हैं कि हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग पैर हैं जिन्हें वे ज्यादा तब्बजो नहीं देना बहुत बडी समस्या बन जाती है।

# हर मौसम में पैरों का रखे खास ख्याल

अक्सर हम चेहरे की खूबसूरती बनाए रखने के लिए तरह-तरह के उपाय करते है। लेकिन पैरों पर ध्यान देना भूल जाते है। हर मौसम में पैरों का ख्याल रखना जरूरी है। खासतौर से मानसून में तो पैरों का खास ख्याल रखना ही पड़ता है। वातावरण में गर्मी एवं नमी की वजह से बारिश में शरीर हमेशा चिपचिपा रहता है। यह मौसम वायरस और वैक्टीरिया पनपने के लिए भी अनुकूल होता है, इसलिए इस मौसम में संक्रमण की आशंका अधिक होती है।पैरों को संक्रमण से बचाने के लिए निम्न तरीके अपनाए।

### पैरों की नियमित सफाई करें

आज की प्रतिस्पर्धा की दौड़ में हर इंसान की जिदगी में भागदौड़ बनी रहती है, इसलिए वह घर से बाहर निकले बगैर रह नहीं सकता और जब वह घर से बाहर निकलता है, तब धूल और मिट्टी पैरों के संपर्क में आती है, जिससे संक्रमण होता है। बेहतर होगा कि आप घर लौटने के बाद नियमित रूप से अपने पैरों की सफाई साबुन से करें और सफाई करते समय पैरों की उंगलियों के बीच वाले भाग की सफाई अवश्य करें।

### दो सप्ताह में पेडिक्योर करवाएं

नियमित पेडिक्योर करवाने से आपके पैर मुलायम और नमी से मुक्त रहेंगे और पेडिक्योर में पैरों की उंगलियों की सफाई के साथ-साथ टूल्स के सहारे पैरों का व्यायाम भी कराया जाता है। इसे आप किसी भी पार्लर में जाकर करवा सकते हैं।

### टोनल की नियमित देखभाल करें

अपने पैरों के नाखूनों को समय-समय पर उचित उपकरण द्वारा काटें। नाखून को कर्व शेप में काटना चाहिए ताकि इसमें गंदगी कम फंसी रहे और नाखून काटने के बाद पैरों को डिटोल से साफ करना चाहिए। संक्रमण से बचाने के लिए लोशन और क्रीम से नियमित मालिश करें।

### सावधानियां

इस मौसम में पैरों में फंगस से संक्रमण होता है। एलर्जी भी इस मौसम में ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आपको एंटी फंगल ट्रीटमेंट कराना चाहिए। इसके लिए डॉक्टर की सलाह से लोशन, क्रीम, स्प्रे और पाउडर का प्रयोग करना चाहिए। इस मौसम में हमेशा इस तरह के जूते, चप्पल और सॉक्स का प्रयोग किया करें, जो कम गीले हों। इस मौसम में हाई हील सैंडल का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसको पहनने से फिसलने की संभावना अधिक होती है।

### पैरों में संक्रमण

**रिगवर्म:** यह पैरों में रिग आकार का संक्रमण होता है। इससे पैरों की चमड़ी लाल कठोर हो जाती है और इसमें खुजलाहट भी होती है। यह फंगस के संक्रमण से होता है।

**नेल इंफेक्शन:** खासकर बरसात के मौसम में नाखून फंगल इंफेक्शन से प्रभावित होता है। इसमें नाखून में सूजन, लाल होना और नाखून में खुजली होती है।

**एथलीट्स फुट:** यह बरसात में संक्रमण के कारण होता है, जो प्रायः पैरों में लाल धब्बा जैसा दिखता है। यह धीरे-धीरे उंगलियों से पूरे पैर में फैल जाता है। इस बीमारी में स्किन का टूटना, दरार पड़ने के साथ-साथ पैरों से दुर्गंध भी आती है।

**एक्जिमा:** एक्जिमा से पैरों की त्वचा कठोर और पपड़ीदार हो जाती है। यह बैक्टीरिया के कारण फैलता है। यह नुकसानदेह बीमारी है। इसके होने के बाद तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।



**खुजली:** यह संक्रमण फंगस के कारण फैलता है। यह लाल धब्बे की तरह पैरों की उंगलियों के बीच में होता है। इसमें काफी खुजलाहट होती है।

### संक्रमण से बचाव

पैरों को साफ एवं सूखा रखें। महिलाएं एसिटोन फ्री नेल पॉलिश रीमूवर का प्रयोग करना चाहिए।

मॉइस्चर को एबजोर्व करने वाले जूतों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि सैंडल का प्रयोग अधिक करना चाहिए। इस तरह के फुटवियर का प्रयोग करना चाहिए जो गीला होने के बाद जल्द सूख जाये।

कमरे के फर्श को गीला न रखें।

वाटर प्रुफ सैंडल एवं जूते का प्रयोग करें।

# हेल्थ प्लस

## वेजिटेबल खाओ, हेल्दी रहो

**लोग** हेल्दी होने के लिए पता नहीं क्या-क्या खाते हैं? जबकि सचाई यह है कि अगर सही तरीके से हरी सब्जियां भी खा ली जाएं, तो इंसान पूरी तरह हेल्दी रह सकता है। मटर, गाजर और पालक जैसी सब्जियां भी हमारी बॉडी के लिए काफी हेल्दी होती हैं :

कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो कितना भी खा लें लेकिन उनकी बॉडी पर उसका जरा भी असर नजर नहीं आता। वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो बहुत कम खाकर भी हेल्दी रहते हैं। दरअसल, यह सब इस चीज पर डिपेंड करता है कि आप क्या खाते हैं। दरअसल, हम लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होती कि हमारी बॉडी के लिए क्या चीज फायदेमंद रहेगी और क्या नुकसानदायक। इसी जानकारी के अभाव में कई बार हम कुछ भी खा लेते हैं। आइए आपको देते हैं कुछ ऐसी ही चीजों की जानकारी, जो हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं।

**मटर**

मटर न सिर्फ किसी सब्जी का जायका बढ़ा देती हैं, बल्कि यह एक ऐसी सब्जी है, जिसमें प्रोटीन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। आपको बता दें कि ऐसी बहुत कम सब्जियां हैं, जिनमें इतना ज्यादा प्रोटीन पाया जाता हो। इसके अलावा, मिल्क, टोफू, योगहर्ट और सोया प्रोटीन के रिच सोर्स हैं। खुद को फिट रखने में इन चीजों का सेवन बेहद फायदेमंद होता है।


**जिमीकंद**

इसमें बहुत मात्रा में स्ट्राॅर्च पाया जाता है। इसलिए आप इसकी जगह आलू भी खा सकते हैं। दरअसल, आलू, जिमीकंद और अरबी में स्टार्च की मात्रा बराबर होती है। एक्सपर्ट कहते हैं कि उबकाई या उल्टी की शिकायत होने पर जिमीकंद खाना फायदेमंद रहता है। इसमें कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो कैंसर होने से बचाते हैं। ये तत्व अरबी और आलू में मौजूद नहीं होते।

**गाजर**

गाजर विटामिंस का अच्छा सोर्स हैं। अगर आपको यह खाना पसंद नहीं है, तो दूसरी कई और सब्जियां हैं, जिनमें यह तत्व खूब पाया जाता है। इसकी जगह आप मेथी के ऑप्शन पर जा सकते हैं।

कॉलेस्ट्रॉल को कम करने में मेथी का उपयोग फायदेमंद होता है। इसके अलावा, मेथी का इस्तेमाल डाइजेशन, पेट का इंफेक्शन, माउथ अल्सर और डायबिटीज आदि में बेहद फायदेमंद होता है। खासतौर पर प्रेग्नेंसी के दौरान इसका सेवन बच्चे और मां दोनों के लिए बेहद फायदेमंद है।



**स्प्रिंग ओनियन**

प्याज विटामिन सी का अच्छा सोर्स है। अगर आप किसी वजह से इसे नहीं खाना चाहते , तो हरी पत्तेदार सब्जियां , वीट ब्रेड , लेंटिस , ब्रान फ्लेक्स और ब्राउन राइस के ऑप्शन पर जा सकते हैं। ये सभी चीजें फाइबर्स से भरपूर हैं और बाउल मूवमेंट में फायदेमंद होती हैं। विटामिन सी पाने के लिए आप टमाटर , स्वीट लाइम , ऑरेंज , बेल पीपर्स , कैबेज और दूसरे सिटरस फ्रूट्स के ऑप्शन पर भी जा सकते हैं।

**पालक**

पालक फाइबर और पोटैशियम का सबसे अच्छा सोर्स है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह बेहद कम दामों पर उपलब्ध है। हालांकि इसको रिप्लेस करना बेहद मुश्किल है , लेकिन आप चाहें तो इसकी जगह फूल गोभी , लौकी और परवल के ऑप्शन पर जा सकते हैं। पालक की तरह ही इनमें भी पर्याप्त फाइबर्स पाए जाते हैं। पोटैशियम पाने के लिए आप अपने खाने में टेमरिंड भी मिला सकते हैं। टेमरिंड सस्ता और हेल्दी है , जबकि लेमन आपको महंगा पड़ेगा।

**नींबू**

इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। नींबू के नियमित इस्तेमाल से स्किन और बाल ग्लो करते हैं। इसमें आयरन की मात्रा भी काफी होती है। हां , अगर आप नींबू नहीं लेना चाहते , तो आप आंवले से भी इतनी ही मात्रा में विटामिन सी पा सकते हैं। आंवला नींबू से सस्ता होता है , लेकिन विटामिन सी से भरपूर होता है।

इसमें आयरन और एंटी ऑक्सिडेंट बेहद मात्रा में होते हैं , जो उम्र बढ़ने वाले रेडिकल्स से आपको बचाए रखते हैं। ये नेचरल कूलेंट का काम करते हैं , इसलिए स्किन को भी हानिकारक टॉक्सिन से बचाते हैं। अगर किसी डिशेज में आप लेमन जूस डालना है , तो उसके साथ थोड़ा वाइट विनेगर जरूर डा लें।

## बच्चों की आंखों को दें स्पेशल केयर



**अगर** आप सोचते हैं कि आंखों की परेशानियां एक उम्र के बाद ही शुरू होती हैं, तो आपकी सोच गलत है। बच्चों को भी आंखों की तमाम परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। यहां तक कि न्यू बॉर्न बेबी की आंखों में भी प्रॉब्लम आ सकती है और समय रहते इलाज न होने पर उसकी जिंदगी में अंधेरा छा सकता है। बेहतर तो यह है कि बच्चे के जन्म से ही उनकी आंखों का पूरा खयाल रखा जाए:

आंखें ऊपर वाले की अनमोल नियामत हैं। आमतौर पर पैरेंट्स छोटे बच्चों की डाइट और हेल्थ पर ही फोकस करते हैं, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि आंखें भी जिंदगी के लिए काफी अहम हैं। अगर आंखों की परेशानियों पर समय रहते फोकस नहीं किया गया, तो परमानेंट विजन लॉस, पढ़ने में परेशानी और आंखों का कम विकास जैसी परेशानियां आ सकती हैं।

**आई चेकअप जरूरी**

वैसे भी, बच्चे अपनी परेशानियों को बताने में सक्षम नहीं होते, इसलिए उनका रेग्युलर चेकअप और भी ज्यादा जरूरी है। इस तरह, बच्चों के लिए जिम्मेदार लोग (पैरेंट्स, ग्रैंड पैरेंट्स और टीचर) उनकी विजन प्रॉब्लम्स को लेकर सजग रहें, यह बेहद जरूरी है।

बच्चे का जन्म के तुरंत बाद, एक साल का होने पर, तीन साल का होने पर और पांच साल का होने पर, चेकअप कराना जरूरी है। उसके बाद उसका हर साल आई चेकअप कराना चाहिए।

**समझें परेशानियां**

अगर आपका तीन महीने से ज्यादा उम्र का बच्चा चीजों को फॉलो नहीं करता और आई कॉन्टेक्ट नहीं बनाता, तो यह आपके लिए खतरे की घंटी हो सकती है। उसकी आंखों से लगातार पानी आ रहा है, आंखों में लाली है, लाइट को लेकर वह सेंसिटिव है, तो आपको सचेत होने की जरूरत है। बच्चा लगातार आंखों को मलता रहता है, ब्लैकबोर्ड को देखने पर सिर में दर्द की शिकायत करता है और स्कूल में पुअर परफॉर्म कर रहा है, तो आपको तुरंत उसका आई चेकअप कराने की जरूरत है।

खासतौर पर अगर किसी बच्चे को आई प्रॉब्लम की फैमिली हिस्ट्री है, तो उसका रेग्युलर चेकअप होना ही चाहिए।

**सॉल्यूशन तो है**

रेफ्रेक्टिव एरर बच्चों में कॉमन प्रॉब्लम है, जिसे चश्मे की सहायता से दूर किया जा सकता है। और तो और कई बार बच्चों को भी चश्मा लगवाने की जरूरत पड़ जाती है। अगर बच्चों को चश्मा लगाने की नौबत आती है, तो उनके लिए प्लास्टिक के फ्रेम में पॉलीकार्बोनेट लेंस और इलास्टिक स्ट्रेप वाले चश्मों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

अगर पैरेंट्स को बच्चे के इधर - उधर या ऊपर - नीचे देखने में कोई प्रॉब्लम या भैंगेपन जैसी कोई प्रॉब्लम नजर आती है , तो उन्हें तुरंत आई स्पेशलिस्ट से कंसल्ट करना चाहिए। यह सिर्फ एक मिथ है कि बच्चे की नजर उम्र के साथ बढ़ती है। सच्चाई यह है कि इस तरह की परेशानियों को ग्लासेज, एक्सरसाइज और सर्जरी की मदद से दूर किया जा सकता है।

एम्ब्लीयोपिया में नॉर्मल दिख रहीं आंखों की नजर कमजोर हो जाती है। अक्सर यह एक आंख का नंबर बढ़ने या फिर आंखों में भैंगेपन की वजह से हो जाता है। इसे आठ साल की उम्र से पहले डिटेक्ट कर लिया जाना चाहिए , वरना विजुअल लॉस भी हो सकता है।

बेशक अगर आप डॉक्टर से रेग्युलर टच में रहते हैं , तो आपको इस तरह की परेशानियों से निजात मिल सकती है। आमतौर पर न्यू बॉर्न बेबीज की आंखों में पानी आने की शिकायत को मसाज और आई ड्रॉप की सहायता से दूर किया जाता है। इसके अलावा , कॉन्जिनिटल कैट्रेक्ट और ग्लूकोमा की परेशानी को सर्जरी की सहायता से जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए , वरना हमेशा के लिए आंखें जा सकती हैं।

प्रीमैच्योर और जन्म के वक्त कम वजन वाले बच्चों का इस मामले में खास खयाल रखने की जरूरत होती है। रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी इस मामले में बेहद कारगर है।

**जरूरी बातें**

- अगर बचपन में बच्चे में आंखों में किसी तरह की इंजरी हो जाए , तो उससे काफी नुकसान हो सकता है।
- ध्यान रखें कि बच्चे को पटाखों से बचाएं और उन्हें नुकीले खिलौने ना दें।
- साफ - सफाई के स्प्रे और डियॉडरेंट को भी उनकी पहुंच से दूर रखें।
- कई बार बच्चों को खेल के दौरान भी चोट लग जाती हैं , इसलिए उन्हें पूरी तरह प्रोटेक्ट करके ही खेलने भेजें।
- अगर आप बच्चों की आई प्रॉब्लम्स को इग्नोर करते हैं , तो हो सकता है कि इसकी वजह से आपको और बच्चे को बाद में ज्यादा परेशानी झेलनी पड़े। इसलिए बेहतर यही होगा कि आप उसका आई स्पेशलिस्ट से रेग्युलर आई चेकअप करवाते र हें।

## गुणकारी अदरक

**अदरक** को एक प्रमुख औषधि के रूप में माना गया है। यह शक्ति और स्फूर्ति का अनमोल खजाना है। अदरक के सेवन से कई आम बीमारियां दूर हो सकती हैं।

**अजीर्ण**

- अदरक के छोटे टुकड़े में नींबू की आठ-दस बूंदें और चुटकीभर सेंधा नमक डालकर खाएं।
- अगर अजीर्ण के साथ पेट में दर्द भी उठे तो 10 ग्राम अदरक का रस और 10 ग्राम कैस्टर ऑयल मिलाकर पीएं। इससे जी मिचलाए तो एक कप पानी में दालचीनी उबालकर घूंट-घूंट पीने से आराम मिलता है।

**अपच व अफरा**

- अपच होने पर अदरक का रस शहद में मिलाकर चाटें।
- अपच व अजीर्ण होने पर आफरा होता है। ऐसा होने पर अदरक, हरड, बहेड़ा, आंवला, सोंठ, कालीमिर्च, पीपल 4-4 ग्राम की मात्रा में लेकर 10 ग्राम गुड़ में पीस लें। इसे 100 ग्राम पानी में उबालकर काढ़ा बनाकर पीएं।

**खांसी और जुकाम**

- गर्म पानी में अदरक का रस मिलाकर मिश्री या नमक घोलकर पीने से जुकाम ठीक हो जाता है।
- नाक बहने पर सोंठ का पाउडर पानी में डालकर उबालें और मिश्री डालकर पीएं। शहद में अदरक का रस मिलाकर पीने से भी जुकाम ठीक होता है।

**गले का रोग**

- 10 ग्राम अदरक के रस में समान मात्रा में शहद मिलाकर चाटने से गले के सभी रोग दूर होते हैं।

**खून की खराबी**

- अदरक की फांकों को नींबू के दो बूंद रस में भिगो दें। नमक और पीसी हुई कालीमिर्च मिलाकर खाएं। एक गांठ अदरक सुबह-शाम खाने के साथ लें, खून की खराबी दूर हो जाएगी।

**गठिया**

- यदि गठिया रोग की शुरुआत ही है तो 10 ग्राम सोंठ पीसकर 100 ग्राम पानी में उबालें। तीन हिस्सा पानी सूख जाने पर पीएं।
- जोड़ों का दर्द होने पर सरसों के तेल में थोड़ा-सा अदरक का रस मिलाकर मालिश करने से लाभ होगा।
- 24 ग्राम सोंठ, 100 ग्राम हरड और 15 ग्राम अजमोद-इन सबको बारीक पीस लें। दस ग्राम सेंधा नमक मिला लें। 3-3 ग्राम सुबह और शाम गर्म पानी के साथ लें। जोड़ों के दर्द से आराम मिलेगा।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा) — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-4-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-1-4-6

## काकुरो पहेली - 2030




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 2029 का हल



## लॉफिंग जौन

मेजर (जवान से) : तुम इतना ज्यादा क्यों पीते हो? तुम्हें खबर है कि अगर तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा होता तो अब तक सूबेदार हो गए होते।

जवान : माफकीजिए सर! आपकी बात तो सोलह आने सच है। मगर बात यह है कि जब दो घूँट मेरे अंदर पहुँच जाते हैं तो मैं अपने आपको कर्नल समझने लगता हूँ।

□ □ □

एक बार रमन जवानों की परेड करवाने में बहुत व्यस्त था, उसने गरज कर कहा- सभी जवान अपना-अपना दायाँ पैर ऊपर उठाएँ।

बस क्या था, एक जवान ने गलती से बायाँ पैर ऊपर उठा दिया।

यह देख कर रमन जोर से चिल्लाया- ये कौन बेवकूफहै, अपने दोनों पैर ऊपर उठा कर खड़ा है?


□ □ □

चमन (रमन से)- यार! कल तो गजब हो गया। प्लेटफॉर्म पर भीड़ में मेरी प्रेमिका न जाने कहाँ खो गई थी। मुझे तो लगा जैसे मेरे तो हाथों के तोते उड़ गए।

रमन- उफयार! यह तो बहुत ही बुरा हुआ। वैसे ये तो बता दे कितने तोते थे?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2030



**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश में और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६.'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 2029



## सूडोकु -2030


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2029 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली -2030




**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -2029 का हल



## पुलिस ने शातिर वाहन चोरों को दबोचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड (एएटीएस) ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपित संभल उप्र से दिल्ली आकर लग्जरी वाहन चोरी करते थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दीपा सराय, मोहल्ला गैरतपुर, संभल, उप्र निवासी फरजान (32) और दीपा सराय, इमामबाड़ा के पास, संभल, उप्र निवासी अहतेशाम (29) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की दो लग्जरी गाड़ियां फॉरच्यूनर और महिंद्रा थार बरामद की हैं। इनकी 70 लाख रुपये कीमत बताई जा रही है। आरोपित नकली चाबी की मदद से चंद की मिनटों में गाड़ियां चोरी कर लेते थे। पुलिस को इनके बाकी साथियों की तलाश है। आरोपितों से पूछताछ कर पुलिस इनके बाकी साथियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने मंगलवार को बताया कि जिले की एएटीएस लगातार वाहन चोरों पर नजर रखता है। इस बीच टीम को सूचना मिली कि वाहन चोरी में शामिल दो बदमाश पेपर मार्केट गाजीपुर में चोरी की गाड़ी में सवार होकर आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर टीम ने मौके पर जाल बिछा दिया।

## हजारीबाग की घटना को लेकर हेमंत सरकार पर हमलावर भाजपा, कहा- हिंदुओं के त्योहारों पर ही क्यों हो रहे हमले?

**रांची ।** हजारीबाग में रामनवमी के पहले 25 मार्च की रात निकाले गए 'मंगला जुलूस' के दौरान पथराव की घटना पर झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इस घटना के विरोध में भाजपा विधायकों ने झारखंड विधानसभा के बाहर पोर्टिको में तख्तियां लेकर प्रदर्शन भी किया। झारखंड विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक सोची-समझी साजिश के तहत हिंदुओं के पर्व-त्योहार के दौरान हमले किए जा रहे हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे सरकार की तुष्टिकरण की नीति है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब सार्वजनिक स्थलों पर गड़बड़ी रोकने के लिए इतनी तकनीक उपलब्ध है, तो सरकार को इसका उपयोग करना चाहिए। धार्मिक आयोजनों वाले स्थानों पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगा देना चाहिए। प्रशासन की ओर से वीडियोग्राफी करानी चाहिए। कोई भी व्यक्ति अगर कहीं हुड़दंग करता है या पत्थर चलाता है, तो उनके ऊपर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। मरांडी ने हजारीबाग की घटना में पत्थरबाजों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्रवाई में कोई तुष्टीकरण नहीं होना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि कुछ हिंदुओं और कुछ मुसलमानों पर कार्रवाई हो। झारखंड में या कहीं भी मुहर्रम के जुलूस पर हिंदुओं ने हमला नहीं किया है।

## बीआरएस एमएलसी ने '10 ग्राम सोना' वादे पर कांग्रेस के खिलाफ किया अनोखा प्रदर्शन

**हैदराबाद ।** तेलंगाना विधान परिषद में बुधवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के एक एमएलसी ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतीकात्मक सोने की ईंटें दिखाईं, जिन पर तेलुगु, हिंदी और अंग्रेजी में 10 ग्राम सोना लिखा था। यह प्रदर्शन कांग्रेस सरकार के उस वादे को उजागर करने के लिए था, जिसमें शादी के लिए योग्य महिलाओं को 10 ग्राम सोना देने की बात कही गई थी, लेकिन इसे पूरा नहीं किया गया। बीआरएस एमएलसी का कहना है कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बड़े-बड़े वादों के दम पर सत्ता हासिल की थी। इनमें से एक वादा था कि हर योग्य महिला को उसकी शादी के लिए 10 ग्राम सोना दिया जाएगा, ताकि परिवारों को आर्थिक मदद मिल सके। लेकिन, सरकार इस वादे को निभाने में नाकाम रही। इससे लाखों परिवारों की उम्मीदें टूट गईं और कई लोग आर्थिक तंगी में फंस गए। खासकर उन बेटियों और उनके परिवारों को ठेस पहुंची, जो इस सहायता के भरोसे थे। विरोध के दौरान एमएलसी ने विधान परिषद में इन नकली सोने की ईंटों को दिखाकर सरकार पर तंज कसा। उनका कहना था कि कांग्रेस ने जनता के साथ विश्वासघात किया है।

## मुसलमानों को वोट बैंक की नजर से नहीं देखते पीएम मोदी, सौगात-ए-किट लेकर आएंगी खुशियां ־ दानिश आजाद अंसारी

**लखनऊ ।** 'सौगात-ए-मोदी' किट को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। विपक्ष ने ईद के अवसर पर 32 लाख गरीब मुस्लिमों को 'सौगात-ए-मोदी' किट दिए जाने को राजनीति बताया है। जबकि भाजपा ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने 'सौगात-ए-मोदी' किट की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी समुदाय के लिए काम किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'ईद का पवित्र त्योहार आ रहा है और प्रधानमंत्री मोदी ने एक बेटे की तरह देश के हर मुसलमान को अपने परिवार का हिस्सा माना हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हर कोई, खासकर गरीब और पसमांदा मुसलमान ईद को खुशी से मनाएं, इसलिए 'सौगत-ए-मोदी' किट वितरित किया जा रहा है। इस किट में सभी के लिए तोहफे भी होंगे।

# हमारी भारतीय संस्कृति पर आधारित फिल्में आज भी समसामयिक: मुख्यमंत्री डॉ यादव

एजेंसी

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति की यह विशेषता रही है कि यहां के लोगों ने हर प्रकार की चुनौतियों और विषम परिस्थितियों में अपने आप को दृढ़ रखा है और पूरे विश्व के समक्ष एक मिसाल पेश की है। भारतीय संस्कृति पर आधारित फिल्म फेस्टिवल हमारी कला और संस्कृति को पूरे विश्व के समक्ष प्रस्तुत करता है। इस फेस्टिवल में अतीत की कालजयी फिल्मो का प्रसारण किया गया है। चलित हिंदी फिल्मों की यात्रा दादा साहब फालके द्वारा निर्देशित फिल्?म राजा हरिश्चंद्र से होती है। हमारी भारतीय संस्कृति पर आधारित फिल्में आज भी समसामयिक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार देर शाम उज्जैन में कालीदास अकादमी परिसर में आयोजित विक्रमोत्सव-2025 के अंतर्गत पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर फिल्म फेस्टिवल में विभिन्न देशों से आए राजनयिकों के साथ सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लेखक सीमा कपूर की आत्म कथा युं गुजरी है अब तलक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि विक्रमोत्सव में धीरे-धीरे विभिन्न प्रकार के आयाम जुड़ रहे हैं। आने वाले समय में और



भव्य स्तर पर इस प्रकार के आयोजन किए जाने चाहिए। विक्रम महोत्सव के माध्यम से हम सम्राट विक्रमादित्य के स्वर्णिम काल को याद करते हैं। सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य और फिल्मों के माध्यम से पूरे विश्व में उनकी न्याय प्रियता और उनके सुशासन का संदेश जाता है। सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व में विभिन्न आयाम समाए हुए हैं। सही अर्थों में उज्जैन 64 कलाओं को प्रदान करने वाली नगरी है। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से फिल्मोत्सव के समापन के अवसर पर संस्कृति विभाग, कालिदास अकादमी और विक्रमादित्य शोध पीठ को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में साउथ अमेरिका के देश सूरीनाम की एंबेसी में कार्यरत सचिव सुनैना पी आर मोहन ने कहा कि उज्जैन शहर में उनका प्रथम बार आगमन हुआ है। यहां के लोगों के व्यक्तित्व में सादगी समा?हित है। उज्जैन के कण-कण में ईश्वर का निवास है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवा अपने शहर, अपने प्रदेश और अपने देश पर गर्व करें, गर्व से कहें कि हम भारतीय हैं।

## ईडी ने अंबर दलाल की 36.21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की




एजेंसी

**नई दिल्ली/मुंबई।** प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) ने 600 करोड़ रुपये के ट्रेडिंग घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अंबर दलाल की 36.21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी की मुंबई आंचलिक कार्यालय ने 21 मार्च 2025 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत अंबर दलाल एवं अन्य के मामले में 36.21 करोड़ रुपये (करीब) मूल्य की विभिन्न व्यक्तियों की संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब?त किया है। इनमें मुंबई और कोलकाता में स्थित 10 अचल संपत्तियां तथा एफडीआर, शेयर, म्यूचुअल फंड, वैकल्पिक फंड में निवेश के रूप में चल संपत्तियां भी अनंतिम रूप से शामिल है। उल्लेखनीय है कि मुंबई स्थित वित्तीय सलाहकार अंबर दलाल और उनकी कंपनी रिट्ज कंसल्टेंसी सर्विसेज पर कथित तौर पर पोंजी स्कीम के माध्यम से 1,300 निवेशकों से 600 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है।

# बिहार चुनाव में एकजुट होकर उतरेगा इंडी गठबंधन : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने घोषणा की है कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी (इंडी) गठबंधन आगामी बिहार चुनाव संयुक्त रूप से लड़ेगा ताकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराया जा सके। आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय इंदिरा भवन में बिहार कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी कृष्णा अलावरु, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता शकील अहमद खान सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि बिहार में बदलाव की लहर साफ दिख रही है। उन्होंने जनता की भलाई, सामाजिक न्याय और प्रगति की जरूरतों को रेखांकित किया। उन्होंने बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितता और पेपर लीक जैसे मुद्दों का हवाला देते



हुए विश्वास जताया कि वर्तमान सरकार को सत्ता से बेदखल कर जनहितैषी सरकार बनाई जाएगी। बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अलावरु ने दोहराया कि इंडी गठबंधन के सभी दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा व और उसके सहयोगियों को हराएंगे। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भाजपा से सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन गठबंधन पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि इंडी गठबंधन भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को परास्त कर बिहार में नई राजनीतिक दिशा तय करेगा।

# श्रीलंका के अधिकारियों का समूह निहारता रह गया जय कुंड की अनुपम छटा

एजेंसी

**मथुरा।** श्रीलंकाई सिविल सर्विसेज के चालीस सदस्यीय दल ने मंगलवार शाम बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड परिसर में स्थित कालिया मर्दन नाग मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान वे जय कुंड की अनुपम छटा को निहारते ही रह गए। लोक मंच पर बृज के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनका स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत श्रीलंकाई अधिकारी मंच पर कलाकारों के साथ फूलों की होली खेलने लग गए।

जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, उप जिलाधिकारी ऋतु सिरोही, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मुकेश कुमार पाल, सहायक विकास अधिकारी (एसटी), पंचायत सचिव लवी बंसल, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, विलेज कोऑर्डिनेटर ग्रामीण पर्यटन चंद्र प्रकाश बृजवासी, मनोज माथुर, आसिफ अली, राहुल पाराशर आदि ने व्यवस्थाओं में



सहयोग प्रदान किया। मंदिर के सेवायत पंडित रितेश गौतम ने श्रीलंका के अधिकारियों को वैदिक विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना कराई। मंदिर और जयकुंड के पौराणिक महत्व को विस्तार से बताया। लोक मंच पर संचालन डीडीओ गरिमा खरे ने किया।

## शिवाजी के किले महाराष्ट्र सरकार को हस्तांतरित करने के लिए केंद्र को पत्र

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत राज्य में संरक्षित शिवाजी के किलों को हस्तांतरित करने के लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखा है। महाराष्ट्र में 54 केंद्रीय संरक्षित और 62 राज्य संरक्षित किले हैं।मंत्री आशीष शेलार ने बताया कि महाराष्ट्र में स्थित किले कभी छत्रपति शिवाजी महाराज के गढ़ थे, जो आज भी लाखों लोगों को प्रेरणा देते हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए उन्हें संरक्षित करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से त्वरित कार्रवाई करने और किलों को महाराष्ट्र सरकार को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि हमें इन विरासत स्थलों की रक्षा करने में बहुत गर्व है और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी विरासत को बनाए रखना जारी रखेंगे। केंद्रीय मंत्री को भेजे गए पत्र में शेलार ने राज्य में संरक्षित किलों के लिए व्यापक संरक्षण प्रयास करके अपनी विरासत की सुरक्षा में महाराष्ट्र की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया है। इस पत्र में आशीष शेलार ने राज्य सरकार की 18 फरवरी की कैबिनेट की बैठक का हवाला दिया है। इस बैठक में मराठा-युग के किलों के संरक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय लिया गया था। शेलार ने कहा कि मराठा योद्धा शिवाजी भोसले के किले महाराष्ट्र के लोगों के लिए अत्यधिक सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व रखते हैं।

## बांग्लादेश में अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं की स्थिति कठिन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ऐसे समय में बांग्लादेश के हिंदुओं के साथः पूर्णेंदु सक्सेना

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में मध्यक्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना ने संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं की स्थिति और कठिन हो गई है। नृशंस हत्याएं, महिलाओं के अपहरण और मतांतरण की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। यह मानवाधिकार का हनन है। हिंदुओं के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक भी इससे प्रताड़ित हैं। संघ ने ऐसे समय में बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एक साथ खड़े रहने का प्रस्ताव पारित किया है। प्रांत सरसंघचालक बाबूलाल वर्मा के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मध्यक्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना



ने बताया कि संघ की सर्वोच्च बॉडी, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में बैठक हुई। इसका संचालन दत्तात्रेय होसबोले ने किया। इसमें 40 से ज्यादा संगठनों ने हिस्सा लिया। संघ के कार्य में अभूतपूर्व विकास हुआ है। मार्च 2024 और 2025 के बीच 45600 से बढ़कर 51610 जगहों पर संघ का विस्तार हुआ है। सामाजिक समरसता पर भी समीक्षा हुई। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरु में 21 से 23 मार्च तक चली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश में हिंदुओं और विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज का इस्लामिक कट्टरपंथी तत्वों द्वारा उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त करते हुआ कहा गया कि यह कोई नई बात नहीं है ।बांग्लादेश में हिंदुओं की निरंतर घटती जनसंख्या ( 1951 में 22 प्रतिशत से घटकर से वर्तमान में 7.9प्रतिशत)दर्शाती है कि उनके सामने अस्तित्व का संकट है। विशेषकर पिछले वर्ष की हिंसा और घृणा को जिस तरह से जिस तरह सरकारी और संस्थागत समर्थन मिला वह गंभीर चिंता का विषय है। साथ ही बांग्लादेश से लगातार हो रहे भारत विरोधी वक्तव्य दोनों देशों के संबंधों को गहरी हानि पहुंचा सकती है।

# दिशा सालियन मौत मामले की दोबारा जांच के लिए पुलिस आयुक्त से मिले पिता

एजेंसी

**मुंबई।** दिशा सालियान के पिता सतीश सालियन ने अपने वकील नीलेश ओझा के साथ मुंबई पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे पर ड्रग कारोबार में शामिल होने का नया आरोप लगाया है। नीलेश ओझा ने कहा कि आदित्य ठाकरे को उस समय इस मामले में बचाने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर भी मामला दर्ज किया जाना चाहिए। दिवंगत दिशा सालियन के पिता सतीश सालियन और उनके वकील नीलेश ओझा मंगलवार को पुलिस आयुक्त से मुलाकात के बाद पत्रकारों को बताया कि उन्होंने पुलिस आयुक्त से दिशा सालियन की मौत मामले की फिर से जांच करने की मांग की है। वकील नीलेश ओझा ने



कहा कि इस मामले में आदित्य ठाकरे के शामिल होने की वजह से राजनीतिक दबाव के चलते मामले की ठीक से जांच नहीं की गई थी। वकील ओझा ने आदित्य ठाकरे पर आज नया आरोप लगाते हुए कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच के मुताबिक आदित्य ठाकरे ड्रग्स के कारोबार में शामिल हैं। ओझा ने कहा कि उनके पास ड्रग के संबंध में आदित्य ठाकरे और डिनो मोरिया की फोन पर बातचीत करने के सबूत हैं। समीर खान नाम के शख्स को नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। इसी समीर खान के लगातार संपर्क में डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, आदित्य ठाकरे हैं। जब आदित्य ठाकरे की ड्रग मामले में संलिप्तता सामने आई तो एनसीबी और समीर वानखेड़े को उन्हें गिरफ्तार करने की कार्रवाई करने से किसने रोका था, इसकी छानबीन की जानी चाहिए। वकील ओझा ने कहा कि 7 जून, 2020 को एकता कपूर के घर पर एक पार्टी आयोजित की गई थी। उस पार्टी में परमवीर सिंह, सुशांत सिंह राजपूत, दिशा सालियन और आदित्य ठाकरे मौजूद थे। उसी दिन से दिशा सालियान का दोस्त स्टीव पिंटो लापता है। इसलिए इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि स्टीव पिंटो कहां है। इन आरोपों के बाद शिवसेना यूबीटी के विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि किसे क्या आरोप लगाना है, लगाने दो। हम इसका जवाब नहीं देंगे। अगर कोर्ट ने मुझसे पूछा तो इन आरोपों जवाब कोर्ट में जरूर देंगे।

# मप्र के मुख्यमंत्री के नवाचारों से बेहतर हुआ प्रदेश वासियों का जीवन : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के किए गए नवाचारों से प्रदेश वासियों का जीवन बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा, यही कामना है कि ईश्वर उन्हें दीर्घ और स्वस्थ जीवन प्रदान करें और वे जन सेवा में इसी प्रकार निरंतर सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को



जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने बाबा महाकाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने बधाई संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास और उन्नति के नव शिखर को स्पर्श करे, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीगण का आभार माना।इनके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री ने बधाई दी। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, भाजपा के संगठन मंत्री हितानंद शर्मा सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारी ने जन्म दिवस की बधाई दी।

## धीरेंद्र ब्रह्मचारी की संपत्ति अपने कब्जे में लेगी हरियाणा सरकार, लाएगी विधेयक

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 'योग गुरु' रहे स्वर्गीय धीरेंद्र ब्रह्मचारी की अरबों रुपये की संपत्ति को अब हरियाणा सरकार अधिग्रहण करेगी। हरियाणा सरकार इस संपत्ति का अधिग्रहण करने, प्रबंधन तथा संचालन के लिए विधानसभा के इसी बजट सत्र में एक विधेयक लेकर आएगी। विधानसभा में शुरू हो रहे बजट सत्र के दूसरे चरण के लिए मंगलवार को जारी एजेंडे के अनुसार हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर की ओर से विधानसभा में अपर्णा संस्था (प्रबंधन तथा नियंत्रण ग्रहण) विधेयक 2025 पेश किया जाएगा। हरियाणा सरकार ने अपर्णा संस्था (प्रबंधन तथा नियंत्रण ग्रहण) विधेयक 2025 के माध्यम से आशंका जाहिर की है कि इस प्रॉपर्टी को या तो खुर्दबुर्द किया जा सकता है या फिर इस पर अवैध कब्जा हो जाएगा। इससे योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का यौगिक क्रियाओं के प्रचार प्रसार के मिशन को गहरी ठेस लगेगी। इसलिए राज्य सरकार ने कानून के माध्यम से इस प्रॉपर्टी को अधिग्रहीत कर उसका प्रबंधन, संचालन और नियंत्रण करने का निर्णय लिया है, ताकि यौगिक क्रियाओं को सुचारू रूप से गति प्रदान की जा सके। वैसे भी हाई कोर्ट का मानना है कि धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने चूंकि संन्यास ले लिया था।

## नोएडा में शराब पर 'एक के साथ एक फ्री' ऑफर पर 'आप' ने बोला हमला, सियासत तेज

एजेंसी

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में शराब के ठेकों पर 'एक के साथ एक फ्री' ऑफर दिए जाने को लेकर सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यूपी में शराब की एक बोतल के साथ एक बोतल मुफ्त दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार हिंदू युवाओं को शराब की लत लगाने की योजना पर काम कर रही है।



नोएडा के कई शराब ठेकों पर इस ऑफर के चलते लंबी कतारें देखने को मिलीं। जैसे ही लोगों को इस स्कीम की जानकारी मिली, शराब प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई ग्राहक कार और बाइक से आकर कई पेटियां शराब खरीदते नजर आए। उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग के अनुसार, यह ऑफर केवल कुछ चुनिंदा ठेकों पर लागू किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो रहा है, और ऐसे में स्टॉक खत्म करने के लिए यह एक रणनीति है। हालांकि, इस ऑफर को लेकर सोशल मीडिया पर भी तीखी बहस छिड़ गई है। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने बीजेपी सरकार पर सवाल उठाए हैं।

सौरभ भारद्वाज ने मांग की है कि क्या बीजेपी सरकार इस मामले में किसी तरह की जांच बिठाएगी? उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और बीजेपी, दोनों ही इस मुद्दे पर चुप हैं, जबकि इसे एक बड़े घोटाले के रूप में देखा जाना चाहिए। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी तक बीजेपी या केंद्र सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

लेकिन पार्टी के समर्थक इसे एक सामान्य व्यापारिक रणनीति बता रहे हैं, जो कि वित्तीय वर्ष के अंत में स्टॉक खत्म करने के लिए की जाती है। शराब प्रेमियों के लिए यह ऑफर 31 मार्च तक ही उपलब्ध रहेगा। इसके बाद, आबकारी नीति में बदलाव के साथ यह स्कीम समाप्त हो जाएगी। फिलहाल, यूपी में इस ऑफर को लेकर राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।



# बादल में बौना

जंगल में एक पुराना महल था। उसके मुख्य द्वार के बाहर सोने का एक सांप बना हुआ था। सांप इतनी कुशलता से बनाया गया था कि जीवित लगता था। महल खंडहर बन गया था, पर सांप अभी भी चमकदार था। उधर से गुजरने वाले लोग सोने का सांप देखकर लालच में पड़ जाते। सोचते, 'सोने का सांप बेचकर तो बहुत पैसा कमाया जा सकता है।' लेकिन जो भी सांप की मूर्ति को उठाना चाहता, वह असफल रहता।
लोग कहते थे कि उन्होंने उस महल और सांप की मूर्ति को हमेशा वैसा ही देखा था। राह चलते लोग खंडहर हुए महल में रुकते, आराम करते और अपनी राह चले जाते। महल किसने बनाया और दरवाजे पर द्वारपाल के रूप में सांप की मूर्ति क्यों बनाई गई, यह बात निश्चित रूप से कोई नहीं कह सकता था। पूछने पर पास के गांव के बड़े-बूढ़े इस बारे में एक बहुत ही विचित्र कथा सुनाते थे।
कहीं एक औरत और उसका बेटा रहते थे। औरत मेहनत-मजदूरी करके अपना और अपने बेटे का पेट भरती थी। वह रोज काम पर चली जाती और बेटा घर पर रहता। बेटा अपना समय घर में अकेले बिताता। उसका नाम था जैक। वह बहुत दयालु था।
एक दिन जैक ने घर की दीवार से एक सांप को निकलते देखा। सांप धीरे-धीरे रेंगते हुए दूसरी तरफ अपने बिल में चला गया। जैक उस समय खाना खा रहा था। उसने थोड़ा सा खाना सांप के बिल के बाहर रख दिया। फिर इंतजार करने लगा कि सांप कब वहां से बाहर आता है।
उस दिन से जैक ने यह नियम बना लिया। जब भी भोजन करता, सांप के लिए उसका हिस्सा जरूर रख देता था। जैक की मां ने भी यह देखा। उसने पूछा, तो जैक ने सांप के बारे में बता दिया। सुनकर मां तो डरी, पर जैक ने कहा, मुझे सांप से जरा भी डर नहीं लगता। एक दिन जैक ने सुना, घर की मरम्मत की जाएगी और पुरानी दीवार को तोड़ दिया जाएगा। उसने मां से कहा, मां, दीवार को मत तोड़ो। इस तरह तो सांप बेचारा बेघर हो जाएगा।
मां ने जैक को बहुत समझाया, पर वह तो जिद पकड़ बैठा। मां ने उसकी बात मान ली। आखिर दीवार नहीं तोड़ी गई। दिन सप्ताहों में, सप्ताह महीनों में और महीने वर्षों में बदल गए। जैक सुंदर, सजीला युवक बन गया। कुछ समय बाद जैक की मां की मृत्यु हो गई। इसलिए जैक एकदम अकेला रह गया था।
एक दिन जैक दीवार के पास खड़ा था। तभी उसने एक आवाज सुनी, जैक, मैं तुम्हारा मित्र सांप हूं। अब तुम मेरे लिए कुछ मत रखना। मेरा अंत आ गया है। तुम बहुत अच्छे हो। मैं जाते समय तुम्हें एक मामूली भेंट देकर जाना चाहता हूं। जैक के देखते-देखते दीवार फट गई। उसमें से एक बांसुरी बाहर गिर गई। सांप ने कहा, यह जादुई बांसुरी संकट के समय तुम्हारी मदद करेगी। यह एक परी की है। वह इसे एक झील के किनारे भूल गई थी। मैं इसे किसी अच्छे आदमी को देना चाहता था। जैक ने बांसुरी ले ली। तभी वह दीवार गिर पड़ी। जैक ने देखा, मलबे के बीच मरा हुआ सांप पड़ा है।
जैक ने उसी दिन गांव छोड़ दिया। अब भला उसका कौन था वहां! वह हमेशा बांसुरी अपने साथ रखता था। बांसुरी की सुरीली आवाज से लोग मोहित हो जाते। जैसे बांसुरी में कोई जादू था। उसकी आवाज सुन बीमार लोग अच्छे हो जाते, दुष्टों का दिल दहलने लगता। जंगल में भटके हुए पशु लौट आते।
एक बार जैक किसी गांव के समीप से गुजर रहा था। रास्ते में उसने देखा, सब खेत जले हुए हैं। उसे आश्चर्य हुआ। उसने वहां रहने वालों से पूछा। पता चला, वहां जब-तब अंगारों की बारिश होती है। मुखिया ने बताया, न जाने कहां से एक काला बादल आता है। उससे अंगारे बरसने लगते हैं। सारी फसल जल जाती है।
जैक मैदान में खड़ा होकर आकाश की ओर देखने लगा। तभी पश्चिम दिशा से काला बादल वहां आया। उससे अंगारे बरसने लगे। जैक ने तुरंत बांसुरी उठाई और बजाने लगा। बांसुरी की मीठी आवाज गूंज उठी। एकाएक अंगारे उछले और बादल में वापस समा गए, जैसे उन्हें किसी ने ऊपर की ओर उछाल दिया हो। सब पहले जैसा हो गया। इसके बाद बादल बड़ी जोर से गरजने लगा। फिर भयानक सूरत वाला एक बौना नीचे उतरा। उसने जैक से पूछा, यह बांसुरी कैसे बजाते हो? तुम्हारे बांसुरी बजाने से आज भारी गड़बड़ हो गई। अंगारे धरती से उछलकर ऊपर चले गए। आज तक तो ऐसा कभी नहीं हुआ था। तुम यह बांसुरी मुझे दे दो।
जैक समझ गया कि बौना उसकी बांसुरी छीनना चाहता है। वह पीछे हटकर जोर-जोर से बांसुरी बजाने लगा। बौना पागलों की तरह उछल-कूद करने लगा। वह बुरी तरह हांफ रहा था, बंद करो बांसुरी बजाना। मैं बहुत थक गया हूं।
जैक समझ गया कि बौना उसके चंगुल में आ चुका है। वह रुका नहीं, उसी तरह बांसुरी बजाता रहा। अब तो बौना गिड़गिड़ाने लगा, मैं तुम्हें एक जादुई सेब देता हूं। इसे जमीन पर फेंकोगे, तो तुम्हें एक उपहार मिलेगा। कहते-कहते उसने एक सेब जैक की तरफ लुढ़का दिया। जैक ने सेब को जोर से जमीन पर पटका, तो वहां एक शानदार महल दिखाई देने लगा। अब जैक ने कहा, तुम्हें मैं इस तरह नहीं छोड़ सकता। तुमने इन भोले गांव वालों को बहुत परेशान किया है। तुम वादा करो कि इन्हें फिर कभी परेशान नहीं करोगे?
मरता क्या न करता? बौने ने कहा, मैं आज के बाद कभी अंगारों की बारिश नहीं करूंगा। जैक ने बांसुरी बजाना बंद कर दिया। बौना बादल में बैठकर भाग गया। जैक उस जादुई महल में रहने लगा। अब उसे किसी चीज की कमी नहीं रही। उसने अपने मित्र सांप की याद में सोने का सांप बनवाकर महल के बाहर लगवा दिया।
इस घटना को बहुत समय बीत चुका है। न जैक रहा, न दूसरे लोग। पर जैक और सोने के सांप की कहानी आज भी जीवित है।



# टॉपियरी मतलब घास पर सजी इमेजिनेशन

**जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है।**

जितने सारे लोग इस धरती पर उतनी ही अलग-अलग उनकी कल्पनाएं और दिमाग की दौड़। और जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है। जिन बन्दों की कारीगरी हम यहां तुम्हें बता रहे हैं वो काम करते हैं पेड़-पौधों की दुनिया से जुड़कर। ये लोग बनाते हैं ग्रास स्कल्पचर एक आर्ट फॉर्म जिसे टॉपियरी भी कहा जाता है। खास बात यह है कि इस आर्ट फॉर्म को बनने में कुछ महीने से लेकर सालों तक का भी समय लग सकता है।

## पर्ल फ्रेयर

टॉपियारी की कला का यह महान आर्टिस्ट दुनिया भर में अपने काम के लिए जाना जाता है। पूरी दुनिया में प्रेम, शांति और सद्भाव फैलाने का विचार लेकर चलने वाले इस अफ्रीकन-अमेरिकन आर्टिस्ट की लगन, खूबसूरत आर्ट और कड़ी मेहनत को आज सभी सलाम करते हैं। यही कारण है कि आज दुनियाभर के टूरिस्ट इनका साउथ कैरोलिना वाला टॉपियारी गार्डन देखने आते हैं जहां 300 से भी ज्यादा प्रकार के पौधे हैं जिनका उपयोग विभिन्न आकारों को बनाने के लिए भी किया गया है। इस गार्डन में कुछ पौधे तो ऐसे भी हैं जिन्हे यूं ही पड़े खाद के ढेर में से उठाकर यहां लाया और रोपा गया है। आज ये बेकार पड़े पौधे खूबसूरत, कलात्मक आकृतियों में बदल चुके हैं। पर्ल के आर्ट पर एक डॉक्यूमेंट्री मूवी 'अ मैन नेम्ड पर्ल'' भी बनाई गई है जो लोगों को प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है।

## मथिल्डे रोसेल

इस फ्रेंच आर्टिस्ट ने जिस सोच के साथ ग्रास आर्ट पर काम किया है वह दुनिया के हर इंसान के सोचने का विषय है। रोसेल ने रीसाइकल्ड मैटल की बॉडी में मिट्टी में गेंहू के दाने डालकर उन्हें आकार दिया है। जब मैटल के ढांचे में नन्हे घासनुमा पौधे पनपते हैं तो ऐसा लगता है जैसे नए जीवन को आकार मिल रहा हो और फिर जब घास सूख जाती है तो मिट्टी का शरीर मिट्टी में ही मिल जाता है। यही कलाकार का विचार भी है। रोसेल चाहती हैं कि इस कला के जरिए वे लोगों को अपने पर्यावरण, प्रकृति और भोजन की महत्ता समझने में मदद कर सकें। इन आकृतियों को रोसेल ने एक्शन फॉर्म में भी बनाया है। इसलिए ये और भी जीवंत नजर आती हैं। ग्रास स्कल्पचर के अलावा रोसेल अन्य आर्ट फॉर्म पर भी काम करती हैं लेकिन उनकी 'लाइव्स ऑफ ग्रास'' की कलाकृतियों ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है।

# एक अनोखा पत्थर, जिसे पीटने पर आती है घंटी की आवाज

वैसे तो आपने कई अनोखे पत्थरों के बारे में सुना होगा। लेकिन मध्य प्रदेश के रतलाम में मां दुर्गा के मंदिर में एक ऐसा अनोखा पत्थर है, जिसको बजाने पर घंटी की तरह आवाज निकलती है। इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों के सुनकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। कई लोग इसे दैवीय चमत्कार भी मानते हैं। बता दें कि इस पत्थर पर किसी भी अन्य पत्थर के टकराने से धातु की तरह आवाज आती है। रतलाम से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरछा गांव के पास प्राचीन पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अंबे माता के मंदिर के तौर पर जाना जाता है। इस पहाड़ी पर मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक अनोखा पत्थर भी है। इस पत्थर पर किसी अन्य पत्थर से पीटने पर धातु की तरह आवाज निकलती है। पत्थर से निकलने वाली ये आवाज घंटी की तरह सुनाई देती है, जिसे ग्रामीण चमत्कारी पत्थर मानते हैं। बता दें कि इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर को सबसे पहले एक ग्रामीण ने देखा था। उस समय यहां आने के लिए रास्ता भी नहीं था। बाद में ग्रामीणों के द्वारा यहां आने के लिये एक कच्चा सकरा रास्ता बनाया गया ताकि मंदिर तक आवश्यक पूजा व अन्य सामग्री ले जाई जा सके। बेरछा गांव के पास स्थित इस प्राचीन मंदिर से थोड़ी ही दूरी पर एक विचित्र पत्थर है, जिसे बजाने पर उसमें से धातु की तरह टन टन की आवाज आती है। ये किसी चमत्कार से कम नहीं है। वैसे तो पूरी पहाड़ी पत्थरों से भरी हुई है, लेकिन उसमें सिर्फ एक ही पत्थर खास है।



धातु की तरह आवाज निकालने वाला यह पत्थर अब भी रहस्य बना हुआ है। कई ग्रामीण इस पत्थर को दैवीय चमत्कार मानते हुए पूजा भी शुरू कर दी है और यहां पर एक ध्वज भी लगा दिया गया है। यह अनोखा पत्थर अंबे माता के मंदिर से से करीब 700 मीटर की दूरी पर है, जहां पैदल भी जाया जा सकता है। इन दिनों इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों को सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुट रही है।

# जापानी स्कूल्स जहां मैथ्स एक लैंग्वेज है

जापान के स्कूल्स में बड़ी क्लासेस में आने पर सभी स्टूडेंट्स के लिए सेम यूनिफॉर्म और सेम बैग्स होते हैं। यह एक खास बात है कि किसी भी देश के डेवलपमेंट के लिए उसके नागरिकों का पढ़ा-लिखा होना बहुत जरूरी है। इस बात को जापान के उदाहरण से समझा जा सकता है। जापान में प्रायमरी लेवल पर स्कूल जाने वाले बच्चों का पर्सेंटेज है 100। यानी यहां निरक्षर लोगों का पर्सेंटेज है 0। जापान के स्कूल्स में बड़ी क्लासेस में आने पर सभी स्टूडेंट्स के लिए सेम यूनिफॉर्म और सेम बैग्स होते हैं। स्कूल में सबको एक जैसा खाना दिया जाता है। यहां स्कूली लेवल पर छोटी क्लास से ही इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि बच्चे का सबसे पसंदीदा काम क्या है और इसी बात को ध्यान में रखकर उसे आगे बढ़ने को प्रेरित किया जाता है। जैसे अगर बच्चा साइंस और मैथ्स की बजाय किसी तरह के आर्ट फॉर्म या काम को सीखना चाहता है, तो उसे बेसिक एज्युकेशन के साथ उस काम को ही सिखाया जाता है। फिर चाहे वो काम जूते बनाने का हो या लकड़ी से सुन्दर फर्नीचर बनाने का। किसी भी काम को छोटा नहीं माना जाता। इससे बच्चा अपना पसंदीदा काम सीख पाता है और देश को मिलता है एक अच्छा कारीगर।
जापान में बच्चों को मैथ्स और साइंस जैसे सब्जेक्ट्स भी लैंग्वेज और आर्ट की तरह पढ़ाए जाते हैं और बजाय मैथ्स को रटने के उसे खेल-खेल में सीखा जाता है। टीचर्स मानते हैं कि दूसरी लैंग्वेजेस की तरह ही मैथ्स को भी पढ़ा जा सकता है। यहां टीचर्स एक और टैक्नीक अपनाते हैं। वो है बच्चों को ही टीचर का रोल भी निभाने को कहना। इसके लिए मैथ्स के प्रॉब्लम्स को बोर्ड पर लिख कर बच्चों से सॉल्व करने को कहा जाता है। फिर जब कोई बच्चा उस प्रॉब्लम को सॉल्व कर लेता है तो उसे टीचर बनकर दूसरे स्टूडेंट को प्रॉब्लम सॉल्व करने में मदद को कहा जाता है। इस तरह क्लास का हर बच्चा खुद प्रॉब्लम सॉल्व करने की कोशिश कर पाता है और टीचर कोई भी समस्या आने पर बच्चों की मदद भी कर पाते हैं। जापानियों का मानना है कि आप जो पढ़ते हो उसे अगर किसी को पढ़ाते हो तो चीजों को ज्यादा अच्छे से याद रख पाते हो। पढ़ाई के साथ ही यहां देश के कल्चर, भाषा और इतिहास को भी उतनी ही गहराई से बच्चों तक पहुंचाया जाता है। स्कूल की पढ़ाई के साथ ही बच्चों को ड्रिल, स्वीमिंग आदि जैसी एक्टिविटीज अपनाना कम्पलसरी होता है। ताकि वो खुद को फिट और मजबूत बना सकें। यहां भूकम्प तथा अन्य इमरजेंसियों के हिसाब से बच्चों को बहुत कम उम्र से ही बचाव की ट्रेनिंग भी दी जाती है। यही नहीं बच्चे सिलाई, कुकिंग, ट्रेडिशनल आर्ट फॉर्म आदि भी स्कूल में रहकर सीखते हैं।





# पेपर को करो रीसाइकल बनाओ कुछ बेहतर

**जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है।**

घर पर तुम भी अक्सर पुराने बेकार पड़े कागज से नाव बनाकर पानी में तैराया करते होंगे या फिर कागज का प्लेन बनाकर उड़ाया करते होंगे लेकिन क्या तुम्हारे दिमाग में इन पुराने पड़े न्यूजपेपर्स या मैगजीन्स को लेकर और कोई आइडिया आता है। क्योंकि जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है। आओ हम मिलकर बनाते हैं कुछ मजेदार चीजें जो दिखने में अच्छे लगेंगे और यूजफुल भी होंगे।

## ये चीजें चाहिए

- न्यूज पेपर या मैगजीन
- चिपकाने के लिए ग्लू

## फ्रेम विथ पेपर

तुम्हारे पास कोई पुराना फोटो फ्रेम पड़ा है तो पेपर की मदद से तुम उसे नया लुक दे सकते हो। न्यूजपेपर को मनचाही लंबाई में काटो और उसे फ्रेम के ऊपर एक-एक कर चिपकाते जाओ।

## बनाओ पॉट को इंटरेस्टिंग

अपने सिंपल से प्लांट पॉट को पेपर के टुकड़ों से एक क्रिएटिव और नया रूप दे सकते हो। पेपर या मैगजीन को अपने पॉट के आकार के अनुसार काट लो और उसे पतले-पतले ट्यूब के रूप में पॉट के इर्द-गिर्द चिपकाते जाओ।

## पेपर बैग

पेपर को दो या तीन लेयर की मोटाई में आपस में चिपका लो ताकि उसमें मजबूती आ जाए। इसके दोनों हिस्सों पर हल्की मोटी रस्सी या फिर खूबसूरत रिबन का इस्तेमाल कर सकते हो। इस इकोफ्रेंडली बैग को हल्के-फुलके सामानों को ले जाने के लिए उपयोग कर सकते हो।

## जार की बढ़ाओ खूबसूरती

घर पर पड़े पुराने और बदरंग जार को पेपर के जरिए नए तरीके से प्रेजेंट कर सकते हो। इसके लिए तुम्हें पुरानी मैगजीन के कलरफुल पन्ने लेने होंगे ताकि जार अधिक खूबसूरत दिखे। मैगजीन के पन्नों को सही तरीके से मोड़ते हुए एक के ऊपर चिपकाते जाओ।

## कॉफी मग होल्डर

पेपर को गोल-गोल घुमाते हुए मोड़ते जाओ और उनको आपस में चिपकाते जाओ। चाहो तो इसे कलर भी कर सकते हो। इसे तुम कॉफी होल्डर के लिए या डाइनिंग टेबल पर कोई गर्म चीज रखने के भी काम ला सकते हो।

## दीवार सजाओ

अच्छी-सी डिजाइन में पेपर्स को काटो और उसे फ्रेम करके अपने ड्रॉइंग रूम में या फिर अपने रूम में दीवार पर डेकोरेट करने के लिए लगा सकते हो। चाहो तो कोई फ्लावर या फिर किसी अन्य शेप में पेपर या मैगजीन को काट सकते हो। कुछ ऐसा ही तुम दीवार घड़ी के साथ भी प्रयोग कर सकते हो। दीवार घड़ी के पिछले हिस्से पर पेपर को कोन के आकार का बनाकर लगा सकते हो।

# ग्रीटिंग और कार्डबोर्ड का क्रिएटिव जादू

घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। शादियों, त्योहारों और अन्य मौकों पर दिए जाने वाले इन्विटेशन कार्ड्स, ग्रीटिंग कार्ड्स और आर्ट एंड क्राफ्ट की दुकान पर मिलने वाली रंगबिरंगी पेपर शीट्स से आर्ट एंड क्राफ्ट के कई आइडियाज पनप सकते हैं। इसी तरह घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। चलो इनमें से कुछ आइडियाज हम तुमसे शेयर करते हैं और चित्रों के माध्यम से भी तुम्हें आइडियाज देते हैं।

## ग्रीटिंग्स और अन्य कार्ड्स

रंगबिरंगे ग्रीटिंग कार्ड्स या शादी और अन्य तरह के ओकेजन्स पर घर में आने वाले कार्ड्स अक्सर बहुत सुन्दर डिजाइन के साथ आते हैं। इनके रंग और डिजाइंस का उपयोग आसानी से सीनरी या वॉल पीस बनाने में किया जा सकता है। तुम चाहो तो इसके साथ कलर्ड पेपर शीट्स का भी उपयोग कर सकते हो। तो सबसे पहले एक बड़ी शीट लेकर उस पर अपनी कल्पना से किसी सीन की आउटलाइन खींचो। जैसे पेड़, फूल, आसमान, जानवर या अन्य चीजें। अब कार्ड्स के रंग के अनुसार और अपने सोचे सीन के अनुसार कार्ड्स में से अलगअलग आकार कैंची की मदद से काट लो। यहां एक बात का खास ध्यान रखना कि कैंची का उपयोग करते समय बहुत सावधानी रखो और हो सके तो किसी बड़े की मदद भी लो। अब काटे गए कार्ड पीसेस को शीट पर किसी भी एड्हेसिव की सहायता से चिपका दो। तुम चाहो तो किसी खास रंग के लिए एक्रेलिक कलर्स का भी उपयोग कर सकते हो और चाहो तो कलर्ड शीट भी यूज कर सकते हो। यही नहीं, चीजों को और भी क्रिएटिव बनाने के लिए ऊन या धागों, बटन्स या बीड्स जैसी चीजों को भी यूज कर सकते हो।

## कार्डबोर्ड बॉक्सेस

मिठाई के डब्बे हों या किसी अन्य सामान के साथ आए गत्ते यानी कार्डबोर्ड के मजबूत बॉक्स। इनका प्रयोग भी एक आर्ट पीस बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए भी तुम्हें कुछ कलर पेपर, एक्रेलिक या वॉटर कलर, क्रेयॉन्स, कैंची और एड्हेसिव की जरूरत होगी। कैंची के लिए यहां भी वैसी ही सावधानी रखनी होगी। मिठाई के डिब्बों से तुम सोफे, गाड़ी, मोबाइल कवर, छोटी शेल्फ या घर आदि बना सकते हो तो कार्डबोर्ड के मजबूत टुकड़ों या पूरे बॉक्स से तुम अपने लिए मॉड्यूलर किचन से लेकर बड़ा ट्रक, बड़ी शेल्फ, फ्रिज, टीवी, ज्वैलरी बॉक्स, फर्नीचर, एक डॉल हाउस, छोटा-सा शहर आदि जैसी कई चीजें बना सकते हो। जरूरत बस अपनी कल्पना को रंग देने की है।

## अक्टूबर में शुरू होगा पीवीएल का चौथा सत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) दो अक्टूबर से शुरु होने वाले चौथे सीजन के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस सत्र के लिख खिलाड़ियों की नीलामी आठ जून को कालीकट में होगी। अपनी जोशीली वॉलीबॉल संस्कृति और खेल के प्रति गहरे प्रेम के लिए जाना जाने वाला कालीकट पीवीएल नीलामी की मेजबानी करने वाला चौथा शहर बन जाएगा। नीलामी के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण आधिकारिक तौर पर एक मई को शुरू होगा और इच्छुक एथलीट 31 मई तक अपना पंजीकरण करा सकेगे। पीवीएल की वापसी पर बेसलाइन वेंचर्स के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक तुहिन मिश्रा ने कहा, हम प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) को इसके चौथे सीजन के लिए वापस लाने के लिए रोमांचित हैं। पीवीएल ने पिछले कुछ वर्षों में बेहद तरक्की की है और पिछले तीन सीजन की सफलता उल्लेखनीय रही है। हमें उम्मीद है कि पीवीएल सीजन-4 शीर्ष स्तर की प्रतिभा और लगातार बढ़ते प्रशंसक आधार के साथ नई ऊंचाइयों को छुएगा। हमारा लक्ष्य भारत में वॉलीबॉल के खेल को ऊपर उठाना, खिलाड़ियों को एक बेहतरीन मंच और प्रशंसकों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करना है। लीग के कार्यकारी जॉय भट्टाचार्य ने कहा, पीवीएल ने खुद को भारत की सबसे रोमांचक खेल लीग्स में से एक के रूप में स्थापित किया है।

## फिल सिमंस 2027 वनडे विश्व कप तक बने रहेंगे बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज फिल सिमंस को पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में 2027 आईसीसी वनडे विश्व कप तक बनाए रखने का फैसला किया गया है। 61 वर्षीय सिमंस पहले ही बीसीबी के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी तक अनुबंधित थे। अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक बांग्लादेश टीम के साथ काम किया और इस दौरान दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का मार्गदर्शन किया। फिल सिमंस ने इस पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, बांग्लादेश क्रिकेट के साथ लंबे समय तक काम करने का अवसर पाकर मैं बहुत उत्साहित हूं। इस टीम में जबरदस्त प्रतिभा है और मुझे विश्वास है कि हम मिलकर बेहतरीन उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। आने वाले सफर को लेकर मैं काफी आशान्वित हूं। उन्होंने आगे कहा, इस टीम में कुछ असाधारण खिलाड़ी हैं, जिनके साथ काम करने का मौका मुझे पहले ही मिल चुका है। उनकी क्षमता और खेल के प्रति जुनून मुझे हर दिन प्रेरित करता है। हम मिलकर बांग्लादेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं और कुछ खास बना सकते हैं।अपनी अब तक की यात्रा पर बात करते हुए सिमंस ने कहा, पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश टीम के साथ मेरा समय बेहद संतोषजनक रहा है।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स: आकाश ने शूटिंग में साधा स्वर्ण पर निशाना, एलए 2028 पैरालंपिक पर नजर

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। उत्तर प्रदेश के पैरालंपियन आकाश ने पेरिस 2024 क्वालीफायर राजस्थान के रुद्रांश खंडेलवाल को पछाड़ते हुए मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया शूटिंग प्रतियोगिता के समापन के साथ राजस्थान नौ पदकों (चार स्वर्ण, दो रजत) के साथ शीर्ष पर रहा। उत्तर प्रदेश ने चार पदकों के साथ (दो स्वर्ण) दूसरा और महाराष्ट्र ने तीन पदकों (दो स्वर्ण) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**हरियाणा पदक तालिका में शीर्ष पर**

छठे दिन तक 166 स्वर्ण पदक तय हो चुके हैं। हरियाणा (30 स्वर्ण, 95 कुल पदक) पदक तालिका में पहले स्थान पर है। तमिलनाडु (25 स्वर्ण, 67 पदक) और उत्तर प्रदेश (22 स्वर्ण, 54 पदक) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। राजस्थान ने 22 स्वर्ण के साथ 60 पदक जीते, लेकिन उसके पास उत्तर प्रदेश से दो कम रजत हैं।

**आकाश का स्वर्णिम प्रदर्शन**

टोक्यो 2020 पैरालंपियन आकाश ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। खंडेलवाल को फाइनल में पिस्टल खराबी से जूझना पड़ा, जिससे आकाश को बढ़त मिल गई। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के खेड़की गांव के आकाश ने अंतिम दो शॉट में 15.7 अंक जुटाकर मात्र 0.2 अंकों से स्वर्ण पर कब्जा जमाया।

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग: ओडिशा, महाराष्ट्र और बंगाल ने दर्ज की जीत

**रांची।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के फाइनल फेज के छठे दिन हुए मुकाबलों में हॉकी ओडिशा, हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी बंगाल ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी मिजोरम को शूटआउट में 2-0 (1-1) से हराया। संजना किरो (5') ने पहला गोल कर ओडिशा को बढ़त दिलाई, लेकिन लालतलांचुंगी (55') ने अंतिम क्षणों में बराबरी का गोल कर दिया। शूटआउट में दृप्टि नाइक और कप्तान सुमी मुंडारी ने गोल दागे, जबकि गोलकीपर नामसी जारिका ने मिजोरम के सभी चार प्रयासों को रोकते हुए ओडिशा की जीत सुनिश्चित की। दूसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने मणिपुर हॉकी को 4-0 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। सानिका चंद्रकांत माने (3'), तनुश्री दिनेश कडू (36'), संजना रायकवार (54') और निक्कू गुर्जर (59') ने गोल कर महाराष्ट्र को शानदार जीत दिलाई।

# पैरालंपिक पदक के बिना अधूरा महसूस करती हूं : भाग्यश्री जाधव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सच्चे चैंपियन मुश्किल राहों से गुजरते हैं, लेकिन उनकी मेहनत और जज्बा ही उन्हें खास बनाता है। अनुभवी शॉट पुटर और जैवलिन थ्रोअर भाग्यश्री जाधव ने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन पदक से चूक गईं। अब उनकी नजर लॉस एंजिलिस 2028 पैरालंपिक में देश के लिए पदक जीतने पर टिकी है। महाराष्ट्र की 37 वर्षीय भाग्यश्री जाधव, जो पेरिस पैरालंपिक में भारत की ध्वजवाहक भी थीं, इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में शॉट पुट और जैवलिन थ्रो में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने दमखम का परिचय दिया। एफ-33-34 कैटेगरी (निचले अंगों की अक्षमता) में प्रतिस्पर्धा कर रहीं भाग्यश्री ने बीते डेढ़ साल में तीन इवेंट्स में छह स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। उन्होंने शॉट पुट में 7.30 मीटर की थ्रो कर कर्नाटक की मेधा जयंत (4.65 मीटर) को हराया, वहीं भाला फेंक में 13.57 मीटर की दूरी तय कर उत्तर प्रदेश की दीपिका रानी (10.42 मीटर) को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले भी उन्होंने खेलो




इंडिया पैरा गेम्स 2023 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। भाग्यश्री जाधव ने 2017 में पैरा खेलों में कदम रखा और पहली बार पुणे में आयोजित मेयर्स कप में भाग लिया, जहां उन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। इसके बाद मार्च 2022 में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत को कई बार गौरवान्वित किया है। 2022 एशियन पैरा गेम्स में उन्होंने एफ-34 कैटेगरी में 7.54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। इसके अलावा 2019 में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक और 2021 में दुबई वर्ल्ड कप में कांस्य पदक अपने नाम किया।

भाग्यश्री 2019 के टोक्यो पैरालंपिक में फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस 2024 पैरालंपिक में पांचवें स्थान पर रहीं। अब उनका एक ही सपना लॉस एंजिलिस 2028 में पदक जीतना है। भाग्यश्री ने कहा, मैंने हर जगह खुद को साबित किया है, लेकिन जब तक पैरालंपिक पदक नहीं जीतूंगी, तब तक खुद को अधूरा महसूस करूंगी। टोक्यो में मैं सातवें स्थान पर थी, पेरिस में पांचवें स्थान पर रही, लेकिन इस बार मेरा लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ देश के लिए पदक जीतना है।

भाग्यश्री के जीवन में एक समय ऐसा भी आया जब 2006 में हुए एक बड़े हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी। वह कोमा में चली गईं, वेंटिलेटर पर थीं और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का सामना करना पड़ा लेकिन उनके परिवार ने उनका पूरा साथ दिया और उन्हें जीवन की नई राह दिखाई। भाग्यश्री बताती हैं कि उनके भाई प्रकाश जाधव कांबले, जो पत्रकार हैं, ने ही उन्हें खेलों में उतरने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, भाई को सुझाव दिया गया था कि मैं पैरा खेलों में अच्छा कर सकती हूं। उनके कहने पर मैंने शॉट पुट और जैवलिन शुरू किया और आज मैं इस मुकाम पर हूं।

## जेम्स नीशम के पंजे ने पाकिस्तान को 128 के स्कोर पर रोका

एजेंसी

**वेलिंग्टन।** जेम्स नीशम (पांच विकेट) और जैकब डफी (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को पांचवें टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 128 रन के स्कोर पर रोक दिया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 25 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। हसन नवाज (शून्य), उमर युसूफ (सात) और मोहम्मद हरिस (11) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान आगा सलमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद उस्मान खान (सात), अब्दुल समद (चार) रन बनाकर आउट हुये। शादाब खान ने 20 गेंदों में पांच चौके




लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। जहानदाद खान (एक) और सुफियान मुकीम (शून्य) पर आउट हुये। आगा सलमान ने 39 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (51) रनों की महत्वूपर्ण पारी खेली। न्यूजीलैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 128 का स्कोर ही खड़ा कर पाई। न्यूजीलैंड की ओर से जेम्स नीशम ने चार ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिये। जैकब डफी ने चार ओवरों में 18 रन देकर दो विकेट झटके। बेन सियर्स, ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एशियन चैंपियनशिप : सुनील कुमार ने 87 किग्रा ग्रीको-रोमन कुश्ती में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**अम्मान।** भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। कांस्य पदक मुकाबले में सुनील ने चीन के जियाक्सिन हुआंग को हराया। इससे पहले वह सेमीफाइनल में हारकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गए थे। 2019 में रजत पदक जीतने वाले सुनील की कोशिश अपनी पुरानी फॉर्म को वापस पाने की है। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखाएव के खिलाफ दमदार अंदाज में की, जहां उन्होंने दूसरे पीरियड में 10-1 से बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, सेमीफाइनल में ईरान के यासीन यज्दी ने 3-1 से हराकर उनका फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला।

**सागर ठाकरान की चुनौती खत्म, अन्य भारतीय पहलवानों का भी संघर्ष जारी**

सागर ठाकरान (77 किग्रा) ने अपने क्वालीफिकेशन मुकाबले में जीत दर्ज की, लेकिन क्वार्टरफाइनल




में जॉर्डन के अमरो सादेह के खिलाफ 10-0 से हार गए। सादेह ने पार टेरे (ग्राउंड) पोजीशन से चार अंकों की शानदार थ्रो लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब सागर का आगे का सफर उनके प्रतिद्वंद्वी की सेमीफाइनल की जीत-हार पर निर्भर करता था। वहीं, उमेश (63 किग्रा) क्वालीफिकेशन राउंड में हार गए, जबकि नितिन (55 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा) भी शुरुआती दौर में बाहर हो गए। भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों के लिए यह प्रतियोगिता अब तक चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन सुनील कुमार का कांस्य पदक इस कठिन संघर्ष के बीच टीम इंडिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## इंग्लिश क्रिकेट प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक पल, एलिस्टेयर कुक की मैदान पर वापसी की घोषणा

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की घोषणा कर दी है। वह जुलाई 2025 में एजबेस्टन में होने वाले ईज़मायट्रिप वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में इंग्लैंड चैंपियंस टीम का हिस्सा बनेंगे। कुक, जिन्होंने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, अब अपने पुराने साथी इयोन मोर्गन के साथ फिर से मैदान पर उतरने को तैयार हैं। अपनी वापसी को लेकर एलिस्टेयर कुक ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एक बार फिर अपने देश के लिए खेलना शानदार अनुभव होगा। मैं इयोन मोर्गन और बाकी खिलाड़ियों के साथ खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने इस अवसर को लेकर आभार व्यक्त करते हुए कहा, ईज़मायट्रिप वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स बेहतरीन क्रिकेट का अनुभव कराने का अवसर दे रही है। मैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। ईज़मायट्रिप डब्ल्यूसीएल के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर्षित तोमर ने इस पर खुशी जताते हुए कहा, एलिस्टेयर कुक जैसे महान खिलाड़ी का हमारी लीग से जुड़ना टूर्नामेंट के लिए बड़ी उपलब्धि है। उनकी मौजूदगी से इंग्लैंड चैंपियंस टीम और टूर्नामेंट दोनों को जबरदस्त मजबूती मिलेगी।

इंग्लैंड चैंपियंस टीम के मालिक प्रवीण शर्मा ने कुक की वापसी को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा, यह सिर्फ एक टीम घोषणा नहीं, बल्कि इतिहास रचने का पल है। कुक और मोर्गन के नेतृत्व में हमारी टीम ईज़मायट्रिप डब्ल्यूसीएल में शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। वहीं टीम के कप्तान इयोन मोर्गन ने कुक का स्वागत करते हुए कहा, यह सिर्फ क्रिकेट की वापसी नहीं, बल्कि हमारे बीच की दोस्ती, इतिहास और नई यादें बनाने का अवसर है। हम सिर्फ खेल नहीं रहे, हम खेल को सम्मान दे रहे हैं। ईज़मायट्रिप के अध्यक्ष और संस्थापक निशांत पिट्टी ने इस ऐतिहासिक मौके पर कहा, हम एलिस्टेयर कुक की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से बेहद उत्साहित हैं। ईज़मायट्रिप वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का उद्देश्य विश्व स्तरीय खेल आयोजनों को बढ़ावा देना है, जिससे लाखों क्रिकेट प्रशंसकों को खुशी मिले। ईज़मायट्रिप डब्ल्यूसीएल में कुक की वापसी से इंग्लैंड चैंपियंस टीम और भी मजबूत हो गई है। 161 टेस्ट मैचों में 12,472 रन, 45.35 की औसत से 33 शतक लगाने वाले कुक को क्रिकेट इतिहास के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में गिना जाता है। ईज़मायट्रिप डब्ल्यूसीएल टूर्नामेंट क्रिकेट फैंस को एक बार फिर अपने पसंदीदा सितारों को मैदान पर देखने का मौका देगा। यह टूर्नामेंट न सिर्फ पुराने प्रतिद्वंद्वियों को फिर से भिड़ने का मौका देगा।

## श्रेयस ने कहा था शतक की चिंता मत करो, बस चौके-छक्के मारो - शशांक सिंह

एजेंसी

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 के अपने पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 11 रनों से हराकर धमाकेदार शुरुआत की। इस जीत में श्रेयस अय्यर की नाबाद 97 रन की पारी और शशांक सिंह की तूफानी बल्लेबाजी ने अहम भूमिका निभाई। पंजाब किंग्स की पारी के अंतिम ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर 97 रन पर थे, लेकिन शशांक सिंह को निर्देश मिला कि वे हर गेंद पर चौके-छक्के लगाने की कोशिश करें। शशांक ने वैसा ही किया और अंतिम ओवर में 23 रन जोड़ते हुए टीम के स्कोर को 243/5 तक पहुंचा दिया। शशांक ने 16 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए। मैच के बाद शशांक ने कहा, मैंने स्कोरबोर्ड नहीं देखा था, लेकिन जब पहली गेंद पर चौका लगाया तो देखा कि श्रेयस 97 पर थे। मैं उनसे पूछने जा रहा था कि क्या मुझे सिंगल लेना चाहिए, लेकिन उन्होंने खुद कहा कि उनकी सेंचुरी की चिंता मत करो। यह कहना बहुत हिम्मत और टीम भावना का परिचय है। गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 244 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे पाने के लिए उन्होंने शानदार शुरुआत की। साई सुदर्शन (74 रन), जोस बटलर और शेर्फेन रदरफोर्ड की पारियों ने टीम को 14वें ओवर तक मजबूत स्थिति में रखा। 9 से 14 ओवर के बीच गुजरात ने 87 रन बनाए, और आखिरी छह ओवरों में उन्हें 75 रन चाहिए थे। हालांकि, पंजाब किंग्स के 'इम्पैक्ट प्लेयर' विजयकुमार वैशाक ने जबरदस्त गेंदबाजी कर मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने अपने पहले दो ओवरों में केवल 10 रन दिए और 10 डॉट गेंदें फेंकी, जिससे गुजरात की लय टूट गई। पंजाब ने लगातार तीन ओवरों में कोई बाउंड्री नहीं दी, जिससे गुजरात मैच से बाहर हो गया।

शशांक ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, श्रेयस की कप्तानी सहज निर्णयों पर आधारित होती है। यही कारण है कि वह दुनिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक हैं। हमें पता था कि वैशाक को कब लाना है, और उसने बेहतरीन गेंदबाजी की। उसने मुश्किल ओवरों में सटीक यॉर्कर फेंके और हमें जीत दिलाई।

इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 की शानदार शुरुआत की और अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

## फीफा विश्व कप 2026 के लिए अर्जेंटीना ने किया सीधा क्वालीफाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। मंगलवार (भारतीय समयानुसार खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में बोलीविया और उरुग्वे के बीच ड्रॉ होने के बाद अर्जेंटीना को टूर्नामेंट का टिकट मिल गया।अब लियोनेल स्कालोनी की टीम अपने अगले क्वालीफायर मुकाबले में ब्राजील से भिड़ेगी। यह मुकाबला ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोन्यूमेंटल में खेला जाएगा। इस मैच से पहले ही अर्जेंटीना ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। अगर उरुग्वे यह मैच हार जाता तो अर्जेंटीना को ब्राजील के खिलाफ कम से कम एक अंक की जरूरत होती। हालांकि, बोलीविया और उरुग्वे के गोलरहित ड्रॉ ने अर्जेंटीना की राह आसान कर दी। अपने पिछले क्वालीफायर में उरुग्वे पर 1-0 की जीत के बाद अर्जेंटीना कम से कम इंटर-कॉन्फेडरेशन प्लेऑफ में जगह बनाने की स्थिति में था। वहीं, इस ड्रॉ के बाद बोलीविया 14 मैचों में 14 अंकों के साथ क्वालीफाइंग तालिका में सातवें स्थान पर है। अर्जेंटीना, जिसने 13 मैचों में 28 अंक जुटाए हैं, अब टॉप-6 में अपनी जगह पक्की कर चुका है।

## परगट सिंह अवार्ड जीतने पर अमित रोहिदास ने कहा- यह पहचान मुझे देश के लिए और बेहतर करने की ऊर्जा देती है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास को हाल ही में हॉकी इंडिया के 7वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में परगट सिंह अवार्ड फॉर डिफेंडर ऑफ द ईयर 2024 से सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के साथ उन्हें 5 लाख रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर रोहिदास ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके लिए बेहद खास पल है और यह सम्मान उन्हें टीम और देश के लिए और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। नामांकन मिलने के बाद की भावनाओं को साझा करते हुए रोहिदास ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में कहा, मेरे अलावा इस पुरस्कार के लिए संजय, हरमनप्रीत सिंह और उदिता भी नामांकित थे और ये सभी शानदार खिलाड़ी हैं। इसलिए मैं पहले से कुछ भी नहीं कह सकता था कि कौन जीतेगा। मुझे सिर्फ नामांकन मिलने



की खुशी थी। लेकिन जब मेरा नाम विजेता के रूप में घोषित हुआ, तो मैं हैरान और बेहद खुश था। यह एक अविश्वसनीय अनुभव था। रोहिदास ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों से इस नामांकन के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं की थी, लेकिन उनके दोस्तों और शुभचिंतकों से जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने कहा, मेरे कई दोस्त, खासतौर पर वे जो हॉकी नहीं खेलते, मुझे पहले से ही मैसेज कर कह रहे थे कि यह पुरस्कार मैं ही जीतूंगा लेकिन मैंने इसे किस्मत पर छोड़ दिया था। प्रतियोगिता कठिन थी, इसलिए मैंने कोई उम्मीद नहीं की थी, लेकिन इस सम्मान को पाकर मैं बेहद आभारी हूं। परगट सिंह अवार्ड जीतने के बाद अब रोहिदास नई ऊर्जा के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार मुझे और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। मेरी इस उपलब्धि में मेरे साथी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ का बड़ा योगदान है। उनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। यह एक टीम प्रयास है और मैं अपने परिवार सहित सभी का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा समर्थन दिया है। यह पहचान मुझे टीम और देश के लिए और बेहतर करने की ऊर्जा देती है। अपने परिवार की प्रतिक्रिया पर रोहिदास ने कहा, मेरे परिवार ने यह पुरस्कार समारोह यूट्यूब पर देखा और जब उन्हें पता चला कि मैंने यह पुरस्कार जीता है तो वे बेहद खुश थे। जब मैंने उनसे बात की।

## जिएलडब्ल्यू इंडियन ओपन: अनाहत, जोशना, आकांक्षा और वीर तीसरे दौर में पहुंचे, रमित टंडन बाहर

**मुंबई।** भारत की नई नंबर एक महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन के दूसरे दौर में जबरदस्त जीत दर्ज की। बॉम्बे जिमखाना में खेले जा रहे इस पीएसए स्क्वैश कॉपर टूर्नामेंट के दूसरे दिन अनाहत ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि जोशना चिनप्पा और शीर्ष वरीय आकांक्षा सालुंखे ने भी अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में वीर चौत्रानी ने बड़ा उलटफेर करते हुए पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया।17 वर्षीय अनाहत सिंह ने स्पेन की क्रिस्टिना गोमेज के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और 30 मिनट में मुकाबला 3-1 (11-5, 9-11, 11-5, 11-2) से जीत लिया।

## केन्या के स्टार धावक ओमान्याला नेशनल ट्रायल्स में भाग लेंगे

एजेंसी

**कंपाला।** अफ्रीका के सबसे तेज़ धावक और केन्या के स्टार फर्राटा धावक फर्डिनेंड ओमान्याला 29 मार्च, होने वाले युगांडा के तीसरे राष्ट्रीय एथलेटिक्स ट्रायल्स में भाग लेंगे। युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) के अध्यक्ष डॉमिनिक ओतुचेट ने शिन्हुआ को बताया कि ओमान्याला सहित कुल 10 केन्याई धावक इन राष्ट्रीय ट्रायल्स में हिस्सा लेंगे। ओतुचेट ने कहा, हमारे लिए यह खुशी की बात है कि ओमान्याला, जो 100 मीटर में अफ्रीका के सबसे तेज़ धावक हैं और विश्व के शीर्ष 10 धावकों में शामिल हैं, हमारे नेशनल ट्रायल्स की शोभा बढ़ाएंगे। वह पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा और 4×100 मीटर रिले में हिस्सा लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि ये ट्रायल्स विभिन्न अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, जिनमें वर्ल्ड चैंपियनशिप भी शामिल




है, से पहले खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सुधारने में मदद करेंगे। ओमान्याला युगांडा के युवा धावकों को प्रेरित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। गौरतलब है कि ओमान्याला ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, उन्होंने 2022 अफ्रीकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर और 4×100 मीटर रिले स्पर्धाओं में भी खिताब अपने नाम किया था।

## रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रनों से हराया

**अहमदाबाद ।** कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 97), शशंक सिंह (नाबाद 44) और प्रियांश आर्य (47) की आतिशी पारियों के बाद आखिरी ओवरों में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पांचवें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) को 11 रनों से हरा दिया। पंजाब किंग्स के 243 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करे हुए पहले विकेट के लिए (61) रन जोड़ा। छठें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल ने शुभमन गिल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शुभमन गिल ने 14 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए (33) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जॉस बटलर ने साई सुदर्शन के साथ तेजी के साथ रन बटोरे। 13वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने शतक की ओर बढ़ रहे साई सुदर्शन को बाउंड्री पर शशांक सिंह के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। साई सदर्शन ने 41 गेंदों में पांच चौके और छह छक्के लगाते हुए (74) रन बनाये। 18वें ओवर में मार्को यानसन ने जॉस बटलर को बोल्ड कर गुजरात की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। जॉस बटलर ने 33 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से (54) रन बनाये। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने शरफेन रदरफोर्ड (46) और राहुल तेवतिया (छह) को आउटकर गुजरात की मैच जीतने की उम्मदों को ध्वस्त कर





दिया। गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 232 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिये, ग्लेन मैक्सवेल और मार्को यानसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां गुजराज टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर प्रभसिमरन सिंह (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान श्रेयस अय्यर ने प्रियांश आर्य के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 51 रनों की साझेदारी हुई। सातवें ओवर में राशिद खान ने प्रियांश आर्य को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य ने 23 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाये। इसके बाद अजमतउल्लाह ओमरजई (16), ग्लेन मैक्सवेल (शून्य) और मार्कस स्टॉयनिस (20) को साई किशोर ने अपना शिकार बनाया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। श्रेयस अय्यर ने 42 गेंदों में पांच चौके और नौ छक्के लगाते हुए (नाबाद 97) रनों की पारी खेली। शशांक सिंह ने 16 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाकर (44) रन पर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस की ओर से साई किशोर ने तीन विकेट लिये। कगिसो रबाडा और राशिद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



## 'वापस जाओ...' लाइव शो में फूट-फूट कर रोईं

# नेहा कक्कड़

## इस गलती की वजह से भड़क उठे फैंस



बॉलीवुड की पॉपुलर सिंगर नेहा कक्कड़ अपने गानों से फैंस को दीवाना बना चुकीं हैं. कभी इंडियन आइडल में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुईं नेहा ने बाद में इस शो को जज भी किया. नेहा अपने गानों और आवाज से देश दुनिया में खुद को साबित कर चुकीं हैं. दुनियाभर में नेहा लाइव कॉन्सर्ट भी करती हैं. हालांकि हाल ही में एक लाइव शो के दौरान नेहा पर फैंस भड़क उठे और उन्हें वापस जाने के लिए कहने लगे.नेहा कक्कड़ ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में एक लाइव शो के दौरान बड़ी गलती कर दी. शो में वो तीन घंटे लेट पहुंचीं. फैंस सिंगर का इंतजार करते करते थक गए थे. वहीं जब नेहा पहुंची तो फैंस के सब्र का बांध टूट गया और वो गुस्से में सिंगर पर भड़क उठे. फैंस ने वापस जाने के नारे भी लगाए. इन सब चीजों से नेहा आहत होकर फूट फूट कर रोने लगीं. हालांकि उन्होंने तीन घंटे देरी से पहुंचने के लिए फैंस से माफी भी मांगी. लेकिन फैंस का गुस्सा फिर भी शांत नहीं हुआ.

**लाइव शो में रो पड़ीं नेहा कक्कड़**

सोशल मीडिया पर नेहा कक्कड़ का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो मेलबर्न में लाइव कॉन्सर्ट के दौरान रोती हुई नजर आ रही हैं. सिंगर ने फैंस से शो में तीन घंटे देरी से आने के लिए माफी मांगी. हालांकि फैंस फिर भी उनसे नाराज नजर आए. वीडियो में एक शख्स कह रहा है कि ये भारत नहीं ऑस्ट्रेलिया है. जबकि किसी ने कहा नेहा कक्कड़ वापस जाओ.

**नेहा ने मांगी माफी, कहा- मुझे बहुत दुःख है**

वीडियो में आगे नेहा फैंस की भीड़ के सामने स्टेज पर रोते हुए फैंस के धैर्य की तारीफ करते हुए कहती हैं, आपने धैर्य रखा है, आप लोग बहुत अच्छे हो. आप मेरा इतने घंटे से वेट कर रहे हैं. मैं माफी मांगती हूं. मुझे इस बात का बहुत दुख है. मैं इस शाम को हमेशा याद रखूंगी. आप अपना टाइम निकालकर मेरे लिए आए हैं. मैं चाहूंगी कि आपको डांस करवा सकूं.

**सिडनी में भी किया कॉन्सर्ट**

मेलबर्न से पहले नेहा ने सिडनी में भी कॉन्सर्ट किया. उन्होंने सिडनी कॉन्सर्ट की ढेर सारी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, धन्यवाद सिडनी. इन तस्वीरों में नेहा अपनी टीम के साथ स्टेज पर झूमती हुई नजर आ रही हैं. उन्होंने सिंगिंग के अलावा डांस भी किया.



# प्रियंका चोपड़ा

## ने हजारों फैंस के सामने पति के साथ किया लिपलॉक, निक जोनस को मिला ये खास सम्मान

साउथ सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड में भी काम किया और अब भी वे हॉलीवुड में काफी एक्टिव हैं. वहीं अब वो एक साउथ इंडियन फिल्म में भी काम कर रही हैं. प्रियंका चोपड़ा हाल ही में एसएस राजामौली और महेश बाबू की फिल्म SSMB 29 की शूटिंग के लिए भारत आई थीं. वो ओडिशा में फिल्म का शेड्यूल खत्म करने के बाद वापस अमेरिका लौट चुकी हैं.

अमेरिका लौटने के बाद प्रियंका चोपड़ा एक इवेंट में हिस्सा लिया जो उनके साथ ही उनके पति निक जोनस और उनके भाईयों जो और केविन जोनस के लिए भी खास रहा. जोनस भाईयों की तिकड़ी 'न्यू जर्सी हॉल ऑफ फेम में' में शामिल हो गई. और वो सबसे कम उम्र में ये कारनामा करने वाले सदस्य बन गए हैं. इस खास मौके पर प्रियंका ने हजारों फैंस की भीड़ के सामने ही पति के साथ लिपलॉक किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.



**जोनस भाईयों ने हासिल की खास उपलब्धि**

सोशल मीडिया पर जोनस भाईयों के कार्यक्रम का एक वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है. इसमें मंच पर प्रियंका के पति निक जोनस अपने भाईयों के साथ नजर आ रहे हैं. इसके अलावा ढेर सारे म्यूजिशियन भी मंच पर मौजूद हैं. इवेंट को होस्ट करने वाले शख्स ने जानकारी दी कि जोनस ब्रदर्स ने सबसे कम उम्र में 'न्यू जर्सी हॉल ऑफ फेम' को जॉइन किया है.

**प्रियंका चोपड़ा ने किया लिपलॉक**

बाद में स्टेज पर प्रियंका चोपड़ा और जोनस फैमिली के अन्य सदस्य भी पहुंचें. इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने पति को हग करते हुए स्टेज पर ही भीड़ के सामने ही उनके साथ लिपलॉक कर लिया. इस पर फैंस ने जमकर शोर मचाया. वहीं जब प्रियंका स्टेज से जाने लगीं तब भी उन्होंने पति को लिप किस किया.

**पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे महेश-प्रियंका**

'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी ऐतिहासिक फिल्में बनाने वाले एसएस राजामौली अब SSMB 29 नाम की फिल्म बना रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 1 हजार करोड़ रूपये है जो भारत की सबसे महंगी फिल्म होगी.

## 180 करोड़ डुबाए, अब Ranbir Kapoor के साथ दिखेंगी ये एक्ट्रेस? 'रामायण'-'लव एंड वॉर' के बाद तगड़ी प्लानिंग!


इस एक्ट्रेस की फिल्म में रणबीर?

रणबीर कपूर की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होगी. उनकी वापसी साल 2026 में होगी, वो भी 'लव एंड वॉर' के साथ. यूं तो अगले ही साल दिवाली पर उनकी 'रामायण का पार्ट 1' भी आ रहा है. दूसरी फिल्में छोड़िए, यहां एक और बड़ी पिक्चर को लेकर धांसू अपडेट आ गया है. रणबीर कपूर की झोली में एक बड़ी पिक्चर आ सकती है, जिसमें उनके अपोजिट एक साउथ एक्ट्रेस दिखाई देंगी. क्या 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' के बाद वो रोमांटिक कॉमेडी पिक्चर में दिखेंगे ?

**रणबीर कपूर की अगली फिल्म ?**

हाल ही में तेलुगु 360 पर एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि कीर्ति सुरेश एक बार फिर हिंदी फिल्म पर काम कर रही हैं. वो एक रोमांटिक कॉमेडी की तैयारी कर रही हैं. ऐसी उम्मीद है कि उनके अपोजिट रणबीर कपूर दिखाई देंगे. हाल ही में कीर्ति सुरेश ने एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साइन की है. वहीं मेकर्स लीड रोल के लिए रणबीर को लेना चाहते हैं. इसके अलावा कीर्ति एक और प्रोजक्ट पर काम कर रही हैं, वो है.चद्मद्भ. वो इसमें सभी फीमेल गैंग्स को लीड करेंगी.

**क्या रणबीर-कीर्ति की बनेगी जोड़ी ?**

दरअसल मेकर्स चाहते तो हैं कि रणबीर कपूर और कीर्ति सुरेश को रोमांटिक कॉमेडी फिल्म के लिए साथ लाए. पर सबकुछ उनके प्रोजेक्ट्स पर निर्भर करता है. दरअसल पहले से ही वो बिजी हैं, ऐसे में एक और फिल्म के लिए हामी भरेंगे या नहीं, यह बड़ा सवाल है.

**रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्में ?**

रणबीर कपूर इस वक्त लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं. इसके बाद रामायण पार्ट 2 पर काम करना है. वहीं, सभी फिल्मों को कंप्लीट करने के बाद वो एनिमल पार्क का शूट करेंगे. हालांकि, इस वक्त डायरेक्टर और एक्टर दोनों ही बिजी हैं. इन तीनों ही फिल्मों में अभी उन्हें लंबा वक्त लगने वाला है. ऐसी भी चर्चा है कि 'धूम 4' में रणबीर कपूर ही होंगे.

**कीर्ति सुरेश की पिछली फिल्म ?**

कीर्ति सुरेश कुछ वक्त पहले वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' में दिखाई दी थीं. फिल्म का बजट 160-180 करोड़ रुपये बताया गया है.

## 5000 करोड़ की शादी में कैसे फाइनल हुआ साथ फिल्म करेंगे शाहरुख, सलमान और आमिर खान? किसका था ये आइडिया?


एक ही फिल्म में होंगे तीनों KHANS

शाहरुख, सलमान और आमिर खान... बॉलीवुड के तीनों खान्स को एक ही फिल्म में देखने का लोग लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं. दो-दो की जोड़ी में तो कई बार वो दिखे हैं, लेकिन तीनों साथ किसी फिल्म में नहीं दिखे. कभी सोचा है अगर तीनों एक ही फिल्म में आ गए, तो क्या होगा? जी हां, बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठेगा. पर ऐसा होने में अभी वक्त लगेगा, क्योंकि तीनों ही सही स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं. पर क्या आप जानते हैं कि तीनों को एक ही फिल्म में काम करने का आइडिया कब और कैसे आया?

**तीनों खान्स एक साथ, आमिर ने क्या बताया ?**

आमिर खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. इसमें उन्होंने सलमान और शाहरुख खान के साथ एक ही फिल्म में काम करने को लेकर काफी कुछ बताया है. वो कहते हैं- हम अनंत अंबानी की शादी में जामनगर में थे, तो मुकेश ने मुझे फोन किया कि वो दोनों लोग कुछ कर रहे हैं, तू भी करेगा तो अच्छा रहेगा. लास्ट मिनट पर उन्होंने रिक्वेस्ट करते हुए कहा तीनों को साथ स्टेज पर देखकर सब खुश होंगे. ऐसे में आमिर खान ने परफॉर्मेंस करने की लिए हामी भर दी.

**तीनों खान्स ने कैसे की थी तैयारी ?**

आमिर खान ने बताया कि, जो अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन में तीनों ने साथ मिलकर किया था, उसकी तैयारी आधे घंटे पहले ही की गई थी. एक स्किट बनाया गया था. वो कहते हैं- मैं शाहरुख और सलमान बैठे और हम ने शुरू किया. लेकिन जिस कंफर्ट के साथ हम एक दूसरे को हां और न बोल रहे थे, जैसे ये बहुत बुरा आइडिया है, ऐसा नहीं कर सकते और वैसा नहीं कर सकते. उसी कंफर्ट से मुझे लगा कि हम तीनों कम्फर्टेबल हैं.

**आमिर ने दोनों को कब फिल्म के लिए कहा ?**

आमिर खान ने बताया कि रिहर्सल खत्म होने के बाद उन्होंने शाहरुख और सलमान को कहा कि अब हम साथ फिल्म कर सकते हैं. दरअसल आमिर खान दोनों खान्स के साथ फिल्म करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं. साथ ही खुलकर इस प्रोजेक्ट पर बात करते हैं, लेकिन फिलहाल इसे बनने में अभी लंबा वक्त लगेगा. दरअसल जब तीनों की अनंत अंबानी की शादी के फंक्शन से तस्वीरें सामने आईं, तो फैन्स खुश हो गए थे. तीनों के साथ राम चरण भी स्टेज पर दिखे थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी पर 5000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं.